ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 19 जून 2024
वर्ष 4, अंक 122, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



हम तैयार, कुछ खास करने की उत्सुकता 13
जूनियर एनटीआर-जाह्नवी थाईलैंड में शूटिंग करेंगे 14

# शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी सेंसेक्स और निफ्टी का नया रिकॉर्ड

मुंबई, एजेंसी



- सेंसेक्स ने 77,366.77 अंक के नए उच्चतम स्तर को छुआ

वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के बीच घरेलू स्तर पर बैंक और आईटी सेक्टर के शेयरों में लिवाली से मंगलवार को दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी अपने अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए।

कारोबारियों ने कहा कि विदेशी निवेशकों की तरफ से भारतीय बाजार में नए सिरे से निवेश प्रवाह बढ़ने से भी निवेशकों की धारणा को बल मिला। यह बाजार में तेजी का लगातार चौथा सत्र रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 308.37 अंक यानी 0.40 प्रतिशत चढ़कर 77,301.14 अंक के नए शिखर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स ने 374 अंक उछलकर 77,366.77 अंक के नए उच्चतम स्तर को छू लिया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 92.30 अंक यानी 0.39 प्रतिशत बढ़कर 23,557.90 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 113.45 अंक चढ़कर 23,579.05 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था।

### चुनावी नतीजों के बाद बढ़त बना रहा बाजार

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा भारतीय बाजारों ने एक बार फिर नया रिकॉर्ड बनाया। चुनावी नतीजों के बाद हासिल बढ़त को बाजार धीरे-धीरे बढ़ा रहा है। आगामी बजट को लेकर भी बाजार सकारात्मक प्रतिक्रिया दर्शा रहा है। उम्मीद है कि बजट में वृद्धि और लुभावने कदमों के बीच संतुलन रहेगा।

# एकेटीयू के बैंक खाते से उड़ाए 120 करोड़, सात गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

## बैंक अधिकारी बन एकेटीयू के अधिकारियों को 7.72 प्रतिशत ब्याज का दिया ऑफर

- एकेटीयू के अकाउंट अफिसर बन बैंक को एफडी का दिया लालच
- फर्जी मेल आईडी बनाकर दोनों जगह भेजा ऑफर लेटर

**अमृत विचार :** जालसाजों ने अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू) के बैंक खाते में सेंध लगाते हुए 120 करोड़ रुपये उड़ा लिए। साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने इसका खुलासा करते हुए यूपी और गुजरात के सात जालसाजों को गिरफ्तार किया और विवि के खाते में 99 करोड़ रुपये वापस कराए। गिरोह के मास्टरमाइंड समेत पांच अन्य की तलाश की जा रही है। गिरोह का तार अहमदाबाद और सूरत से जुड़े हैं।

डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह के मुताबिक, एक जालसाज फर्जी बैंक अधिकारी बनकर एकेटीयू के अधिकारियों को 7.72 प्रतिशत ब्याज दिलाने का झांसा दिया। फिर बैंक में एकेटीयू का अफसर बनकर पहुंचा और एक साथ 300 करोड़ रुपये की एफडी कराने की बात कही। दोनों तरफ से रजामंदी होने के बाद यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की बापू भवन शाखा में एकेटीयू का खाता खोलकर 120 करोड़ जमा करा दिए। रकम खाते में आने के बाद से 100 करोड़ रुपये गुजरात के अहमदाबाद के एक ट्रस्ट में ट्रांसफर कर दिए। इस रकम में 1.20 करोड़ जालसाजों ने निकाल भी लिये।

**ये हुए गिरफ्तार :** उन्नाव हसनगंज के पानापुर खुर्द मलकादीन का राजेश बाबू, मानसरोवर योजना कानपुर रोड निवासी गिरीश चंद्र, अमेठी के मुसाफिसरखाना सहित अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

### असली कागज पर खेला फर्जीवाड़े का खेल

जालसाजों ने बैंक और एकेटीयू के असली कागजों का सहारा था। एकेटीयू से 120 करोड़ की एफडी कराने के लिए असली पत्र हासिल किया। वहीं, एकेटीयू में बैंक अधिकारी बनकर अधिक ब्याज देने का असली पत्र हासिल किया। इतना ही नहीं, खाते के संचालन के लिए एक व्यक्ति को नामित भी कराया।

### बनाए दो फर्जी ई-मेल

फर्जीवाड़े के लिए जालसाजों ने दो ई-मेल बनाए। एकेटीयू को मेल करने के लिए बैंक का फर्जी मेल आईडी ubin0803448@unionbanks.co.in बनाया और एकेटीयू के मेल आईडी fo@aktu.ac.in पर ऑफर लेटर भेजा। वहीं, एकेटीयू की फर्जी मेल आईडी fo@aktufinance.in बनाकर बैंक की आईडी ubin0803448@unionbankofindia.bank पर मेल किया।




# 60 साल में पहली बार हैट्रिक

## वाराणसी में किसान सम्मेलन में बोले मोदी- मां गंगा ने मुझे गोद लिया

### किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त की जारी

- प्रधानमंत्री मोदी ने हर-हर महादेव से की भाषण की शुरुआत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ एजेंसी

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनावों के बाद मंगलवार को पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे। इस दौरान आयोजित किसान सम्मान सम्मेलन में नरेन्द्र मोदी ने बटन दबाकर सम्मान निधि की 17वीं किस्त को सीधे देश भर के किसानों के खाते में भेज दी। देश भर से आईं कृषि दीदियों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किया।

अपने संबोधन में मोदी ने वाराणसी की जनता का यह कहते हुए आभार जताया कि अब तो मां गंगा ने भी जैसे मुझे गोद लिया है, मैं यहीं का हो गया हूं और आपका ऋणी हूं। उन्होंने कहा कि इस चुनाव ने एक नया इतिहास रचा है। दुनिया के लोकतांत्रिक देशों में ऐसा बहुत कम ही देखा गया है कि कोई चुनी हुई सरकार लगातार तीसरी बार वापसी करे। ऐसा भारत में 60 साल पहले हुआ था और अब आपने ये सौभाग्य अपने सेवक मोदी को दिया। इससे पहले मोदी ने हर-हर महादेव से अपने संबोधन की शुरुआत की। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस चुनाव में देश के 64 करोड़ से ज्यादा लोगों ने मतदान किया है। पूरी दुनिया में इससे बड़ा चुनाव कहीं और नहीं होता है। वाराणसी के राजातालाब के पास मेहंदीगंज मड़ई में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान,भगीरथ चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, विधान परिषद के सदस्य और भाजपा के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, अन्य मंत्री और जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।



बनारस में किसान सम्मान सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रतीक चिह्न देते मुख्यमंत्री।

### दुनिया भर में स्वदेशी फूड प्रोडक्ट पहुंचाने का है सपना

प्रधानमंत्री के मुताबिक, 21वीं सदी के भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनाने में पूरी कृषि व्यवस्था की बडी भूमिका है। हमें ग्लोबल मार्केट को ध्यान में रखना होगा। दलहन और तिलहन में हमें आत्मनिर्भर बनना है और कृषि निर्यात में अग्रणी बनना है। बनारस का लंगड़ा आम, जौनपुर की मूली, गाजीपुर की भिंडी, ऐसे अनेक उत्पाद आज विदेशी मार्केट में पहुंच रहे हैं। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट और जिला स्तर पर एक्सपोर्ट हब बनने से एक्सपोर्ट बढ़ रहा है। अब हमें पैकेज्ड फूड के ग्लोबल मार्केट में देश को नई ऊंचाई पर ले जाना है।

### मैं दिन रात मेहनत करूंगा

प्रधानमंत्री ने कहा, जब सही नीयत होती है, सेवा की भावना होती है। मैं दिन रात ऐसे ही मेहनत करूंगा। आपके सपनों, संकल्पों को पूरा करने के लिए मैं हर प्रयास करूंगा। इसी क्रम में उन्होंने बताया कि अभी तक देश के करोड़ों किसान परिवारों के बैंक खाते में सवा तीन लाख करोड़ रुपए जमा हो चुके हैं। यहां वाराणसी जिले के किसानों के खाते में 700 करोड़ रुपए जमा हुए हैं।

### नई दिशा देंगी कृषि सखियां

नमो ड्रोन दीदी, आशा कार्यकर्ता और बैंक सखियों की सफलता का उदाहरण देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, अब हम कृषि सखी के रूप में खेती को नई ताकत मिलते हुए देखेंगे। आज 30 हजार से अधिक सहायता समूहों को कृषि सखी के रूप में प्रमाणपत्र दिए गए हैं। अभी 12 राज्यों में ये योजना शुरू हुई है और आने वाले समय में पूरे देश में हजारों महिला समूहों को इससे जोड़ा जाएगा।

# अगर धोखाधड़ी करने वाला डॉक्टर बन जाए तो समाज के लिए हानिकारक : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने नीट यूजी 2024 को रद्द कर इसे दोबारा कराने की मांग वाली याचिका पर मंगलवार को सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि वह छात्रों की तकलीफ समझती है। इसलिए केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से कहा कि भले ही किसी की ओर से 0.001 फीसदी भी लापरवाही हुई हो, उसे स्वीकार करें और विद्यार्थियों में आत्मविश्वास जगाने के लिए उचित समय पर उचित कार्रवाई कर इस मामले को पूरी तरह निपटाया जाए। कोर्ट ने मामले में केंद्र और एनटीए को नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने को कहा।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने ये टिप्पणियां करते हुए केंद्र और एनटीए के अधिवक्ता से कहा ऐसी स्थिति की कल्पना करें, अगर धोखाधड़ी करने वाला कोई व्यक्ति डॉक्टर बन जाए तो वह समाज के लिए और अधिक हानिकारक होगा। हम जानते हैं कि ऐसी परीक्षाओं की तैयारी में कितनी मेहनत लगती है। हम समय पर कार्रवाई चाहते हैं। शीर्ष अदालत ने 5 मई 2024 को परीक्षा आयोजित कर 4 जून 2024 को परिणाम घोषित करने वाली एनटीए को नसीहत देते हुए कहा एक एजेंसी के रूप में आपको निष्पक्षता से काम करना चाहिए। यदि कोई गलती हुई है तो हां कहें, यह एक गलती है और हम यह कार्रवाई करने जा रहे हैं। कम से कम यह आपके काम में विश्वास जगाता है।



- नीट यूजी 2024 मामले में याचिका पर सुनवाई, कोर्ट ने कहा- 0.001 फीसदी भी लापरवाही हुई हो तो कार्रवाई करे सरकार

### 24 लाख ने दी थी परीक्षा

नीट में करीब 24 लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे। सफल घोषित कई विद्यार्थियों के अंकों में बढ़ोतरी के आरोप लगाते हुए कई याचिकाओं में कहा गया था कि अनियमितता की वजह से रिकॉर्ड 67 उम्मीदवारों ने शीर्ष रैंक हासिल की है। इनमें एक ही परीक्षा केंद्र के छह उम्मीदवार शामिल हैं।

## एक नजर

### गुवाहाटी हाईकोर्ट को दो और स्थायी जज मिले

**गुवाहाटी।** न्यायमूर्ति सुष्मिता फूकन खौंड और न्यायमूर्ति मिताली ठाकुरिया ने मंगलवार को गुवाहाटी उच्च न्यायालय के स्थायी न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। मुख्य न्यायाधीश विजय बिश्नोई ने दोनों न्यायाधीशों को शपथ दिलाई। ये दोनों पहले अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में कार्यरत थे, तथा पिछले सप्ताह ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इन्हें स्थायी न्यायाधीश नियुक्त किया था। उच्च न्यायालय में अब 24 स्थायी न्यायाधीश हैं।

### अयोध्या एयरपोर्ट को मिला साढ़े चार साल का लाइसेंस

**अयोध्या।** डीजीसीए ने अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को साढ़े चार साल का लाइसेंस दिया है। डायरेक्टर विनोद गर्ग ने बताया कि अभी तक एयरपोर्ट के पास छह महीने का ही लाइसेंस था, जिसकी समयावधि 13 जून तक ही थी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने 30 दिसंबर को एयरपोर्ट का लोकार्पण किया था। अयोध्या-हैदराबाद बंद हुई स्पाइस जेट फ्लाइट की जगह अब अकासा ने उड़ान शुरू कर दी है।

### डोडा में आतंकी हमले के संबंध में तीन हिरासत में

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में हुए हमलों में शामिल आतंकियों की गतिविधियों के सिलसिले में सुरक्षाबलों ने एक युगल समेत तीन लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। अधिकारियों का मानना है कि ऊंचाई वाले इलाकों में तीन से चार आतंकियों का समूह मौजूद है। भद्रवाह-पठानकोट मार्ग पर चत्तरगला के ऊपरी इलाकों में संयुक्त जांच चौकी पर 11 जून की रात को आतंकियों के हमले में राष्ट्रीय राइफल्स के पांच जवान और एक विशेष पुलिस अधिकारी घायल हो गए थे।

### बिहार में नवनिर्मित पुल का हिस्सा ढहा

**अररिया (बिहार)।** बिहार के अररिया जिले के परारिया गांव में बकरा नदी पर नवनिर्मित पुल का एक हिस्सा मंगलवार को ढह गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। राज्य सरकार की ओर से निर्मित इस पुल को जनता के लिए अभी नहीं खोला गया था, क्योंकि पुल के संपर्क मार्ग का निर्माण नहीं हुआ है।

### एयरपोर्ट व निजी कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी

**जयपुर।** राजस्थान में जयपुर हवाईअड्डे को मंगलवार को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों ने परिसर की जांच की। पुलिस के अनुसार यह धमकी हवाई अड्डा प्रबंधन को ईमेल के जरिए दी गई। इसके बाद परिसर में तलाशी अभियान शुरू किया गया। पुलिस ने बताया कि हवाई अड्डे पर बम की धमकी मिलने के बाद छानबीन की गई है लेकिन कहीं कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। जयपुर के एसएसजी पारीक पीजी कॉलेज को मंगलवार को बम से उड़ाने की धमकी ईमेल से मिली।

# केंद्र की योजनाओं से कृषि को मिला बढ़ावा पलायन थमा : धामी



इफ्को ड्रोन दीदी योजना के तहत प्रमाण पत्र देते मुख्यमंत्री धामी ● अमृत विचार

संवाददाता, नैनीताल

- मुख्यमंत्री धामी ने वर्चुअली किसान सम्मेलन में हिस्सा लिया कृषकों को किया सम्मानित

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को नैनीताल क्लब सभागार में किसान सम्मेलन और 17वीं किस्त के हस्तांतरण के अवसर पर वीडियो कांफ्रेंस के जरिये हिस्सा लिया। इस किस्त में उत्तराखंड के 7,71,567 किसानों को 8,30,414 किस्तों में 166.08 करोड़ रुपये की धनराशि बैंक खातों में हस्तांतरित की जाएगी।

मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर पीएम नरेंद्र मोदी का पहला निर्णय किसान हित में लिया है। प्रधानमंत्री किसान योजना से किसानों की आय दोगुनी, बेहतर सिंचाई योजना, नई तकनीकी से छोटी जोत के किसान भी लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ावा देना प्राथमिकता है। प्रदेश में कृषि में महिलाओं का योगदान महत्वपूर्ण है। केंद्र सरकार की योजनाओं से कृषि के साथ रोजगार भी मिल रहा है जिससे अब पर्वतीय अंचलों के लोगों को रोजगार के लिए शहर में भटकना नहीं पड़ रहा है, पलायन भी कम हो रहा है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत माया नेगी पुत्री मोती सिंह नेगी निवासी गिनती गांव को ड्रोन प्रदान किया। इसका मूल्य 10 लाख एवं अनुदान 7.50 लाख डीबीटी से कृषक को दी गई है। पूनम दुर्गापाल निवासी हिम्मतपुर को इफ्को योजना में ड्रोन दीदी योजना के तहत और अर्जुन सिंह रावत पुत्र सुदर्शन सिंह रावत निवासी नंदपुर को ड्रोन दिए। इसकी कीमत 10-10 लाख एवं अनुदान मूल्य 10-10 लाख डीबीटी से किसान को दी गई है। मुख्यमंत्री धामी ने विभिन्न विभागों की ओर से कृषि उत्पाद संबंधी लगाए स्टॉल का भी निरीक्षण किया।

# 56 हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर खरीदेगा रक्षा मंत्रालय

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने सरकारी एयरोस्पेस कंपनी एचएएल से 156 हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर खरीदने की प्रक्रिया निविदा जारी कर दी है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि खरीद परियोजना के तहत मंत्रालय की ओर से रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) या प्रारंभिक निविदा जारी कर दी गई है। एचएएल ने बीएसई लिमिटेड को सूचित किया है कि मंत्रालय की ओर से 156 हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर की खरीद के लिए आरएफपी जारी की गई है। पिछले साल नवंबर में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने 156 प्रचंड नामक लड़ाकू हेलीकॉप्टर की खरीद के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।

# यूपी में लू का कहर, दरोगा समेत 50 की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर/ अयोध्या।

- कन्नौज और कानपुर में सैकड़ों चमगादड़ भी मरे
- अयोध्या में भीषण गर्मी से सिपाही समेत छह की मौत

**अमृत विचार :** लू की चपेट में आने से मंगलवार को कानपुर, बुंदेलखंड और अयोध्या में 50 और लोगों की मौत हो गई। इनमें बांदा के 12, महोबा के 6, कानपुर देहात के 4, हमीरपुर के 3, उरई, फतेहपुर, कन्नौज में 1-1 और कानपुर में 16, अयोध्या में 6 लोगों की मौत हो गई।

मरने वालों में एक दरोगा और एक हेड कांस्टेबल भी है। कानपुर में झांसी के समथर थाना निवासी और पुलिस लाइन में तैनात हेड कांस्टेबल बृज किशोर सिंह और झांसी के पुंछ थाने में तैनात कानपुर देहात के ग्राम सिंगरसीपुर निवासी दरोगा मानेंद्र सिंह की लू लगने से जान चली गई। गर्मी का ये प्रकोप रहा कि कन्नौज के गुरसहायगंज और कानपुर के नानाराव पार्क में सैकड़ों चमगादड़ों की मौत हो गई।

वहीं, रामनगरी में दो महिला समेत पांच लोगों का अलग-अलग स्थानों पर शव मिला है, जबकि पुलिस लाइन में तैनात सिपाही कुलदीप सिंह (40) की बैरक में मौत हो गई। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हार्टअटैक से मौत की बात कही जा रही है। इसके अलावा नयाघाट पुलिस चौकी सहित अलग-अलग जगहों पर दो महिला समेत पांच लोगों के शव मिले हैं।

### इन शहरों में दिन का अधिक रहा तापमान

| | | | |
|---|---|---|---|
| उरई | 46.4 | आगरा | 45.2 |
| कानपुर देहात | 46.3 | फतेहगढ़ | 45.1 |
| अलीगढ़ | 45.4 | बस्ती | 44.5 |
| लखनऊ | 45.3 | प्रयागराज | 42.5 |

### तीन दिन तक राहत के आसार नहीं

- 46.4 डिग्री के साथ प्रदेश में सबसे गर्म रहा उरई, कानपुर देहात दूसरे नंबर पर

**लखनऊ।** 30-35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही लू की चपेट में पूरा प्रदेश मंगलवार को भी झुलसता रहा। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो अगले तीन दिन तक राहत के आसार नहीं हैं। मंगलवार को प्रदेश में सबसे अधिक गर्म उरई रहा जहां अधिकतम तापमान 46 .4 डिग्री रिकार्ड किया गया। वहीं पिछले दो दिन से 47 डिग्री से अधिक तामपान से झुलस रहे प्रयागराज में बीते दिन के मुकाबले 5 डिग्री कम 42 .5 डिग्री अधिकतम तापमान रिकार्ड किया गया। अलबत्ता प्रदेश में सबसे गर्म रात प्रयागराज की ही रही। दूसरा सबसे गर्म जनपद कानपुर देहात रहा, जहां तापमान 46 .3 डिग्री सेल्सियस रहा। लखनऊ का अधिकतम तापमान 45 .3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक एम दानिश के तीन दिन बाद तापमान में कमी आने के आसार हैं।

**पहल** वैध खनन के लिए शासन ने माइनिंग डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एंड सर्विलांस सिस्टम को दी मंजूरी

# अवैध खनन पर डिजिटल सर्विलांस से लगेगी रोक

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में अब अत्याधुनिक तकनीकी और डिजिटल सर्विलांस से अवैध खनन पर अंकुश लगाया जाएगा। शासन ने माइनिंग डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एंड सर्विलांस सिस्टम तैयार किया है। इससे खनन गेटों पर निगरानी होगी।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने राज्य में अवैध खनन पर शिकंजा कसने और वैध खनन से राजस्व बढ़ाने के लिए माइनिंग डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एंड सर्विलांस सिस्टम के 93 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को वित्तीय मंजूरी दी है। इस सिस्टम से देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल व ऊधमसिंह नगर के 40 चेक पोस्ट पर निगरानी होगी। खनन गतिविधियों पर नजर रखने के लिए एएनपीआर कैमरा, बुलेट कैमरा, आरएफआईडी राडार, एलईडी फ्लड लाइट्स अत्याधुनिक तकनीकी का प्रयोग होगा। देहरादून में माइनिंग स्टेट कंट्रोल सेंटर बनाया जाएगा। साथ ही देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल तथा ऊधमसिंह नगर में मिनी कमांड सेंटर भी बनेगा। उन्होंने कहा कि डिजिटल सिस्टम से खनिजों के गैर कानूनी परिवहन, अवैध खनन, ओवरलोडिंग, ट्रांजिट पास के विपरीत डिलीवरी, अवैध खनन व अन्य कारणों से राजस्व हानि पर शिकंजा कसेगा। बैठक में सचिव बृजेश संत, अपर सचिव डॉ. अहमद इकबाल, खनन निदेशक राजपाल लेघा आदि मौजूद रहे।



मुख्य सचिव राधा रतूड़ी

### श्रमिकों के बच्चों के लिए बनाया जाएगा कोष

**देहरादून :** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने खनन श्रमिकों के कल्याण एवं विकास और श्रमिकों के बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए कार्ययोजना बनाने का अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने ईंट भट्ठा श्रमिकों के विकास एवं कल्याण के लिए भी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सख्त लहते में इन दोनों श्रेणियों के श्रमिकों को मेडिकल एवं बीमा सुविधाएं भी मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं।

- देहरादून, नैनीताल, हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर में 40 गेटों पर लगाया जाएगा यह सिस्टम

### नैनीताल में 10 और हरिद्वार में हैं 13 गेट

माइनिंग डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एंड सर्विलांस सिस्टम को देहरादून में 8 चेक पोस्ट, हरिद्वार में 13 चेक पोस्ट, नैनीताल में 10 चेक पोस्ट और ऊधमसिंह नगर में 9 चेक पोस्ट पर लगाया जाएगा। इससे अवैध खनन की निगरानी और रोकथाम में मदद मिलेगी।

# मॉर्निंग वॉक पर निकले मुख्यमंत्री ने दुकान पर बनाई चाय

## पंत पार्क क्षेत्र में सहयोगियों और स्टाफ को चाय पिलाकर बाजार का भ्रमण किया, स्थानीय व्यापारियों का हाल-चाल जाना, मरीजों से मिले

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार को भी नैनीताल के भ्रमण पर रहे। सुबह वह मॉर्निंग वॉक के लिए निकले। उन्होंने बड़ा बाजार, पंत पार्क क्षेत्र में स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों से मुलाकात कर हालचाल जाना।

इस दौरान सीएम धामी पंत पार्क क्षेत्र में चाय की दुकान पर पहुंचे, जहां उन्होंने खुद चाय बनाई और चाय पीने के साथ-साथ अपने सहयोगियों और स्टाफ को भी चाय पिलाई। मुख्यमंत्री ने जार में जाकर स्थानीय व्यापारियों का हाल-चाल जाना। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नैनीताल स्थित डीएसए खेल मैदान पहुंचे जहां उन्होंने खिलाड़ियों के साथ लंबा समय बिताया और फुटबॉल व बास्केटबॉल खेल। इस दौरान खिलाड़ियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से नैनीताल में रेसिंग ट्रैक, हॉकी, एस्ट्रोट्रफ समेत विभिन्न सुविधा नैनीताल को दिलाने की मांग की। मुख्यमंत्री ने नैनीताल में चल रही अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के खिलाड़ियों के साथ मुलाकात कर उत्तराखंड में हॉकी के स्तर को बढ़ाये जाने को लेकर कार्य करने का आश्वासन दिया।

खेल मैदान के बाद मुख्यमंत्री जिला अस्पताल बीडी पांडे पहुंचे, जहां उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों का हाल-चाल जाना। मुख्यमंत्री को अचानक अपने बीच देखकर अस्पताल में भर्ती मरीज और उनके तीमारदार दंग रह गए। वहीं मुख्यमंत्री के अस्पताल आने की सूचना के बाद अस्पताल प्रबंधन में हड़कंप मच गया। इसके बाद मौके पर पहुंचे स्वास्थ्य अधिकारियों को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अस्पताल में आने वाले मरीजों को और अधिक बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय दिवस उत्तराखंड समेत पूरे देश में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुरू की गई छोटी सी पहल आज विश्व के हर घर-घर में फैल गई है। इस दौरान नेपाल से आए योगाचार्य के दल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। नेपाली भाषा में संवाद होने पर विदेशी मेहमान काफी खुश नजर आए।


पंत पार्क क्षेत्र में दुकान में चाय बनाते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार


खेल मैदान में स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### परिवार के साथ भीमताल पहुंचे सीएम धामी

**भीमताल :** नैनीताल में सरकारी कार्यक्रम संपन्न होने के बाद मुख्यमंत्री धामी मंगलवार शाम भीमताल के खुटानी स्तिथ एक होम स्टे में पहुंचे। सूत्रों के मुताबिक सीएम रात्रि में भीमताल में विश्राम करेंगे। वहीं बताया जा रहा है कि बुधवार की सुबह संभवत: देहरादून वापसी होगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मीडिया से दूरी बनाए रखी। मालूम हो कि कुछ माह पूर्व भी मुख्यमंत्री ने खुटानी में ही रात्रि विश्राम किया था।

### अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनेगा पंतनगर हवाई अड्डा

**नैनीताल :** मुख्यमंत्री धामी ने राज्य अतिथि गृह सभागार में पत्रकार वार्ता करते हुए बताया कि केंद्र और राज्य सरकार उत्तराखंड के विकास कार्यों को लेकर तत्पर है। पांच वर्षों में उत्तराखंड में तेज से विकास कार्य हुए हैं। एनएच के सुधारीकरण और विकास को लेकर सरकार ने एनएचएआई को 164 करोड़ का बजट दिया है। जिससे प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। इसके अलावा सरकर ने नागरिक उड्डयन विभाग को 800 एकड़ भूमि दी है। जिससे पंतनगर हवाई अड्डे का विस्तारीकरण किया जाएगा। पंतनगर हवाई अड्डे को अंतर्राष्ट्रीय सुविधाओं से लैस किया जायेगा, जिससे उत्तराखंड आने वाले पर्यटकों और यात्रियों को लाभ मिलेगा। धामी ने कहा कि जल्द ही उत्तराखंड परिवहन निगम को नई बसें मिलने जा रही हैं। पुरानी बसों को हटाने का काम किया जा रहा है, जिससे बस में सफर करने वाले यात्रियों को लाभ मिलेगा।

### मुख्यमंत्री को सौंपा मांगों के संबंध में ज्ञापन



**भीमताल :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नैनीताल आगमन पर छोटा आदि कैलाश विकास समिति के अध्यक्ष उमेश पलड़िया ने क्षेत्र की ग्राम सभाओं में एक एक लाख लीटर के वर्षा जल संग्रहण टैंक के निर्माण की मांग के संबंध में ज्ञापन सौंपा। इसके साथ साथ छोटा कैलास मंदिर को मानस खंड मंदिर माला में सम्मलित करने की मांग की। इस दौरान उन्होंने अवगत कराया कि भूमि को रिचार्ज करने की योजना के साथ साथ वर्षा जल संग्रहण टैंक का निर्माण यदि हो तो पानी की किल्लत के समय बिना स्रोत वाले गांव या फिर सूख चुके स्रोतों वाले गांवों में निवास करने वाले ग्रामीणों को काफी राहत मिलेगी। वहीं छोटा कैलाश को मानस खंड मंदिर माला में सम्मलित करने से क्षेत्र का विकास के साथ साथ स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

### मुख्यमंत्री से की स्वास्थ्य सुविधाएं और रिक्त पद भरने की मांग

**नैनीताल :** सोमवार को दो दिवसीय नैनीताल भ्रमण पर पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को नैनीताल विधायक सरिता आर्या ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेतालघाट में स्वास्थ्य सुविधाओं व रिक्त पदों को भरने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा, जिस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जल्द से जल्द रिक्त पदों को भरने तथा अन्य सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता संजय शुक्ला, अधिशासी अभियंता अनिल वर्मा ने बताया कि बलिया नाले और ठंडी सड़क पर हो रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया, जिसमें पाया गया कि कार्यों को सही तरीके से किया जा रहा है। इस दौरान अधिशासी अभियंता अनिल वर्मा, सहायक अभियंता पीके पाठक और सहायक अभियंता डीडी सती मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


भीमताल में कलश यात्रा में शामिल लोग। ● अमृत विचार

### गोलू देवता मंदिर में श्रीमद भागवत कथा शुरू

**भीमताल :** भीमताल के विनायक स्थित गोलू देवता मंदिर में विधि विधान के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। सवेरे के समय महिलाओं ने विनायक से लेकर नौकुचियाताल के हरकी पैड़ी तक कलश यात्रा निकाली। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। ब्यास कपिल देव के साथ साथ पवन नाथ, अनिल चनौतीया, राधा कुल्याल, लता पलड़िया, देवेंद्र सिंह चनौतिया, लवेन्द्र सिंह रौतेला, प्रेम सिंह कुल्याल, कमल जोशी, नितेश बिष्ट, नीरज रैकुनी, मुख्य यजमान ललित मोहन पांडे, पुजारी हरीश चंद्र पांडे आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

### रक्तदान शिविर का आयोजन 21 जून को

**भीमताल :** पूर्व ग्राम प्रधान और सामाजिक कार्यकर्ता स्व. पूरन सिंह चुनौतियां की द्वतीय पुण्यतिथि के अवसर पर नल दमयंती ताल क्षेत्र में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र सिंह चनौतिया ने शिविर के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि शिविर सवेरे 9 :00 बजे से प्रारंभ होगा। उन्होंने क्षेत्र के युवाओं और निवासियों से अधिक से अधिक संख्या में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में सहयोग देने का निवेदन किया।

### हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप आज नैनीताल में

**रुद्रपुर :** हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला अपने दो दिवसीय भ्रमण पर नैनीताल पहुंच रहे हैं। जिला सूचना विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राज्यपाल बुधवार को सुबह 8 :20 बजे आईजीआई एयरपोर्ट दिल्ली से विमान द्वारा प्रस्थान कर 9 :20 बजे पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से 9 :40 बजे कार से राजभवन नैनीताल के लिए प्रस्थान करेंगे। राज्यपाल गुरुवार को 11 :20 बजे राजभवन नैनीताल से कार द्वारा प्रस्थान कर 1 :20 बजे पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां 2 :20 बजे पंतनगर एयरपोर्ट से विमान द्वारा आईजीआई एयरपोर्ट दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

### पेयजल की समस्या से निजात दिलाने की मांग



**भीमताल :** भीमताल नगर को पेयजल समस्या से निजात दिलाने की मांग एक बार फिर से जोर पकड़ने लगी है। क्षेत्र के कारोबारी व सामाजिक कार्यकर्ता विपिन चंद्रा ने शासन और पेयजल विभाग के अधिकारियों से पेयजल समस्या से निजात दिलाने के लिए एक कारगर योजना बनाने और उसको स्वीकृत कराने को कहा है। इस दौरान बताया कि जायका के तहत जो महत्वपूर्ण योजना भीमताल और भवाली के लिए बनी हुई है। उसको शीघ्र यदि स्वीकृत कराया जाता है तो भवाली और भीमताल में पेयजल समस्या का निदान होगा। उन्होंने विभाग से इस महत्वपूर्ण योजना को धरातल में उतारने के लिए प्रयास करने को कहा है।


नैनीताल में निरीक्षण करते अधिकारी। ● अमृत विचार

### बलिया नाला और ठंडी सड़क क्षेत्र का किया निरीक्षण

**नैनीताल :** शहर में भूस्खलन रोकने के लिए सिंचाई विभाग की ओर से बलिया नाला और भी ठंडी सड़क क्षेत्र में सुरक्षात्मक कार्य किया जा रहा है। बलिया नाले में लगभग 173 करोड़ रुपये तो वहीं ठंडी सड़क पर 13 करोड़ रुपये से सुरक्षात्मक कार्य किए जा रहे हैं। जिसको लेकर सोमवार को सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता ने स्थलीय निरीक्षण किया गया।


कालजई फिल्मों का आनंद लेते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

### कालजई फिल्में देखकर खिल उठे बच्चों के चेहरे

**भीमताल :** रचनात्मक शिक्षक मंडल उत्तराखंड की पहल पर धारी ब्लाक में स्कूली बच्चों के लिए चल रहे दो दिवसीय बाल फिल्म मेले के तहत मंगलवार को जीआईसी सुंदरखाल और चौरलेख के बच्चों ने कालजई फिल्मों का आनंद लिया। कार्यक्रम की शुरुआत कुमाउनी के वरिष्ठ कवि हीरा सिंह राणा के प्रसिद्ध गीत लसका कमर बांधा, हिम्मत का साथा, फिर भोला उज्याली होली, कां ले रौली राता, को सामूहिक रूप से गा कर हुई। बच्चों ने सबसे पहले श्याम बेनेगल निर्देशित फिल्म चरणदास चोर देखी। दूसरी फिल्म चंदा के जूते का आनंद लिया। इस मौके पर प्रधानाचार्य सुमति नारायण, चौरलेख प्रधानाचार्य हेम चंद जोशी, डा राजेश पाडेय, नवेंदु मठपाल, जिला उपाध्यक्ष संगीता जोशी, भूपेंद्र चौधरी, प्रदीप जोशी, राखी रावत, प्रदीप सनवाल, दीपा रैक्वाल, हरिश्चन्द्र जोशी, पंकज वर्मा, सीमा दीप्ति राना आदि मौजूद रहे।

# हाईकोर्ट ने कहा, कृषि विभाग में उपनल से लगे सहायक लेखाकारों की बहाली हो

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने बीते बुधवार को कृषि विभाग में उपनल के माध्यम से कार्यरत सहायक लेखाकारों को हटाने के आदेश को रद्द करने के मामले में सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने हटाए गए कर्मचारियों को बहाली करने के निर्देश देकर कहा है कि जब तक सरकार की सर्वोच्च न्यायलय में लंबित विशेष अपील, राज्य सरकार बनाम किशन सिंह में कोई अंतिम निर्णय नहीं आ जाता तब तक उनकी सेवा बहाल की जाए। मामले की अगली सुनवाई 28 अगस्त की तिथि नियत की गई है।

मामले के अनुसार उपनल के माध्यम से सहायक लेखाकार के पद पर कार्यरत अजय कनवाल व 19 अन्य ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर कहा था कि सरकार ने अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से सहायक लेखाकार के पदों के लिए विज्ञप्ति जारी की, लेकिन इन भर्तियों में उन्हें कोई प्राथमिकता नहीं दी गई। जबकि उन्हें प्राथमिकता दी जानी चाहिए थी, लेकिन एकलपीठ ने उन्हें कोई फौरी राहत नहीं दी। इसी बीच अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने विज्ञप्ति को निरस्त कर दिया था और लोक सेवा आयोग के माध्यम से इन पदों के लिये विज्ञप्ति जारी हुई। साथ ही 27 फरवरी 2024 को उनकी सेवा समाप्त कर दी गई। एकलपीठ के आदेश को अजय कनवाल व अन्य ने विशेष अपील दायर कर खंडपीठ में चुनौती दी। विशेष अपील में कहा गया कि कुंदन सिंह बनाम राज्य सरकार में हाईकोर्ट की ओर से उपनल के माध्यम से कार्य कर रहे कार्मिकों के नियमितीकरण का आदेश दिया है और जिस पर राज्य सरकार की अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने स्थगनादेश दिया है। याचिका में कहा कि मामला सुप्रीम कोर्ट से स्टे होने के बाद भी उनकी सेवा क्यों समाप्त की गई, जिसके बाद खंडपीठ ने सरकार को इन कार्मिकों के बहाली के आदेश किए हैं।



### अतिक्रमण की शिकायत एप पर दर्ज करें याचिकाकर्ता

**नैनीताल :** हाईकोर्ट में हल्द्वानी के रामलीला मैदान के मंदिर परिसर में अतिक्रमण के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से याचिकाकर्ता को इसकी शिकायत नैनीताल डीएम की बनाई गई एप 'अतिक्रमण शिकायत एप नैनीताल यूके' में दर्ज करने को कहा गया। इसके लिये याचिकाकर्ता ने कोर्ट से समय मांगा है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 30 जुलाई को होगी। याचिका की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ में हुई। यह जनहित याचिका रामलीला मोहल्ला निवासी पूर्व सभासद हितेश पांडे ने दायर की है। इस याचिका में धार्मिक संस्था रामलीला मैदान मंगल पड़ाव की भूमि को मंदिर के व्यवस्थापक विवेक शर्मा पर ही खुर्द बुर्द करने व सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण कर उसका निजी उपयोग करने के आरोप लगाए गए हैं।

# समस्याओं के हल को प्रधानमंत्री को भेजा पत्र

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** बेरोजगार संघ के अध्यक्ष पूरन वृजवासी ने भीमताल विधान सभा क्षेत्र की महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान की मांग के संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर मांगों को पूर्ण करने का निवेदन किया।

पहाड़ का पलायन रोकने एवं युवाओं को रोजगार देने के लिए भीमताल औद्योगिक घाटी में कंपनियां खोलने, उसमें स्थानीय लोगों को रोजगार देने, धारी, ओखलकांडा, रामगढ़, भीमताल के किसानों को समुचित लाभ दिलाने के लिए विधानसभा अंतर्गत मंडी खोलने, भीमताल विधानसभा की जनता एवं यहां पर्यटकों की सुविधा के लिए आधुनिक चिकित्सा युक्त 200 बेड वाले हॉस्पिटल का निर्माण, झीलों एवं पर्यटन क्षेत्रों के विकास, सौंदर्यीकरण के लिए केंद्र से स्पेशल बजट पास करने आदि मांगें रखी हैं।

## लाइफ जैकेट का टेंडर अपलोड किया

**नैनीताल, अमृत विचार :** तीन साल बाद अब नाव चालकों को मिलने जा रही है लाइफ जैकेट, जिसके लिए पालिका ने टेंडर अपलोड कर दिए हैं। जल्द ही नाव चालकों को लाइफ जैकेट उपलब्ध करा दीं जाएंगी। नगर पालिका की ओर से संचालित नैनीझील में कुल 222 चप्पू नाव और 90 पैडल बोट चलाई जाती हैं।

लाइफ जैकेट के लिए नाव चालकों की ओर से पालिका में हर साल 6800 रुपये जमा किये जाते हैं। बता दें कि नाव चालकों की ओर से लंबे समय से लाइफ जैकेट की मांग की जा रही थी। उनका कहना था कि लाइफ जैकेट काफी खराब हो गयी हैं, जिसके चलते लोग अक्सर जैकेट पहनने से मना कर देते थे। ऐसे में मजबूरी में बिना जैकेट के नौकायन कराना पड़ता था।

# मेट्रोपोल में कूड़े के ढेर से बढ़ा बीमारी का खतरा

संवाददाता, नैनीताल

**परेशानी**
- नगर पालिका के तीन कूड़ा वाहनों के टायर खराब
- एक ही वाहन से कूड़ा ट्रंचिंग ग्राउंड भेजा जा रहा

**अमृत विचार :** नगर की मेट्रोपोल पार्किंग स्थल में कूड़े का ढेर लगने से लोग बहुत परेशान हैं। क्षेत्र में जमा कूड़ा दुर्गंध के साथ बीमारियों को दावत दे रहा है। नगर पालिका के तीन कूड़ा वाहनों के टायर खराब होने के चलते एक ही वाहन से शहर का कूड़ा ट्रंचिंग ग्राउंड भेजा जा रहा है। इससे यहां कूड़े का ढेर बढ़ता जा रहा है।

सोमवार को सीएम का काफिला वहां से गुजरने के दौरान कई लोग बोले कि काश सीएम साहब इस ओर भी देख पाते। बता दें कि नैनीताल शहर में घर-घर जाकर डोर टू डोर वाहनों से कूड़ा कलेक्ट कर मेट्रोपोल पार्किंग स्थल के किनारे जमा किया जाता है। जहां से बड़े ट्रकों से कूड़ा हल्द्वानी ट्रंचिंग ग्राउंड भेजा जाता है। कई दिनों से शहर का कूड़ा मेट्रोपोल तो पहुंच रहा है, लेकिन मेट्रोपोल से पूरा कूड़ा ट्रंचिंग ग्राउंड हल्द्वानी नहीं भेजा जा रहा है। अब मेट्रोपोल कार पार्किंग के समीप कूड़े का पहाड़ बन चुका है।

## भाजपा नेता की बेटी का निधन



**हल्दूचौड़ :** भाजपा नेता रोहित दुम्का की 15 वर्षीय बेटी माही का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार को सुशीला तिवारी चिकित्सालय हल्द्वानी में निधन हो गया। रोहित दुम्का की सुपुत्री निमोनिया सहित फेफड़ों के संक्रमण से ग्रसित थीं जो बीते चार दिनों से वेंटिलेटर पर थीं। पूर्व में उनका इलाज दिल्ली और देहरादून में भी हो चुका था। दोबारा तबीयत खराब होने पर सुशील तिवारी चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां दम तोड़ दिया। निधन पर क्षेत्रीय विधायक मोहन सिंह बिष्ट, सांसद अजय भट्ट, पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल, पूर्व विधायक नवीन दुमका आदि ने शोक जताया।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (आगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

चिंता: 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा तापमान, जलवायु परिवर्तन, बारिश व बर्फबारी नहीं होने से प्राकृतिक जल स्रोत सूखने की कगार पर पहुंचे

# सरोवर नगरी में भी चलने लगे पंखे, खतरे में दिख रहा भविष्य

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** जून में पहली बार तापमान में बढ़ोतरी से गर्मी का काफी अहसास होने लगा है। बीते दो सप्ताह से नगर में 32 से 34 डिग्री तक पहुंचे तापमान से पंखों का सहारा लेना पड़ रहा है। वनाग्नि व जलवायु परिवर्तन के चलते नैनीताल में पहली बार तापमान 34 डिग्री तक पहुंचा है, जिसके चलते नैनीताल में भी अब गर्मी से राहत पाने को पंखों का सहारा लेना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नैनीताल के इतिहास में पहली बार गर्मी का अहसास हुआ है, जबकि यहां पर वर्ष पर गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ता था लेकिन पहली बार पंखों का सहारा लेना पड़ रहा है। अगर ऐसा ही रहा तो जल्द ही कूलर व ऐसी की जरूरत भी पड़ने लगेगी, जो कि नैनीताल के भविष्य के लिए चिंताजनक है। ग्रीष्म सीजन के दौरान हर वर्ष लाखों की संख्या में देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी लाखों की संख्या में सैलानी गर्मी से राहत पाने के लिए पहुचंते हैं, लेकिन अब नैनीताल में भी शहरों की तरह ही गर्मी पड़ने लगी है और बीते कुछ वर्षों से बर्फबारी भी नहीं हो रही है, तो ऐसे में स्वाभाविक है आने वाले समय में नैनीताल से लोग मुंह मोड़ना शुरू कर देंगे। बता दें कि जलवायु परिवर्तन बारिश व बर्फबारी नहीं होने से प्राकृतिक जल स्रोत सूखने के कगार पर पहुंच चुके हैं तथा नैनीताल की पहचान नैनीझील का जलस्तर भी लगातार गिरता जा रहा है। मौसम के जानकारों का कहना है कि वाहनों की अत्यधिक वृद्धि से कार्बनिक कणों की मात्रा पर्वतीय क्षेत्रियों में बढ़ गई है।


नैनीताल झील के चारों ओर भवनों का दबाव बढ़ गया है। ● अमृत विचार

### पर्यटक नैनीझील में उतरकर गर्मी से पा रहे राहत

**नैनीताल :** नैनीताल में तापमान 34 डिग्री सेल्सियस पहुंचने के चलते अब पर्यटक भी गर्मी से परेशान होने लगे हैं। गर्मी से बचने के लिए इन दिनों पर्यटक झील के पानी में खेलकर मस्ती कर रहे हैं। बता दें कि इस वर्ष नैनीताल में भी भीषण गर्मी महसूस की जा रही है। मैदानी क्षेत्र से ठंड की तलाश में नैनीताल पहुंचने वाले पर्यटक भी यहां की गर्मी से परेशान हैं। नैनीताल के जीआईसी स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के प्रभारी नवीन चंद्र धूसिया ने बताया कि सोमवार को नैनीताल का अधिकतम तापमान 34 व न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

### दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट बदली

मंगलवार सुबह चटक धूप थी और दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट बदली और आसमान में बादल छाने लगे। ठंडी हवाओं के चलते तामपान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम केंद्र जीआईसी के अनुसार नगर में अधिकतम तापमान 32 डिग्री तो वहीं न्यूनतम 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पहली बार तापमान में आई गिरावट से लोगों ने राहत की सांस ली।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
- एम.कॉम.
- एम.बी.ए.

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) श्री अतुल बाबू (7409998289)

## सार-संक्षेप


भीमताल में कलश यात्रा में शामिल लोग। ● अमृत विचार

### गोलू देवता मंदिर में श्रीमद भागवत कथा शुरू

**भीमताल :** भीमताल के विनायक स्थित गोलू देवता मंदिर में विधि विधान के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। सवेरे के समय महिलाओं ने विनायक से लेकर नौकुचियाताल के हरकी पैड़ी तक कलश यात्रा निकाली। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। ब्यास कपिल देव के साथ साथ पवन नाथ, अनिल चनौतीया, राधा कुल्याल, लता पलड़िया, देवेंद्र सिंह चनौतिया, लवेन्द्र सिंह रौतेला, प्रेम सिंह कुल्याल, कमल जोशी, नितेश बिष्ट, नीरज रैकुनी, मुख्य यजमान ललित मोहन पांडे, पुजारी हरीश चंद्र पांडे आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

### रक्तदान शिविर का आयोजन 21 जून को

**भीमताल :** पूर्व ग्राम प्रधान और सामाजिक कार्यकर्ता स्व . पूरन सिंह चुनौतियां की द्वतीय पुण्यतिथि के अवसर पर नल दमयंती ताल क्षेत्र में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र सिंह चनौतिया ने शिविर के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि शिविर सवेरे 9 :00 बजे से प्रारंभ होगा। उन्होंने क्षेत्र के युवाओं और निवासियों से अधिक से अधिक संख्या में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में सहयोग देने का निवेदन किया।

### हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप आज नैनीताल में

**रुद्रपुर :** हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला अपने दो दिवसीय भ्रमण पर नैनीताल पहुंच रहे हैं। जिला सूचना विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राज्यपाल बुधवार को सुबह 8 :20 बजे आईजीआई एयरपोर्ट दिल्ली से विमान द्वारा प्रस्थान कर 9 :20 बजे पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से 9 :40 बजे कार से राजभवन नैनीताल के लिए प्रस्थान करेंगे। राज्यपाल गुरुवार को 11 :20 बजे राजभवन नैनीताल से कार द्वारा प्रस्थान कर 1 :20 बजे पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां 2 :20 बजे पंतनगर एयरपोर्ट से विमान द्वारा आईजीआई एयरपोर्ट दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

### पेयजल की समस्या से निजात दिलाने की मांग


विपिन चंद्रा।

**भीमताल :** भीमताल नगर को पेयजल समस्या से निजात दिलाने की मांग एक बार फिर से जोर पकड़ने लगी है। क्षेत्र के कारोबारी व सामाजिक कार्यकर्ता विपिन चंद्रा ने शासन और पेयजल विभाग के अधिकारियों से पेयजल समस्या से निजात दिलाने के लिए एक कारगर योजना बनाने और उसको स्वीकृत कराने को कहा है। इस दौरान बताया कि जायका के तहत जो महत्वपूर्ण योजना भीमताल और भवाली के लिए बनी हुई है। उसको शीघ्र यदि स्वीकृत कराया जाता है तो भवाली और भीमताल में पेयजल समस्या का निदान होगा। उन्होंने विभाग से इस महत्वपूर्ण योजना को धरातल में उतारने के लिए प्रयास करने को कहा है।


नैनीताल में निरीक्षण करते अधिकारी। ● अमृत विचार

### बलिया नाला और ठंडी सड़क क्षेत्र का किया निरीक्षण

**नैनीताल :** शहर में भूस्खलन रोकने के लिए सिंचाई विभाग की ओर से बलिया नाला और भी ठंडी सड़क क्षेत्र में सुरक्षात्मक कार्य किया जा रहा है। बलिया नाले में लगभग 173 करोड़ रुपये तो वहीं ठंडी सड़क पर 13 करोड़ रुपये से सुरक्षात्मक कार्य किए जा रहे हैं। जिसको लेकर सोमवार को सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता ने स्थलीय निरीक्षण किया गया।


कालजई फिल्मों का आनंद लेते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

### कालजई फिल्में देखकर खिल उठे बच्चों के चेहरे

**भीमताल :** रचनात्मक शिक्षक मंडल उत्तराखंड की पहल पर धारी ब्लाक में स्कूली बच्चों के लिए चल रहे दो दिवसीय बाल फिल्म मेले के तहत मंगलवार को जीआईसी सुंदरखाल और चौरलेख के बच्चों ने कालजई फिल्मों का आनंद लिया। कार्यक्रम की शुरुआत कुमाउनी के वरिष्ठ कवि हीरा सिंह राणा के प्रसिद्ध गीत लसका कमर बांधा, हिम्मत का साथा, फिर भोला उज्याली होली, कां ले रौली राता, को सामूहिक रूप से गा कर हुई। बच्चों ने सबसे पहले श्याम बेनेगल निर्देशित फिल्म चरणदास चोर देखी। दूसरी फिल्म चंदा के जूते का आनंद लिया। इस मौके पर प्रधानाचार्य सुमति नारायण, चौरलेख प्रधानाचार्य हेम चंद जोशी, डा राजेश पाडेय, नवेंदु मठपाल, जिला उपाध्यक्ष संगीता जोशी, भूपेंद्र चौधरी, प्रदीप जोशी, राखी रावत, प्रदीप सनवाल, दीपा रैक्वाल, हरिश्चन्द्र जोशी, पंकज वर्मा, सीमा दीप्ति राना आदि मौजूद रहे।

# मॉर्निंग वॉक पर निकले मुख्यमंत्री ने दुकान पर बनाई चाय

## पंत पार्क क्षेत्र में सहयोगियों और स्टाफ को चाय पिलाकर बाजार का भ्रमण किया, स्थानीय व्यापारियों का हाल-चाल जाना, मरीजों से मिले

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार को भी नैनीताल के भ्रमण पर रहे। सुबह वह मॉर्निंग वॉक के लिए निकले। उन्होंने बड़ा बाजार, पंत पार्क क्षेत्र में स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों से मुलाकात कर हालचाल जाना।

इस दौरान सीएम धामी पंत पार्क क्षेत्र में चाय की दुकान पर पहुंचे, जहां उन्होंने खुद चाय बनाई और चाय पीने के साथ-साथ अपने सहयोगियों और स्टाफ को भी चाय पिलाई। मुख्यमंत्री ने जार में जाकर स्थानीय व्यापारियों का हाल-चाल जाना। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नैनीताल स्थित डीएसए खेल मैदान पहुंचे जहां उन्होंने खिलाड़ियों के साथ लंबा समय बिताया और फुटबॉल व बास्केटबॉल खेल। इस दौरान खिलाड़ियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से नैनीताल में रेसिंग ट्रैक, हॉकी, एस्ट्रोट्रफ समेत विभिन्न सुविधा नैनीताल को दिलाने की मांग की। मुख्यमंत्री ने नैनीताल में चल रही अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के खिलाड़ियों के साथ मुलाकात कर उत्तराखंड में हॉकी के स्तर को बढ़ाये जाने को लेकर कार्य करने का आश्वासन दिया।

खेल मैदान के बाद मुख्यमंत्री जिला अस्पताल बीडी पांडे पहुंचे, जहां उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों का हाल-चाल जाना। मुख्यमंत्री को अचानक अपने बीच देखकर अस्पताल में भर्ती मरीज और उनके तीमारदार दंग रह गए। वहीं मुख्यमंत्री के अस्पताल आने की सूचना के बाद अस्पताल प्रबंधन में हड़कंप मच गया। इसके बाद मौके पर पहुंचे स्वास्थ्य अधिकारियों को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अस्पताल में आने वाले मरीजों को और अधिक बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय दिवस उत्तराखंड समेत पूरे देश में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुरू की गई छोटी सी पहल आज विश्व के हर घर-घर में फैल गई है। इस दौरान नेपाल से आए योगाचार्य के दल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। नेपाली भाषा में संवाद होने पर विदेशी मेहमान काफी खुश नजर आए।


पंत पार्क क्षेत्र में दुकान में चाय बनाते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार


खेल मैदान में स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### परिवार के साथ भीमताल पहुंचे सीएम धामी

**भीमताल :** नैनीताल में सरकारी कार्यक्रम संपन्न होने के बाद मुख्यमंत्री धामी मंगलवार शाम भीमताल के खुटानी स्तिथ एक होम स्टे में पहुंचे। सूत्रों के मुताबिक सीएम रात्रि में भीमताल में विश्राम करेंगे। वहीं बताया जा रहा है कि बुधवार की सुबह संभवत: देहरादून वापसी होगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मीडिया से दूरी बनाए रखी। मालूम हो कि कुछ माह पूर्व भी मुख्यमंत्री ने खुटानी में ही रात्रि विश्राम किया था।

### अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनेगा पंतनगर हवाई अड्डा

**नैनीताल :** मुख्यमंत्री धामी ने राज्य अतिथि गृह सभागार में पत्रकार वार्ता करते हुए बताया कि केंद्र और राज्य सरकार उत्तराखंड के विकास कार्यों को लेकर तत्पर है। पांच वर्षों में उत्तराखंड में तेज से विकास कार्य हुए हैं। एनएच के सुधारीकरण और विकास को लेकर सरकार ने एनएचएआई को 164 करोड़ का बजट दिया है। जिससे प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। इसके अलावा सरकर ने नागरिक उड्डयन विभाग को 800 एकड़ भूमि दी है। जिससे पंतनगर हवाई अड्डे का विस्तारीकरण किया जाएगा। पंतनगर हवाई अड्डे को अंतर्राष्ट्रीय सुविधाओं से लैस किया जायेगा, जिससे उत्तराखंड आने वाले पर्यटकों और यात्रियों को लाभ मिलेगा। धामी ने कहा कि जल्द ही उत्तराखंड परिवहन निगम को नई बसें मिलने जा रही हैं। पुरानी बसों को हटाने का काम किया जा रहा है, जिससे बस में सफर करने वाले यात्रियों को लाभ मिलेगा।

### मुख्यमंत्री को सौंपा मांगों के संबंध में ज्ञापन



**भीमताल :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नैनीताल आगमन पर छोटा आदि कैलाश विकास समिति के अध्यक्ष उमेश पलड़िया ने क्षेत्र की ग्राम सभाओं में एक एक लाख लीटर के वर्षा जल संग्रहण टैंक के निर्माण की मांग के संबंध में ज्ञापन सौंपा। इसके साथ साथ छोटा कैलास मंदिर को मानस खंड मंदिर माला में सम्मलित करने की मांग की। इस दौरान उन्होंने अवगत कराया कि भूमि को रिचार्ज करने की योजना के साथ साथ वर्षा जल संग्रहण टैंक का निर्माण यदि हो तो पानी की किल्लत के समय बिना स्रोत वाले गांव या फिर सूख चुके स्रोतों वाले गांवों में निवास करने वाले ग्रामीणों को काफी राहत मिलेगी। वहीं छोटा कैलाश को मानस खंड मंदिर माला में सम्मलित करने से क्षेत्र का विकास के साथ साथ स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

### मुख्यमंत्री से की स्वास्थ्य सुविधाएं और रिक्त पद भरने की मांग

**नैनीताल :** सोमवार को दो दिवसीय नैनीताल भ्रमण पर पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को नैनीताल विधायक सरिता आर्या ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेतालघाट में स्वास्थ्य सुविधाओं व रिक्त पदों को भरने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा, जिस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जल्द से जल्द रिक्त पदों को भरने तथा अन्य सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता संजय शुक्ला, अधिशासी अभियंता अनिल वर्मा ने बताया कि बलिया नाले और ठंडी सड़क पर हो रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया, जिसमें पाया गया कि कार्यों को सही तरीके से किया जा रहा है। इस दौरान अधिशासी अभियंता अनिल वर्मा, सहायक अभियंता पीके पाठक और सहायक अभियंता डीडी सती मौजूद रहे।

# हाईकोर्ट ने कहा, कृषि विभाग में उपनल से लगे सहायक लेखाकारों की बहाली हो

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने बीते बुधवार को कृषि विभाग में उपनल के माध्यम से कार्यरत सहायक लेखाकारों को हटाने के आदेश को रद्द करने के मामले में सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने हटाए गए कर्मचारियों को बहाली करने के निर्देश देकर कहा है कि जब तक सरकार की सर्वोच्च न्यायलय में लंबित विशेष अपील, राज्य सरकार बनाम किशन सिंह में कोई अंतिम निर्णय नहीं आ जाता तब तक उनकी सेवा बहाल की जाए। मामले की अगली सुनवाई 28 अगस्त की तिथि नियत की गई है।

मामले के अनुसार उपनल के माध्यम से सहायक लेखाकार के पद पर कार्यरत अजय कनवाल व 19 अन्य ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर कहा था कि सरकार ने अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से सहायक लेखाकार के पदों के लिए विज्ञप्ति जारी की, लेकिन इन भर्तियों में उन्हें कोई प्राथमिकता नहीं दी गई। जबकि उन्हें प्राथमिकता दी जानी चाहिए थी, लेकिन एकलपीठ ने उन्हें कोई फौरी राहत नहीं दी। इसी बीच अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने विज्ञप्ति को निरस्त कर दिया था और लोक सेवा आयोग के माध्यम से इन पदों के लिये विज्ञप्ति जारी हुई। साथ ही 27 फरवरी 2024 को उनकी सेवा समाप्त कर दी गई। एकलपीठ के आदेश को अजय कनवाल व अन्य ने विशेष अपील दायर कर खंडपीठ में चुनौती दी। विशेष अपील में कहा गया कि कुंदन सिंह बनाम राज्य सरकार में हाईकोर्ट की ओर से उपनल के माध्यम से कार्य कर रहे कार्मिकों के नियमितीकरण का आदेश दिया है और जिस पर राज्य सरकार की अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने स्थगनादेश दिया है। याचिका में कहा कि मामला सुप्रीम कोर्ट से स्टे होने के बाद भी उनकी सेवा क्यों समाप्त की गई, जिसके बाद खंडपीठ ने सरकार को इन कार्मिकों के बहाली के आदेश किए हैं।



### अतिक्रमण की शिकायत एप पर दर्ज करें याचिकाकर्ता

**नैनीताल :** हाईकोर्ट में हल्द्वानी के रामलीला मैदान के मंदिर परिसर में अतिक्रमण के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से याचिकाकर्ता को इसकी शिकायत नैनीताल डीएम की बनाई गई एप 'अतिक्रमण शिकायत एप नैनीताल यूके' में दर्ज करने को कहा गया। इसके लिये याचिकाकर्ता ने कोर्ट से समय मांगा है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 30 जुलाई को होगी। याचिका की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ में हुई। यह जनहित याचिका रामलीला मोहल्ला निवासी पूर्व सभासद हितेश पांडे ने दायर की है। इस याचिका में धार्मिक संस्था रामलीला मैदान मंगल पड़ाव की भूमि को मंदिर के व्यवस्थापक विवेक शर्मा पर ही खुर्द बुर्द करने व सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण कर उसका निजी उपयोग करने के आरोप लगाए गए हैं।

# समस्याओं के समाधान के लिए पीएम को भेजा पत्र

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** बेरोजगार संघ के अध्यक्ष पूरन वृजवासी ने भीमताल विधान सभा क्षेत्र की महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान की मांग के संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर मांगों को पूर्ण करने का निवेदन किया।

पहाड़ का पलायन रोकने एवं युवाओं को रोजगार देने के लिए भीमताल औद्योगिक घाटी में कंपनियां खोलने, उसमें स्थानीय लोगों को रोजगार देने, धारी, ओखलकांडा, रामगढ़, भीमताल के किसानों को समुचित लाभ दिलाने के लिए विधानसभा अंतर्गत मंडी खोलने, भीमताल विधानसभा की जनता एवं यहां पर्यटकों की सुविधा के लिए आधुनिक चिकित्सा युक्त 200 बेड वाले हॉस्पिटल का निर्माण, झीलों एवं पर्यटन क्षेत्रों के विकास, सौंदर्यीकरण के लिए केंद्र से स्पेशल बजट पास करने आदि मांगें रखी हैं।

## लाइफ जैकेट का टेंडर अपलोड किया

**नैनीताल, अमृत विचार :** तीन साल बाद अब नाव चालकों को मिलने जा रही है लाइफ जैकेट, जिसके लिए पालिका ने टेंडर अपलोड कर दिए हैं। जल्द ही नाव चालकों को लाइफ जैकेट उपलब्ध करा दीं जाएंगी। नगर पालिका की ओर से संचालित नैनीझील में कुल 222 चप्पू नाव और 90 पैडल बोट चलाई जाती हैं।

लाइफ जैकेट के लिए नाव चालकों की ओर से पालिका में हर साल 6800 रुपये जमा किये जाते हैं। बता दें कि नाव चालकों की ओर से लंबे समय से लाइफ जैकेट की मांग की जा रही थी। उनका कहना था कि लाइफ जैकेट काफी खराब हो गयी हैं, जिसके चलते लोग अक्सर जैकेट पहनने से मना कर देते थे। ऐसे में मजबूरी में बिना जैकेट के नौकायन कराना पड़ता था।

## मेट्रोपोल में कूड़े के ढेर से बढ़ा बीमारी का खतरा

संवाददाता, नैनीताल

**परेशानी**
- नगर पालिका के तीन कूड़ा वाहनों के टायर खराब
- एक ही वाहन से कूड़ा ट्रंचिंग ग्राउंड भेजा जा रहा

**अमृत विचार :** नगर की मेट्रोपोल पार्किंग स्थल में कूड़े का ढेर लगने से लोग बहुत परेशान हैं। क्षेत्र में जमा कूड़ा दुर्गंध के साथ बीमारियों को दावत दे रहा है। नगर पालिका के तीन कूड़ा वाहनों के टायर खराब होने के चलते एक ही वाहन से शहर का कूड़ा ट्रंचिंग ग्राउंड भेजा जा रहा है। इससे यहां कूड़े का ढेर बढ़ता जा रहा है।

सोमवार को सीएम का काफिला वहां से गुजरने के दौरान कई लोग बोले कि काश सीएम साहब इस ओर भी देख पाते। बता दें कि नैनीताल शहर में घर-घर जाकर डोर टू डोर वाहनों से कूड़ा कलेक्ट कर मेट्रोपोल पार्किंग स्थल के किनारे जमा किया जाता है। जहां से बड़े ट्रकों से कूड़ा हल्द्वानी ट्रंचिंग ग्राउंड भेजा जाता है। कई दिनों से शहर का कूड़ा मेट्रोपोल तो पहुंच रहा है, लेकिन मेट्रोपोल से पूरा कूड़ा ट्रंचिंग ग्राउंड हल्द्वानी नहीं भेजा जा रहा है। अब मेट्रोपोल कार पार्किंग के समीप कूड़े का पहाड़ बन चुका है।

## भाजपा नेता की बेटी का निधन



**हल्दूचौड़ :** भाजपा नेता रोहित दुम्का की 15 वर्षीय बेटी माही का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार को सुशीला तिवारी चिकित्सालय हल्द्वानी में निधन हो गया। रोहित दुम्का की सुपुत्री निमोनिया सहित फेफड़ों के संक्रमण से ग्रसित थीं जो बीते चार दिनों से वेंटिलेटर पर थीं। पूर्व में उनका इलाज दिल्ली और देहरादून में भी हो चुका था। दोबारा तबीयत खराब होने पर सुशील तिवारी चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां दम तोड़ दिया। निधन पर क्षेत्रीय विधायक मोहन सिंह बिष्ट, सांसद अजय भट्ट, पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल, पूर्व विधायक नवीन दुमका आदि ने शोक जताया।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
- एम.कॉम.
- एम.बी.ए.

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) श्री अतुल बाबू (7409998289)

**चिंता** 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा तापमान, जलवायु परिवर्तन, बारिश व बर्फबारी नहीं होने से प्राकृतिक जल स्रोत सूखने की कगार पर पहुंचे

# सरोवर नगरी में भी चलने लगे पंखे, खतरे में दिख रहा भविष्य

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** जून में पहली बार तापमान में बढ़ोतरी से गर्मी का काफी अहसास होने लगा है। बीते दो सप्ताह से नगर में 32 से 34 डिग्री तक पहुंचे तापमान से पंखों का सहारा लेना पड़ रहा है। वनाग्नि व जलवायु परिवर्तन के चलते नैनीताल में पहली बार तापमान 34 डिग्री तक पहुंचा है, जिसके चलते नैनीताल में भी अब गर्मी से राहत पाने को पंखों का सहारा लेना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नैनीताल के इतिहास में पहली बार गर्मी का अहसास हुआ है, जबकि यहां पर वर्ष पर गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ता था लेकिन पहली बार पंखों का सहारा लेना पड़ रहा है। अगर ऐसा ही रहा तो जल्द ही कूलर व ऐसी की जरूरत भी पड़ने लगेगी, जो कि नैनीताल के भविष्य के लिए चिंताजनक है। ग्रीष्म सीजन के दौरान हर वर्ष लाखों की संख्या में देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी लाखों की संख्या में सैलानी गर्मी से राहत पाने के लिए पहुचंते हैं, लेकिन अब नैनीताल में भी शहरों की तरह ही गर्मी पड़ने लगी है और बीते कुछ वर्षों से बर्फबारी भी नहीं हो रही है, तो ऐसे में स्वाभाविक है आने वाले समय में नैनीताल से लोग मुंह मोड़ना शुरू कर देंगे। बता दें कि जलवायु परिवर्तन बारिश व बर्फबारी नहीं होने से प्राकृतिक जल स्रोत सूखने के कगार पर पहुंच चुके हैं तथा नैनीताल की पहचान नैनीझील का जलस्तर भी लगातार गिरता जा रहा है। मौसम के जानकारों का कहना है कि वाहनों की अत्यधिक वृद्धि से कार्बनिक कणों की मात्रा पर्वतीय क्षेत्रियों में बढ़ गई है।


नैनीताल झील के चारों ओर भवनों का दबाव बढ़ गया है। ● अमृत विचार

### पर्यटक नैनीझील में उतरकर गर्मी से पा रहे राहत

**नैनीताल :** नैनीताल में तापमान 34 डिग्री सेल्सियस पहुंचने के चलते अब पर्यटक भी गर्मी से परेशान होने लगे हैं। गर्मी से बचने के लिए इन दिनों पर्यटक झील के पानी में खेलकर मस्ती कर रहे हैं। बता दें कि इस वर्ष नैनीताल में भी भीषण गर्मी महसूस की जा रही है। मैदानी क्षेत्र से ठंड की तलाश में नैनीताल पहुंचने वाले पर्यटक भी यहां की गर्मी से परेशान हैं। नैनीताल के जीआईसी स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के प्रभारी नवीन चंद्र धूसिया ने बताया कि सोमवार को नैनीताल का अधिकतम तापमान 34 व न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

### दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट बदली

मंगलवार सुबह चटक धूप थी और दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट बदली और आसमान में बादल छाने लगे। ठंडी हवाओं के चलते तामपान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम केंद्र जीआईसी के अनुसार नगर में अधिकतम तापमान 32 डिग्री तो वहीं न्यूनतम 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पहली बार तापमान में आई गिरावट से लोगों ने राहत की सांस ली।

**आज का मौसम**

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

| 42.1⁰ | 27.0⁰ |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05.13 | सूर्यास्त 07.14 |

## एक नजर

### अल्पसंख्यक आयोग की जन सुनवाई कल

**हल्द्वानी** : अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष मजहर नईम नवाब की अध्यक्षता में 20 जून को सुबह 11 बजे सर्किट हाउस काठगोदाम में आयोग को प्राप्त शिकायतों पर जन सुनवाई की जाएगी। जानकारी देते हुए सचिव जेएस रावत ने सभी संबंधित अधिकारियों को मौके पर पहुंचने की अपील की है।

### आज नैनीताल पहुंचेंगी बाल आयोग की अध्यक्ष

**नैनीताल** : बाल संरक्षण अधिकार आयोग की अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना बुधवार को सुबह पिथौरागढ़ से सड़क मार्ग से चलकर शाम 5 बजे नैनीताल पहुंचेंगी। वह रात्रि विश्राम नैनीताल क्लब में करेंगी। यह जानकारी देते हुए एडीएम पीआर चौहान ने बताया कि डॉ. खन्ना 20 जून को सुबह 10 बजे से जिलाधिकारी कार्यालय सभागार में बाल तस्करी से आजादी 2.0 अभियान में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग करेंगी। वह दोपहर 1 बजे से बाल अधिकार एवं सुरक्षा के लिए जनजागरूकता एवं संवेदीकरण कार्यशाला की अध्यक्षता करेंगी तथा सायं 5 बजे सड़क मार्ग से ऊधम सिंह नगर के लिए प्रस्थान करेंगी।

### जनपद प्रभारी मंत्री रेखा आर्य आज जिले में

**हल्द्वानी** : जनपद प्रभारी/महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्य बुधवार को जनपद भ्रमण पर आ रही हैं। यह जानकारी देते हुए सीडीओ अशोक पांडेय ने बताया कि प्रभारी मंत्री बुधवार को दोपहर 12:15 बजे प्रसार प्रशिक्षण केन्द्र बागजाला गौलापार में जिला योजना समिति की बैठक में हिस्सा लेंगी। उन्होंने जनपद स्तरीय अधिकारियों को नियत तिथि एवं सभी सूचनाओं तथा जिला योजना के त्रिस्तरीय पंचायत प्रक्रिया के तहत समेकित प्रस्तावों सहित स्वयं अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करने के निर्देश दिए हैं।

### अभी तक सीसीटीवी कैमरे के जरिये मैन्युअल तरीके से हो रहे चालान, पुलिस बना रही योजना, जल्द एआई कैमरे से लैस होगा कुमाऊं

# पुलिस नहीं अब कुमाऊं में एआई कैमरे काटेंगे चालान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार** : कुछ माह बाद वाहनों का चालान काटने के लिए न तो यातायात पुलिस की जरूरत होगी और न ही सीपीयू की। पुलिस का फोकस सिर्फ अपराध रोकने पर होगा। ऐसा इसलिए कि अब जल्द ही कुमाऊं में चालान काटने के लिए एआई कैमरों का इस्तेमाल किया जाएगा। पुलिस ने इसके लिए कार्य योजना बनानी शुरू कर दी है।

वर्तमान समय में पुलिस नैनीताल जिले के अधिकांश क्षेत्रों की सीसीटीवी कैमरों से निगरानी कर रही है। फिर वह रामनगर हो, हल्द्वानी या फिर नैनीताल। इसका कंट्रोल हल्द्वानी में पुलिस बहुउद्देशीय भवन में है। एसएसपी खुद भी अपने हल्द्वानी कार्यालय में बैठकर पूरे जिले की निगरानी करते हैं। इन कैमरों का इस्तेमाल अभी सिर्फ निगरानी करने के लिए हो रहा है। ऑडियो सिस्टम से लैस इन सीसीटीवी कैमरों के जरिये कंट्रोल रूम में बैठा पुलिस कर्मी यातायात में व्यवधान उत्पन्न करने को वालों को निर्देशित भी करता है। इनसे चालान भी किए जा सकते हैं, लेकिन ये काम मैन्युअल तरीके से करना पड़ता है।

बढ़ते पर्यटन और यातायात के बोझ को देखते हुए अब पुलिस एआई कैमरे लगाने की तैयारी कर रही है। बताया जाता है कि इन कैमरों के लगने के बाद मैन्युअल चालान बेहद कम हो जाएंगे। क्योंकि मैन्युअल चालान का स्थान ये कैमरे ले लेंगे। बात यहां-वहां गाड़ी करने की हो या फिर बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन या बिना सीट बेल्ट के कार चलाने की, ऐसे सभी चालान एआई कैमरे करेंगे। बड़ी बात यह है कि आपको पता भी नहीं चलेगा कि चालान कब हो गया। तभी पता चलेगा जब चालान का मैसेज आपके मोबाइल पर आएगा।

**एआई आधारित कैमरे से होगी निगरानी**

**हल्द्वानी** : एआई कैमरे का इस्तेमाल दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और चेन्नई में पहले से हो रहा है। देहरादून में भी ऐसे कैमरे लगाए गए हैं, जिनका इस्तेमाल यातायात के साथ अपराध रोकने के लिए किया जा रहा है। अब कुमाऊं के सभी जिलों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) आधारित ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रीडर कैमरा लगाने की योजना बनाई जा रही है।



बढ़ते यातायात और पर्यटन को देखते हुए एआई कैमरों की आवश्यकता है। इसे पूरे कुमाऊं में लगाया जाएगा। इस पर काम चल रहा है। प्रयास है कि जल्द से जल्द कैमरे लगा दिए जाएं।
**- योगेंद्र सिंह रावत**, डीआईजी कुमाऊं

**इन बिंदुओं पर होगा चालान**

- बिना हेलमेट के वाहन चलाने पर।
- गलत साइड से गाड़ी चलाने पर।
- दोपहिया वाहन पर तीन लोगों को बिठाने पर।
- बिना सीट बेल्ट के चार पहिया वाहन चलाने पर।
- वाहन की अवधि पूरी होने के बाद उसे चलाने पर।
- वाहन चलाते समय फोन पर बात करने पर।
- ओवरस्पीड में वाहन चलाने पर।
- रेड सिग्नल पर बिना रुके पार करने पर।
- पीयूसी और इंश्योरेंस समेत अन्य नियम का उल्लंघन करने पर।

## नैनीताल में बढ़े डायरिया के मरीज



**नैनीताल, अमृत विचार** : तापमान बढ़ने के साथ ही शहर में संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। डायरिया तेजी से पैर पसार रहा है। प्रतिदिन 70 प्रतिशत मरीजों में डायरिया के लक्षण देखने को मिल रहे हैं। करीब आठ से दस मरीजों को प्रतिदिन अस्पताल में भर्ती किया जा रहा है। बीड़ी पांडे अस्पताल में इन दिनों प्रतिदिन उपचार के लिए 350 से 400 मरीज पहुंच रहे हैं। इनमें उल्टी-दस्त, बुखार, खांसी-जुकाम, पेट दर्द से पीड़ित मरीजों की संख्या अधिक है। बीते एक सप्ताह से डायरिया के मरीजों में तेजी आई है। चिकित्सक मरीजों को खानपान में सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं।

# मरीज बेस अस्पताल आएं तो अपना पंखा-कूलर साथ लाएं

### बेस अस्पताल में मरीजों को गर्मी से बचाने के इंतजाम नाकाफी, हड्डी व ईएनटी वार्ड में लगे कूलर की मोटर खराब, कई वार्डों में छत पंखे तक नहीं चल रहे

अमृत विचार पड़ताल

संवाददाता, हल्द्वानी

**42** डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान में गर्मी से बेहाल हो रहे अस्पताल में भर्ती मरीज, स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों की उड़ रही हैं धज्जियां

**03** कूलर ही सही हालत में हैं पूरे अस्पताल में बाकी जीर्ण-शीर्ण, मरीजों के साथ-साथ तीमारदारों को भी हो रही परेशानी

**अमृत विचार** : स्वास्थ्य विभाग ने सभी सरकारी अस्पतालों को निर्देश दिए हैं कि अस्पतालों में गर्मी से बचाव के लिए सभी साधनों का इंतजाम करें। निर्देश जारी होने के करीब एक माह बाद भी उष्ण लहर और 42 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा तापमान में शहर के प्रमुख सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल में मरीजों को गर्मी से बचाने के इंतजाम केवल खानापूर्ति वाले हैं। अस्पताल के विभिन्न वार्डों में लगे कई कूलरों की मोटर खराब है। कुछ कूलर तो बहुत ही जीर्ण-शीर्ण हालत में हैं। छत के पंखे भी खराब पड़े हैं। ऐसे में मरीज उपचार के लिए घर से पंखे साथ लेकर अस्पताल पहुंच रहे हैं।

बेस अस्पताल के सभी वार्डों में गर्मी से बचने के इंतजाम नाकाफी हैं। यहां हड्डी रोग और नाक, कान और गला (ईएनटी) वार्ड में एक कूलर लगा है। जिसकी मोटर



बेस अस्पताल के बच्चा वार्ड में लगा कूलर, जो मोटर खराब होने से गर्म हवा फेंक रहा है। ● अमृत विचार

खराब है। कूलर गर्म हवा फेंक रहा है। वहीं बच्चा वार्ड में एक कूलर लगा है। गनीमत है कि यह कूलर पूरी तरह से सही है। हालांकि वार्ड के हिसाब से यहां पर दो कूलर होने चाहिए, लेकिन एक ही कूलर लगा हुआ है। इसके अलावा महिला वार्ड में भर्ती एक मरीज अपने घर से पंखा लेकर आई थी। महिला मरीज ने बताया कि वार्ड में पंखे और कूलर की दिक्कत है। एक अन्य वार्ड में छत पर लगा हुआ पंखा खराब था। अस्पताल के वार्डों में जो कूलर रखे गए थे, उनमें से केवल तीन ही कूलर ऐसे थे, जो पूरी तरह से ठीक थे। इसके अलावा अस्पताल में अन्य जगह गर्मी से बचने के इंतजाम नाकाफी हैं। वार्डों के बाहर भी पूरी तरह से पंखे नहीं लगे हैं। जिस वजह से मरीजों के साथ ही तीमारदार भी परेशान हैं।

इस बार की गर्मियों को लेकर बेस अस्पताल में व्यवस्थाएं कराई गईं हैं। जहां दिक्कत है उन्हें भी शीघ्र सही कराया जा रहा है।
**- डॉ. केके पांडेय**, पीएमएस, बेस अस्पताल

स्वास्थ्य विभाग की ओर से गर्मी को लेकर जो भी अस्पतालों के लिए दिशा-निर्देश दिए गये थे वे सभी अस्पतालों में भेज दिए गए हैं। फिर भी कहीं कमी होगी तो उसे देखा जाएगा।
**-डॉ. श्वेता भंडारी**, सीएमओ नैनीताल

**फॉलोअप**

**जल संस्थान प्रतिदिन तीन टैंकर देगा पानी**

**हल्द्वानी** : बेस अस्पताल में पानी की दिक्कत को देखते हुए कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत के एक्शन के बाद सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजेपयी ने जल संस्थान के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि विभाग प्रतिदिन पानी के तीन टैंकर बेस अस्पताल को देगा। सिटी मजिस्ट्रेट ने मंगलवार को बेस अस्पताल का दौरा किया और स्थिति को समझा। पता चला कि अस्पताल में पानी की दिक्कत है। इस वजह से डायलिसिस के मरीजों के उपचार में भी दिक्कत आ रही है। अब नियमित तौर पर पानी के टैंकर अस्पताल को मिलने से पानी की दिक्कत कम हो जाएगी।



हड्डी वार्ड में लगा कूलर, इसकी भी मोटर खराब है। ● अमृत विचार



महिला वार्ड में भर्ती उक्त मरीज अपने घर से पंखा लेकर आई है। ● अमृत विचार

**नौ बेड के आईसीयू में शोपीस बने एसी**

**हल्द्वानी** : बेस अस्पताल में नौ बेड का आईसीयू है, जिसमें एसी भी लगे हैं। मगर निर्माण के बाद से अब तक आईसीयू में ताला लटका हुआ है। इस कारण आईसीयू में लगे एसी शोपीस बनकर रह गये हैं। अस्पताल में सबसे ज्यादा दिक्कत बच्चा वार्ड में है। यहां कूलिंग करने के लिए पर्याप्त मात्रा में कूलर नहीं है। पूर्व में बच्चों के वार्ड में एसी लगे हुए थे। जब बच्चों का वार्ड शिफ्ट किया गया तो एसी भी बंद कर दिए गए।



प्रतापगढ़ मोड़ के पास हादसे में क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

# छुट्टी पर घर आए युवक की कार पेड़ से टकराई, मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**हादसा**

- चोरगलिया थाना क्षेत्र में सोमवार रात ढाई बजे हुआ हादसा
- मंगलवार सुबह हुई मौत, साथी का अस्पताल में चल रहा इलाज

**अमृत विचार** : ब्रिटेन से छुट्टियां मनाने आया कार सवार युवक अपने दोस्त के साथ सैर-सपाटे पर निकला था। रास्ते में तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई और युवक की मौत हो गई। जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में उपचार चल रहा है। घटना चोरगलिया थाना क्षेत्र में हुई।

मूलरूप से भटेरी झूलाघाट पिथौरागढ़ निवासी अर्जुन सिंह बिष्ट (26 वर्ष) ऊधमसिंह नगर जिले के लोहिया पुल खटीमा में परिवार के साथ रहता था। बताया जाता है कि वह यूनाइटेड किंगडम के ब्रिटेन में पिछले सात माह से नौकरी कर रहा था और एक माह पहले छुट्टी पर घर आया था। सोमवार को वह घर से काम से जाने की बात कहकर हल्द्वानी के लिए निकला था। उसके साथ कार में उसका एक दोस्त भी था।

चोरगलिया थाना क्षेत्र में प्रतापगढ़ मोड़ के पास रात करीब ढाई बजे कार पेड़ से टकरा गई। जोरदार टक्कर में दोनों बुरी तरह घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में दोनों को एंबुलेंस के जरिये उपचार के लिए डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल भेजा, जहां मंगलवार सुबह अर्जुन की मौत हो गई। चोरगलिया थानाध्यक्ष भुवन राणा ने बताया कि मंगलवार की दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

**तीन बहनों का इकलौता भाई था अर्जुन**

**हल्द्वानी** : अर्जुन सिंह बिष्ट परिवार का इकलौता बेटा था। पिता का कुछ साल पहले ही निधन हो चुका है। बताया जा रहा है कि परिवार में अर्जुन की मां पार्वती देवी और तीन बहनें हैं, हालांकि तीनों बहनों की शादी हो चुकी है। अर्जुन की मौत के बाद से परिवार में कोहराम मचा है।

# पटवारी पर गिरी गाज, हुआ तबादला

**खबर का असर**

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार** : बरेली रोड स्थित अर्जुनपुर ग्राम सभा में सरकारी भूमि को निजी भूमि बताकर एक व्यक्ति को लाभ पहुंचाने वाले पटवारी पर गाज गिर गई है। पटवारी विनोद चोपड़ा का तबादला कर उसे विभागीय आरोप पत्र दे दिया गया है। पटवारी ने गलत रिपोर्ट लगाई और इसका फायदा उठा कर निजी भूमि के मालिक ने सरकारी भूमि पर खड़े सेमल के दशकों पुराने पेड़ का 25 हजार रुपये में सौदा कर दिया। पेड़ सिर्फ इसलिए कटवाया जा रहा था, ताकि निजी भूमि की कीमत बढ़ाई जा सके।

मामला तीनपानी स्थित अर्जुनपुर ग्राम सभा के हरिपुर पूर्णानंद गांव का है। यहां सिंचाई


**सिंचाई विभाग की भूमि पर खड़े पेड़ का पटवारी ने करा दिया 25 हजार में सौदा**
ग्राम सभा अर्जुनपुर में एक भूमि की कीमत बढ़ाने के लिए पटवारी ने सांठ-गांठ से लगाई गलत आख्या
एक्सक्लूसिव
17 मई को मजदूरों के साथ पेड़ काटने पहुंच गया था मजदूर
सौदेबाजी
प्रार्थना पत्र से खसरा संख्या गायब

विभाग की लगभग विलुप्त हो चुकी जमीन से लगी धौलाखेड़ा निवासी विक्रम सिंह पुत्र चंदन सिंह की जमीन है। विक्रम की जमीन के सामने सिंचाई विभाग की जमीन पर सेमल और सीरस के दो पेड़ हैं। निजी भूमि के सामने पेड़ होने की वजह से जमीन का भाव काफी कम हो रहा था।

ऐसे में विक्रम ने अर्जुनपुर के पटवारी विनोद कुमार चोपड़ा से साठ-गांठ की। विक्रम ने तहसीलदार के नाम पत्र लिखकर पेड़ों को काटने की अनुमति मांगी, लेकिन पत्र में खसरा संख्या अंकित नहीं किया। पटवारी ने इस पर रिपोर्ट लगा दी और यह कह दिया कि भूमि निजी है। जिसके बाद विक्रम ने ठेकेदार मकसूद रियासत से 25 हजार रुपये में पेड़ का सौदा कर दिया। बीती 17 मई को मकसूद मजदूरों के साथ आरी लेकर पहुंच गया और सेमल के पेड़ को काटना शुरू कर दिया। एक महीने बाद इस मामले में पटवारी विनोद का तबादला लालकुआं किया गया और विभागीय आरोप पत्र दिया गया।

**पेड़ कटवाने का मामला**

- अर्जुनपुर ग्राम सभा में एक व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के लिए पटवारी ने सांठ-गांठ कर लगाई थी गलत आख्या

मामले से जुड़े पटवारी का लालकुआं तबादला कर दिया गया है। उसे विभागीय आरोप पत्र भी दिया गया है। साथ ही मामले की जांच जारी है।
**- परितोष वर्मा**, एसडीएम हल्द्वानी

# फायर सीजन हुआ खत्म वाहनों की मांग पूरी नहीं

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**बदहाल व्यवस्था**

- रामनगर व हल्द्वानी के लिए मांगे थे तीन नए वाहन
- 10 वाहनों से नैनीताल जिले में आग बुझा रहा दमकल विभाग

**अमृत विचार** : नैनीताल जिले में दमकल विभाग सीमित संसाधनों से आग बुझा रहा है। जिले में तीन नए वाहनों की डिमांड की गई थी। फायर सीजन खत्म हो चुका है, लेकिन पीएचक्यू व शासन स्तर पर वाहनों की मांग को पूरा नहीं किया जा सका।

रामनगर से लेकर हल्द्वानी व लालकुआं से लेकर नैनीताल तक के जंगल संवेदनशील हैं। शहर व रिहायशी इलाकों में अक्सर अग्निकांड के मामले सामने आते रहे हैं। बीते वर्ष दीपावली पर कोतवाली क्षेत्र स्थित एक टेंट गोदाम में आग लग गई थी। इस आग में मालधनचौड़ के दो युवकों समेत तीन लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई थी। जंगलों व शहर में लगने वाली आग को दमकल विभाग सीमित संसाधनों की मदद से बुझा रहा है। कई बार दूसरे जिलों में आग लगने पर कुछ वाहन भेजने पड़ जाते हैं। नैनीताल जिले में दमकल विभाग के पास छोटे व बड़े 10 वाहन हैं। वाहनों की कमी को देखते हुए फायर सीजन शुरू होने से पहले दमकल विभाग की ओर से पीएचक्यू व शासन को पत्र भेज वाहनों की डिमांड की गई थी, जो पूरी नहीं हुई।

## नलकूप खराब होने से छाई पेयजल किल्लत

**हल्द्वानी, अमृत विचार** : राजपुरा क्षेत्र में नलकूप खराब होने से लोगों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। नलकूप के बार-बार खराब होने से लोगों में विभाग के खिलाफ रोष पनप रहा है। राजपुरा में करीब तीन दिन पूर्व जल संस्थान का नलकूप ठीक हुआ था, जो सोमवार को चलते-चलते फिर खराब हो गया। इस कारण लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। मंगलवार को भीषण गर्मी में लोग आसपास के क्षेत्रों से पानी ढोते नजर आये। हालांकि जल संस्थान विभाग टैंकर से पेयजल आपूर्ति कर रहा है, मगर आबादी अधिक होने के कारण लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है। ईई आरएस लोशाली ने बताया कि नलकूप को ठीक करने का कार्य चल रहा है। नलकूप ठीक होते ही पेयजल आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

# आज मैदानी इलाकों में बारिश होने के आसार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार** : मंगलवार को हल्द्वानी में भीषण उष्ण लहर चली। सुबह के समय गर्मी अपेक्षाकृत कम थी, मगर जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया वैसे-वैसे उष्ण लहर और तपिश बढ़ती गई। गर्म हवाओं के साथ धूल के गुबार भी उड़ रहे थे। इधर, मौसम विभाग ने बुधवार को बारिश होने का अनुमान जताया है।

मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून का अनुमान सही साबित हुआ। अनुमान था कि हल्द्वानी में मंगलवार को भीषण उष्ण लहर चलेगी। दोपहर के बाद ऐसा ही हुआ। राहगीरों का सड़क पर चलना तक मुश्किल हो गया। गर्मी की वजह से हर कोई परेशान हो उठा। अपरान्ह तक भी लू के थपेड़े चल रहे थे। आमजन के साथ-साथ जानवर भी गर्मी से परेशान दिखे। अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान सामान्य से सात डिग्री ज्यादा रहा।

मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने अनुमान जताया है कि मंगलवार की देर रात से हल्द्वानी समेत अन्य मैदानी इलाकों में मौसम परिवर्तन होगा। अंधड़ के साथ बारिश होने का अनुमान है। गुरुवार को भी बारिश हो सकती है। अगर ऐसा हुआ तो लोगों को भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी। कुमाऊं मंडल के पर्वतीय क्षेत्रों में सोमवार को बारिश हुई। धारचूला में 36.2 मिमी और मुनस्यारी में 21.4 मिमी बारिश हुई है। पहाड़ों में भी गुरुवार तक बारिश होने का अनुमान है।

# कार शोरूम की पार्किंग में धधकी आग, तीन कार जलकर हुई राख

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार** : गोरापड़ाव स्थित कार शोरूम की पार्किंग में मंगलवार की सुबह आग लग गई। आग ने तीन कारों को चपेट में ले लिया और कुछ ही देर में कारें जलकर राख हो गईं। सूचना पर पहुंची दमकल ने दूसरी कारों की ओर बढ़ रही आग पर काबू पाया। आग कैसे लगी, यह स्पष्ट नहीं हो सका।

हल्द्वानी निवासी गौरव सिंह का गोरापड़ाव में कार का शोरूम है। मंडी चौकी प्रभारी विजय मेहता ने बताया कि सुबह करीब आठ बजे डायल 112 पर शोरूम में आग लगने की सूचना मिली। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो शोरूम के पीछे बनी पार्किंग में खड़ी कारों में आग धधक रही थी। इसी बीच दमकल की टीम भी तीन वाटर टैंकरों के साथ मौके पर पहुंच गई। करीब पौन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

एफएसओ मनिंदर सिंह ने बताया कि शोरूम के मालिक फिलहाल विदेश में हैं। जो गाड़ियां जली हैं, उनकी पहचान नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि तीनों गाड़ियां रिपेयरिंग के लिए पहुंची थीं। उनके मालिकों का पता लगाया जा रहा है।



कार शोरूम की पार्किंग में जलतीं कारें। ● अमृत विचार

**अग्निकांड**

- गोरापड़ाव स्थित शोरूम के पार्किंग में लगी थी आग
- आग के कारणों का नहीं चला पता, दमकल ने पाया काबू

### विकास की सोच रखने वाले सभी संगठन धीरे-धीरे सरकार का ध्यान चार धाम यात्रा के अतीत की ओर दिलाने की मुहिम में जुटे

# कॉर्बेट योगा ग्रुप ने किया रामनगर से चारधाम यात्रा का समर्थन

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** चार धाम यात्रा को रामनगर से जोड़ने का कारवां धीरे धीरे बढ़ता जाने लगा है। विकास की सोच रखने वाले सभी संगठन सरकार का ध्यान चार धाम यात्रा के अतीत की ओर दिलाने की मुहिम में जुटे हैं।

कॉर्बेट योगा ग्रुप के सदस्यों की भी यही सोच है। उनका मत है कि अगर चार धाम यात्रा को रामनगर से जोड़ा जाएगा तो रामनगर, ढिकुली, मछोड, सौराल, भतरोजखान, सिनोड़ा, भिकियासैंण, मासी चौखुटिया, जंगल चट्टी के अलावा कर्णप्रयाग तक मार्ग के छोटे स्टेशनों का भी भाग्य बदल जायेगा। राजनीति से ऊपर उठकर सभी को चारधाम यात्रा को जोड़ने की मुहिम में जुटना चाहिए। कुछ ऐसे ही विचार रखे हैं कार्बेट योगा ग्रुप सदस्यों ने। आइए जानते हैं उन्होंने क्या कहा।



रामनगर से चार धाम यात्रा आरंभ होने से न केवल रामनगर के व्यापार का विकास होगा बल्कि रामनगर से कर्णप्रयाग तक पर्वतीय स्थलो में रोजगार के अवसर पैदा होंगे और वहां पर भी विकास की लहर दौड़ेगी। पहाड़ से पलायन की समस्या से भी कुछ हद तक छुटकारा मिलेगा। भाजपा सरकार का सबका साथ सबका विकास स्लोगन भी चरितार्थ होगा। **–अखिल मेहरोत्रा**



चार धाम यात्रा को रामनगर से जोड़ना जरूरी है। इससे जहां कुमाऊ ओर गढ़वाल के बीच व्यापारिक सम्बन्धों को बल मिलेगा। वहीं युवाओं के लिए स्वरोजगार के द्वार भी खुलेंगे। गढ़वाल के साथ कुमाऊं के पौराणिक मन्दिरों के भी श्रद्धालु दर्शन कर सकेंगे। कुमाऊं के पौराणिक स्थल भी अध्यात्म व पर्यटन के मानचित्र में दिखाई देंगे। **–पवन जैन**



चार धाम यात्रा रामनगर से जोड़ने की मांग आज की नहीं है। पिछले कई सालों से लोग इस मांग को उठाते रहे हैं। जन प्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों ने भी सरकार का ध्यान इस ओर दिलाना चाहिए। इससे बेरोजगारी की समस्या के हद तक दूर होगी। यह मांग गढ़वाल के साथ साथ कुमाऊं की आर्थिकी को भी बल देगी। **–सर्वेश अग्रवाल**

**बोले लोग**



रामनगर को चार धाम यात्रा से जोड़ने की मांग का हर नागरिक को स्वागत व समर्थन करना चाहिए। जब यह मांग पूरी होगी तो स्वत: सड़कें तो दुरुस्त होंगी ही। रामनगर से कर्णप्रयाग तक के नागरिक लाभान्वित होंगे। कई स्थानों पर जन स्टे खुलेंगे। कई लोगों को रोजगार मिलेगा। अन्यथा यात्रा के आभाव में तो यह स्थान विकास से अछूता है। **–दीपक अग्रवाल**



अभी रामनगर को कार्बेट के नाम से एक पर्यटन नगरी के रूप में पहचान बनी है जब चार धाम यात्रा को सरकार रामनगर से जोड़ेगी तो यह कार्बेट नगरी के साथ आध्यत्मिक नगरी के रूप में भी पहचान बनाएगा। रामनगर शहर एक एतिहासिक व्यापारिक केंद्र है जहां पर गढ़वाल और कुमाऊं का क्षेत्र पूरी तरह निर्भर रहता है। इस यात्रा से लोगों को रोजगार मिलेगा। **–मोनी लूथरा**



चार धाम यात्रा रामनगर से शुरू होती है तो रामनगर की मंद पड़ चुके व्यवसाय में एक गति आ सकती है। रामनगर से कर्णप्रयाग तक छोटे–छोटे गांवों के नौ जवानों को रोजगार भी मिलेगा। पहाड़ से पलायन दूर होगा। धामी सरकार को जनहित की इस मांग को पूरा करना चाहिए। **–राजीव अग्रवाल**



रामनगर को चार धाम यात्रा से यदि सरकार जोड़ती है तो यह कुमाऊं के छोटे इलाकों के युवाओं के लिए रोजगार के दरवाजे खोलने के बराबर होगा ही। साथ ही जंगल चट्टी, गैरसैंण, महलचोरी जैसे गढ़वाल के क्षेत्रों का भी कायाकल्प होगा। विकास की दृष्टि से जनहित की इस मांग को पूरा किया जाना चाहिए। **–नवनीत अग्रवाल**

## सार-संक्षेप



राहगीरों को आइसक्रीम वितरित करते स्थानीय युवक। ● अमृत विचार

### युवाओं ने राहगीरों को वितरित की आइसक्रीम

**रामनगर :** भीषण गर्मी के प्रकोप से राहगीरों को कुछ निजात दिलाने के लिए नगर के उत्साही युवकों ने मंगलवार को आइसक्रीम का वितरण किया। मालूम हो कि इन दिनों तराई भाभर का पूरा इलाका भीषण गर्मी की चपेट में है। बीते कई दिन से नगर के लोगों द्वारा आम जनता की सहूलियत के लिए विभिन्न स्थानों पर ठंडे शरबत की छबील लगाकर लोगों की प्यास बुझाई जा रही हैं। इसी क्रम में बाजार के दर्जनों युवाओं ने मंगलवार को नगर के मुख्य रानीखेत मार्ग पर आइसक्रीम का स्टॉल लगाकर लोगों को आइसक्रीम वितरित की। इस मौके पर यश अग्रवाल, प्रशांत पांडेय, प्रखर पांडे, हर्षित मित्तल, अपूर्व अग्रवाल, आशीष मित्तल, प्रखर अग्रवाल, रितिक अग्रवाल, कार्तिक पांडे शामिल रहे।

### छह घंटे बिजली ठप

**लालकुआं :** किच्छा–पंतनगर के बीच विद्युत लाइन में पेड़ गिरने से दो स्थानों पर पोल क्षतिग्रस्त हो गए, जिसके चलते 6 घंटे लालकुआं नगर, बिंदुखत्ता और हल्दूचौड़ क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप्प रही। मंगलवार दोपहर को एक बजे करीब क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गई, जो कि शाम पौने 7 बजे आयी, इस संबंध में विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी संजय प्रसाद ने बताया कि पंतनगर और किच्छा के बीच आम का बगीचा क्षेत्र में अचानक एक पेड़ विद्युत तारों के ऊपर गिर गया, जिससे दो स्थानों में विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गए, भीषण गर्मी के दौरान विद्युत कर्मियों ने बमुश्किल उक्त पेड़ को विद्युत तार से हटाया तथा क्षतिग्रस्त पोलों को दुरुस्त करने का कार्य किया।

### 12 घंटे की बिजली कटौती से लोग हलकान

**रामनगर :** चिल्किया बिजलीघर को ओवरलोड से बचाने के लिए पावर कॉरपोरेशन ने मंगलवार को 8 एमवीए का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने में सारे दिन विद्युत कर्मी जूट रहे, जिस वजह से ग्रामीण इलाकों के लोग भीषण गर्मी में 12 घंटे हलकान रहे। इनवर्टरों के जवाब देने से 12 फीडरों से जुड़े ग्रामीण क्षेत्रों में आफत आ गई। पावर कॉरपोरेशन के अधिशासी अभियंता उमाकांत चतुर्वेदी ने बताया कि ओवरलोड के कारण पिछले कुछ दिनों से अलग–अलग फीडरों में बारी–बारी से बिजली आपूर्ति की जा रही है। मंगलवार सुबह से अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाया। उम्मीद है कि बिजली आपूर्ति में कुछ सुधार होने की उम्मीद है।



कालाढूंगी में शरबत वितरण करते युवा। ● अमृत विचार

### कालाढूंगी में युवाओं ने किया शरबत वितरण

**कालाढूंगी :** नगर में मंगलवार को युवाओं ने शरबत का वितरण किया। कालाढूंगी–कोटाबाग तिराहे पर सुबह से ही भीषण गर्मी में लोगों को शीतल पेय पिलाकर कुछ राहत देने का कार्य किया। इस दौरान शरबत वितरित करने व पीने वालों की भीड़ लगी रही। इस समय भीषण गर्मी लोग बेहाल हैं, हर कोई अपने गले को तर करने लिए पानी की तलाश में लगा है। ऐसे मुख्य मार्ग के किनारे राहगीरों को रोककर शरबत पिलाने का काम किया। युवाओं ने कहा कि शरबत देकर लोगों को भीषण गर्मी से राहत पहुंचाने का काम कर रहे हैं। इस दौरान रोहित बुढलाकोटी, कुबेर ठेकेदार, जीवन बिष्ट, भुवन ढौडियाल, भानु ब्रजवासी, तारा दत्त कत्यूरा, विनोद कत्यूरा, विनोद जोशी, लोकेश मिश्रा, गणेश मेहरा सहित अनेक लोग सेवा लगे हुए थे।

### पति को 7 साल की कैद

**नैनीताल :** पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले पर नैनीताल जिला व सत्र न्यायाधीश सुबीर कुमार की कोर्ट ने सख्त रूप अपनाते हुए आरोपी पति को 7 साल के कारावास की सजा सुनाते हुए आरोपी पर दस हजार अर्थ दंड भी लगाया है। नैनीताल के चार खेत निवासी संजय कुमार अपनी पत्नी को कम दहेज लाने और विवाह के 6 वर्ष बाद संतान न होने के मामले में प्रताड़ित करता था। पति के उत्पीड़न से परेशान पीड़िता ने वर्ष 2020 में सरियाताल झील में कूद कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जिसके बाद पीड़िता के भाई ने मल्लीताल कोतवाली में तहरीर देकर अपनी बहन की हत्या और दहेज की मांग को लेकर मुकदमा दर्ज हुआ था।

### रमेश के निधन पर शोक



**लालकुआं :** नगर के प्रतिष्ठित बत्रा परिवार से रमेश बत्रा (64) का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन पर नगर वासियों ने शोकाकुल परिवार को इस दुख : की घड़ी को सहने के साथ ही मृत आत्मा की शांति की कामना की है। नगर के वार्ड नंबर 5 में निवास करने वाले बत्रा परिवार से रमेश बत्रा पुत्र स्वर्गीय मुलखराज बत्रा का मंगलवार सुबह देहावसान हो गया। उन्हें अटैक पड़ने पर परिजन हल्द्वानी के सुशीला तिवारी चिकित्सालय ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया, उक्त दुखद खबर से शोक की लहर व्याप्त हो गई।

### नहर में मांस के टुकड़े मिलने पर ग्रामीणों में रोष

**कालाढूंगी :** नगर में बकरीद के बाद सिंचाई नहर में मांस के टुकडे.मिलने से ग्रामीणों ने रोष व्यक्त किया है। ग्रामीणों ने दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। बौर नदी से आने वाली सिंचाई नगर से होते हुए चकलुवा के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचती है। ग्रामीण नीरज जोशी,गोपाल मेहरा,पंकज,महेश मिश्रा गणेश सिंह मेहरा,शंकर चौहान,कमलेश कार्की ने बताया कि मंगलवार को सुबह से सिंचाई नहर में मवेशी के अंग टुकडे.पाय गये। इसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्यापत है।

# होम स्टे योजना से पलायन घटेगा

### लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने मुक्तेश्वर के भ्रमण के दौरान कहा

संवाददाता, नैनीताल/भवाली

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) मंगलवार को मुक्तेश्वर के भ्रमण पर रहे। इस दौरान उन्होंने मुक्तेश्वर स्थित सरगाखेत में मधुवन होमस्टे का भ्रमण किया। उन्होंने होमस्टे में बने स्थानीय उत्पादों की जानकारी ली।

इस दौरान राज्यपाल ने स्थानीय होटल और होमस्टे संचालकों से उनके व्यवसाय में आ रही चुनौतियों और समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। स्थानीय लोगों द्वारा क्षेत्र में पानी की समस्या से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र फल पट्टी के रूप में विकसित है लेकिन आसपास मंडी नहीं होने के कारण हल्द्वानी जाना पड़ता है, उन्होंने क्षेत्र में एक मंडी की शाखा खोलने का भी अनुरोध किया। लोगों ने आसपास की लिंक रोड की मरम्मत के लिए भी अनुरोध किया गया।

राज्यपाल ने स्थानीय लोगों को सभी समस्याओं के उचित समाधान का आश्वासन दिया। राज्यपाल ने कहा कि मुक्तेश्वर का यह क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर है। यहां वर्ष भर पर्यटकों की आमद रहती है, इसको मध्य नजर रखते हुए इस क्षेत्र में अधिक से अधिक सुविधाएं दिए जाने के प्रयास किए जाने चाहिए। कहा कि उत्तराखंड में होम स्टे के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। होम स्टे योजना पलायन रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को अधिक से अधिक लोगों को होम स्टे में रजिस्ट्रेशन के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने कहा कि होम स्टे के माध्यम से स्थानीय लोगों को स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्रदान हो रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस योजना के अंतर्गत लोगों को जो भी समस्याएं आ रही हैं उनका समाधान करने की कोशिश की जाए। इस अवसर पर सीडीओ अशोक कुमार पांडेय, एसडीएम कृष्ण नाथ गोस्वामी, पर्यटन अधिकारी अतुल उप्रेती, होमस्टे संचालक दिलाबर सिंह सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।



राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) का स्वागत करते होम स्टे संचालक। ● अमृत विचार

# रक्त के नमूने से दस्तावेज सत्यापित होंगे, योजना का मिल सकेगा लाभ

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिकों को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ लेने के लिए कार्ड नवीनीकरण कराने से पहले रक्त का नमूना देना होगा। जिसके बाद श्रमिकों के दस्तावेज सत्यापित होंगे और उन्हें योजना का लाभ मिलेगा।

नैनीताल रोड स्थित श्रम कार्यालय में मंगलवार को शिविर लगाया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरुष श्रमिक पहुंचे। इस दौरान भीड़ अधिक होने के कारण काफी अव्यवस्थाएं रहीं। श्रमिक रक्त का नमूना देने के लिए दिनभर कतार में लगे रहे। कई बार धक्का-मुक्की तक की नौबत हो गई। श्रम इंस्पेक्टर संजीव कंडारी ने बताया कि पंजीकृत श्रमिकों को चिकित्सा सहायता योजना का लाभ देने की योजना है। जिसके लिए उनके रक्त के नमूने लिये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत 1.25 लाख रुपये से अधिक खर्च होने पर उसका वहन कल्याण बोर्ड की निधि से होगा। उन्होंने बताया कि कार्यालय की ओर से डाटा के आधार पर श्रमिकों को बुलाया जा रहा था, लेकिन जानकारी मिलने पर अन्य श्रमिक भी आ गए। जिस कारण भीड़ बढ़ गई। बुधवार से 120 टोकन दिए जाएंगे और 25 जून से जगह-जगह शिविर लगाएं जाएंगे।



श्रम कार्यालय में उमड़ी पंजीकृत श्रमिकों की भीड़। ● अमृत विचार

## जहर खाकर दी मां और बेटे ने जान

**रामनगर, अमृत विचार :** पीरूमदारा क्षेत्र में मां व बेटे ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहर खाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि मंगलवार शाम ग्राम पीरुमदारा नया झिरना निवासी नंदा देवी (65) पत्नी स्व. जगत सिंह रावत और उसके बड़े पुत्र सुरेंद्र सिंह (45) ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर के पास जंगल में जहर खाकर आत्महत्या कर ली।

बताया जा रहा है कि मां व बेटे दिल्ली जाने के लिए निकले थे। घर में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। सुरेंद्र सिंह विक्षिप्त था। दिल्ली में नंदा देवी की पुत्री रहती हैं। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि मामला संदिग्ध है। दोनों ने गृह कलेश के चलते जहर खाकर आत्महत्या कर ली है। शव को सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

# कौशल विकास में यूओयू की भूमिका पर चर्चा की

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) में कौशल विकास पर 19 से 21 जून तक तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की जायेगी। कॉमनवेल्थ एजुकेशनल मीडिया सेंटर फॉर एशिया (सीईएमसीए) के सहयोग से होने वाली इस कार्यशाला का उद्देश्य मुक्त विश्वविद्यालयों में कौशल योग्यता विकसित करना है।

कार्यशाला की तैयारियों को लेकर मंगलवार को देश के 17 राज्य मुक्त विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने यूओयू परिसर में बैठक की। यूओयू के कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी और सीईएमसीए (सिमका) के निदेशक डॉ. बी शद्रच की मौजूदगी में हुई बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत कौशल विकास में मुक्त विश्वविद्यालयों की भूमिका को बढ़ाने के लिए सहयोगात्मक प्रयास पर प्रकाश डाला गया। प्रो. नेगी ने कहा कि मुक्त विवि सामूहिक रूप से भारत के सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) में 11.5 प्रतिशत का योगदान करते हैं। एनईपी 2020 में तय किए गए लक्ष्य के मुताबिक वर्ष 2035 तक 50 प्रतिशत जीईआर के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मुक्त विश्वविद्यालयों को अपने कार्यक्रमों में कौशल आधारित शिक्षा को एकीकृत करना चाहिए। डॉ. बी शद्रच ने कहा कि भविष्य के कार्यबल की जरूरतों के अनुकूल होने के लिए कौशल-आधारित पाठ्यक्रमों का एकीकरण आवश्यक है। मीडिया इंचार्ज डॉ. राजेंद्र क्वीरा ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यशाला में प्रतिभागी अपने-अपने विश्वविद्यालयों के अनुरूप कौशल-आधारित योग्यता विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों में शामिल होंगे।

### नेपाल में अपना शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे विवेक आर्या



**रामनगर :** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के मनोविज्ञान शोधार्थी विवेक आर्या नेपाल में शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। उन्हें इंटरनेशनल साइंटिफिक रिसर्च एसोसियेशन टेक्सस इंटरनेशनल कॉलेज, काठमांडू, नेपाल तथा रिसर्च कल्चर सोसाइटी की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित कांफ्रेंस नेपाल में शोधपत्र प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया है। विवेक आर्या नेपाल में स्नातक स्तर की छात्राओं में आत्म सम्प्रत्यय तथा समायोजन का सहसम्बन्धात्मक अध्ययन नाम का शीर्षक का शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे। विवेक में पीएनजी रामनगर के मनोविज्ञान विभाग के शोधार्थी हैं।

NCTE & HARIYANA BOARD & M.P. BOARD
Recognized University से मान्यता प्राप्त कॉलेजों में सीधे प्रवेश
D.El.Ed. (डी.एल.एड.)
• योग्यता 50% •NO AGE LIMIT
• प्राइमरी अध्यापक के लिए नया नियम डी.एल.एड. आवश्यक हो गया है।
DIRECT ADMISSION
B.Ed., M.Ed, B.P.Ed. Ph.D. (All Subject)
ADMISSION OFFICE
GLOBAL CAREER INSTITUTE
Add. : Canal Road, Near Durga City Centre, Haldwani
Mob. +91-7617632557

जोशी क्लीनिक



डॉ. संजय जोशी
B.A.M.S. (Lko)
N.D.D.Y.
C.K.S., C.Y.P.
वरिष्ठ आयुर्वेदिक फिजीशियन
(उदर एवं गुदा रोग विशेषज्ञ)

1. विशेषज्ञ चिकित्सा
पाइल्स (बवासीर)
फिस्चुला (भगंदर)
फिशर एवं पाइलोनिडल साइनस का इलाज विश्व प्रसिद्ध आयुर्वेदिक क्षार-सूत्र चिकित्सा द्वारा

2. आयुर्वेदिक रक्तमोक्षण चिकित्सा
Leech Therapy
(जलोका)

Cupping Therapy

रोग : सोरायसिस, चर्म रोग, जोड़ों के दर्द, माइग्रेन, वैरीकोज वेन, बालों का झड़ना, शरीर की गाँठ, न भरने वाले घाव

समय
प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
सायं 5:30 बजे से 8 बजे तक
शनिवार अवकाश

BOOK APPOINTMENT
Scan QR Code for More Details

कुसुमखेड़ा
निकट गैस गोदाम
तिराहा, कालाढूंगी रोड
हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
M : 9412958478

॥श्री:॥
विश्वप्रांगण महाराष्ट्रीयन आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सालय

उपलब्ध चिकित्सक



नाड़ी वैद्य राहुल गुप्ता
(BAMS, MD)



वैद्य अंकिता गुप्ता
(BAMS, MS)

उपलब्ध चिकित्सा
अल्सरेटिव कोलाइटिस
स्ट्रिक्चर यूरेथरा/ किडनी रोग
नेत्र रोग
सफेद दाग
स्पाइनल समस्याएँ
बालों की समस्या
पाचन समस्याएँ
पोस्ट कोविड समस्याएँ
सर्दी खाँसी-दमा
सोरायसिस
थाइरायड समस्या
माइग्रेन/ मानसिक रोग
स्पोर्ट्स इंजरी
इन्फर्टिलिटी
बच्चों के रोग
गॉल ब्लैडर स्टोन
सौंदर्य समस्याएँ
स्त्री रोग

सुविधायें
पंचकर्म
नाड़ि परीक्षण
गर्भ संस्कार
लीच थैरेपी
नेत्र तर्पण
उत्तर बस्ती
शिरोधारा
स्वर्ण प्राशन
पत्र पोट्टलि
अग्निकर्म

7895372936
05946-222577
शनिवार पूर्ण अवकाश
मुखानी चौराहा, शिव मंदिर के पास, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
For Online Consultation svpayurvedaclinic.com

## सार-संक्षेप



बुद्धपार्क में निर्जला उपवास पर बैठे संस्था के लोग।

### जल, जंगल व पर्यावरण संरक्षण को रखा निर्जला उपवास

**हल्द्वानी :** निर्जला एकादशी के अवसर पर हम संस्था ने जल, जंगल और पर्यावरण संरक्षण की जागरूकता के लिए निर्जला उपवास किया। तिकोनिया स्थित बुद्ध पार्क में संस्था के संस्थापक सेवानिवृत्त असिस्टेंट कमांडेंट आरपी सिंह ने एक दिवसीय उपवास किया। इस दौरान नवीन तिवारी, मनीष कुकरेजा, कुणाल रौतेला, नेहा डूंगराकोटी, हेमलता पांडे, निकिता नयाल, देव पांडे, संचित आदि मौजूद रहे।



गौलापार अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में स्विमिंग ट्रायल में प्रतिभाग करते खिलाड़ी।

### स्विमिंग पूल में तैराकों ने उठाया लुफ्त

**हल्द्वानी :** गौलापार स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडिय में बना स्विमिंग पूल खेल विभाग ने खिलाड़ियों के लिए खोल दिया है। मंगलवार को तैराकी का प्रशिक्षण लेने पहुंचे तैराकों ने जमकर तैराकी का लुफ्त उठाया। खेल विभाग की ओर से एक महिला प्रशिक्षक व एक पुरूष प्रशिक्षक को नियुक्त किया गया है। साथ ही दो सहायक भी लगाए गए हैं। बीती 14 मई को तैराकी प्रशिक्षण शिविर के लिए 35 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। इसमें 12 से 16 साल के खिलाड़ियों को चुना गया है। जिन्हें तैराकी नहीं आती, उन्हें अलग पूल में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### समय पर कूड़ा गाड़ी न आने की शिकायत

**हल्द्वानी :** नगर निगम की चौपाल में वार्ड 39 के लोगों ने अधिकारियों के सामने कूड़ा गाड़ी समय पर न आने की शिकायत दर्ज कराई। अधिकारियों ने भी माना कि समय पर यूजर चार्ज न वसूलने की वजह से नगर निगम को आर्थिक हानि उठानी पड़ रही है। मंगलवार को वार्ड 39 में नगर निगम ने चौपाल लगाई। जिसमें निर्वतमान पार्षद ममता जोशी ने कहा कि क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटों की स्थिति सही नहीं। साथ ही सफाई भी सही से नहीं होती है। उन्होंने वार्ड में तीन और सफाई कर्मियों की नियुक्ति की मांग की। कहा कि निगम ने तीन सफाई कर्मी हटा दिए हैं, इससे वार्ड में सफाई नहीं हो पा रही है। चौपाल के दौरान अधिकारियों ने कहा कि नगर निगम के नए वार्डों से संस्था के वाहन कूड़ा उठा रहे हैं, हालांकि वाहन प्रतिदिन नहीं आ रहे हैं। इस दौरान सफाई निरीक्षक अमोल असवाल, पथ प्रकाश निरीक्षक डीएस परमार, प्रोजेक्ट मैनेजर मनोज नेगी मौजूद रहे। अब चौपाल में नगर निगम के उच्च अधिकारी नहीं पहुंच रहे हैं।

### विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत

**हल्द्वानी :** अल्मोड़ा के विश्वनाथ निवासी पुष्कर सिंह अधिकारी की 28 वर्षीय पत्नी रेखा अधिकारी हल्द्वानी में मुखानी थाना क्षेत्र स्थित गैस गोदाम रोड पर पति के साथ किराये के मकान में रह रही थी। 17 जून को अचानक हालत बिगड़ी थी। 18 जून की रात डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में इलाज के दौरन रेखा की मौत हो गई। रेखा की दो साल पहले शादी हुई थी। परिजनों के मुताबिक महिला को पीलिया था। मंगलवार को नायब तहसीलदार युगल किशोर पांडे ने शव का पंचनामा भरा। तहसीलदार सचिन कुमार की मौजूदगी में चिकित्सकों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया गया।

# रकसिया नाले का निर्माण सितंबर माह तक पूरा करें: बंशीधर भगत

## कालाढूंगी विधायक व एसडीएम ने किया नाला निर्माण का स्थलीय निरीक्षण, दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने रकसिया नाले प्रोजेक्ट का स्थलीय निरीक्षण किया। प्रोजेक्ट में नाले को चैनलाइज करने के साथ ही प्रेमपुर लोश्ज्ञानी से जंगल की तरफ डायवर्ट किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने कार्यदायी संस्था को रकसिया नाले का निर्माण सितंबर माह तक पूरा करने के निर्देश दिए।

विधायक भगत ने मंगलवार को एसडीएम परितोष वर्मा के साथ रकसिया नाले का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यह नाला काश्तकारों की फसल चौपट कर देता है, इसलिए इस समस्या को जड़ से समाप्त करना जरूरी है। इसके अलावा छड़ायल में इस नाले का पानी घरों में जलभराव करता है। इसके निस्तारण के लिए प्रशासन को आदेश दिए गए थे। इसके बाद निस्तारण के लिए नाले को चैनलाइज करने के लिए टनल बनाई जा रही है। इस टनल से बारिश के पानी को जंगल में छोड़ने का प्रस्ताव बनाया गया है। उन्होंने कहा कि 30 करोड़ की लागत से प्रेमपुर लोश्ज्ञानी नाले को चैनलाइल व जंगल की तरफ मोड़ा जाएगा।

इससे बारिश में नाला ओवरफ्लो नहीं होगा और दोनों तरफ तबाही नहीं मचाएगा। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य हरेंद्र दरम्वाल ने इस प्रोजेक्ट के लिए विधायक भगत का आभार जताते हुए कहा कि रकसिया नाले की समस्या का समाधान होने से हल्द्वानी को लाभ मिलेगा। इस दौरान प्रोजेक्ट मैनेजर कुलदीप सिंह, भुवन, दिनेश प्रजापति, एई दीन दयाल पांडे एवं रोहित जोशी, जेई जितेंद्र सिंह एवं महेश सेंगर, पटवारी सुनीता लोहनी, संतोष डिमरी, भवान बिष्ट, पूर्व पार्षद राजेंद्र नेगी, त्रिलोक सिंह निगलटिया, विक्रम निगलटिया, शोभन सिंह नायक, विनोद लोशाली, कमल बेलवाल मौजूद रहे।



रकसिया नाले प्रोजेक्ट का स्थलीय निरीक्षण करते विधायक बंशीधर भगत, साथ में एसडीएम परितोष वर्मा। ● अमृत विचार

# भाजपा मंडल स्तर पर लगाएगी योग शिविर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव से उत्साहित भाजपा ने जन-जन तक पहुंच बढ़ाने के लिए सांगठनिक कार्यक्रम की सूची बनाई है। इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों की सहभागिता अनिवार्य रूप से करनी होगी।

प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत ने बताया कि लोकसभा चुनाव के बाद सांगठनिक कार्यक्रमों की शुरुआत 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के साथ होगी। इसके तहत प्रत्येक मंडल में न्यूनतम एक योग शिविर लगाया जाएगा। 23 जून को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का स्मृति दिवस और 6 जुलाई को उनकी जयंती पर बूथ स्तरीय कार्यक्रम होंगे। इसके अलावा 23 जून से 16 जुलाई तक हरेला पर्व के उपलक्ष्य में एक पेड़ मां के नाम से पौधरोपण कार्यक्रम होगा। स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए तालाब, कुंआ एवं अन्य जल स्रोतों में प्लास्टिक रहित अभियान 16 जुलाई तक संचालित किया जाएगा। 25 जून को काला दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसके तहत विचार गोष्ठी एवं प्रेस कान्फ्रेंस आयोजित की जायेगी। 30 जून को मन की बात फिर से शुरू होने जा रहा है। इसको सभी बूथों पर सामूहिक रूप से कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से सुनेंगे।

### इन्हें मिली कार्यक्रम सफल बनाने की जिम्मेदारी

योग दिवस कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट को प्रदेश संयोजक, रमेश चौहान एवं विजय भट्ट को सह संयोजक बनाया गया है। इसी तरह जिला एवं मंडल स्तर पर भी संयोजक एवं सह संयोजक बनाए जाएंगे। वहीं, डॉ. मुखर्जी एवं हरेला पर्व को लेकर होने वाले कार्यक्रमों के लिए प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी को प्रदेश संयोजक, प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा सह संयोजक, जोगिंदर पुंडीर, सौरभ भूषण, गीता रावत, विवेक दीप सिंह सदस्य को दायित्व सौंपा गया है। काला दिवस कार्यक्रम संयोजक अनिल गोयल, सह संयोजक प्रदीप बिष्ट एवं विनोद रतूड़ी बनाए गए हैं। मन की बात के लिए प्रदेश संयोजक की जिम्मेदारी प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट, सह संयोजक सौरभ थपलियाल एवं ललित पंत को दी गई है। इन सभी कार्यक्रमों के लिए जिला एवं मंडल स्तर पर तीन-तीन पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी जाएगी।

# कैसे रहें निरोग जब मरीजों को नहीं सिखा रहे योग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। योग भारत की देन है, जिसको पूरे विश्व ने अपनाया है। हल्द्वानी में भी योग दिवस पर कई कार्यक्रम होंगे। मगर शहर के मध्य स्थित 50 बेड के आयुष अस्पताल में मरीजों को योग कराने की व्यवस्था तक नहीं है।

आयुष चिकित्सालय में जो भी मरीज आते हैं उन्हें ओपीडी में चिकित्सक देखते हैं। आयुष चिकित्सा में दवाओं के साथ ही योग का भी महत्वपूर्ण स्थान है। मरीजों को योग करने के भी निर्देश दिए जाते हैं। इसके लिए अलग से प्रशिक्षित योग विशेषज्ञ होते हैं, लेकिन आयुष चिकित्सालय में मरीजों को योग सिखाने की कोई व्यवस्था नहीं है। आयुष विभाग की मदद से हल्द्वानी में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है, जबकि विभाग के एक बड़े अस्पताल में ही योग विशेषज्ञ नहीं है। इधर, अस्पताल के प्रभारी डॉ. प्रदीप मेहरा ने बताया कि अस्पताल में फिलहाल योग और पंचकर्म की सुविधा नहीं है। यह हाल केवल इसी अस्पताल का नहीं है। अन्य जगह पर खोले गए आयुष चिकित्सालयों में भी यही हाल है।

### इन बीमारियों में योग की बड़ी भूमिका

**हल्द्वानी :** विशेषज्ञों का कहना है कि स्वस्थ व्यक्ति को भी रोजाना योग करना चाहिए। साथ ही कुछ बीमारियां ऐसी होती हैं, जिनमें योग करने से काफी लाभ मिलता है। उदाहरण के तौर पर मधुमेह, रक्तचाप, गठिया, अवसाद, उदर रोग, नेत्र रोग आदि बीमारियों को ठीक करने में योग की बड़ी भूमिका होती है।

# निर्जला एकादशी पर वितरित किया शरबत

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला महिला प्रकोष्ठ ने मंगलवार को निर्जला एकादशी के अवसर पर राहगीरों को शरबत वितरण किया। व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा और जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता ने महिला प्रकोष्ठ की ओर से किये जा रहे शरबत वितरण की सराहना की और उनका उत्साहवर्धन किया। महिला प्रकोष्ठ से प्रदेश मंत्री शांति जीना, जिला उपाध्यक्ष विनीता शर्मा, सिद्धि सुयाल, महामंत्री उर्वशी बोरा, रेनू टंडन, मीना सेठ, सुरभि मेहरोत्रा सहित महिला प्रकोष्ठ की पदाधिकारी उपस्थित रहीं।

**रामलीला कमेटी ने किया शरबत वितरण :** निर्जला एकादशी के अवसर पर रामलीला कमेटी ब्लॉक के तत्वावधान में सीताराम चौराहे पर शरबत वितरण किया गया। जिसमें सैकड़ों राहगीरों ने शरबत पिया। इससे पूर्व कमेटी के पदाधिकारियों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। कार्यक्रम संयोजक मुकेश कुमार जोशी ने कहा कि कमेटी की ओर से आगे भी इसी प्रकार के सामाजिक कार्य किये जायेंगे।

इस दौरान गोकुलानंद जोशी, अजय डंगवाल, गोपाल जीना, मोहन जोशी, दीपक नेगी, पवन रजवार, मोहित कुमार, नीलेश जोशी, हर्षवर्धन जोशी, तेजपाल भंडारी मौजूद रहे।



शरबत वितरित करतीं व्यापार मंडल की महिला प्रकोष्ठ की पदाधिकारी व अन्य।



राहगीरों को शरबत वितरित करते रामलीला कमेटी के लोग। ● अमृत विचार

### शरबत वितरण के दौरान लगा जाम

शरबत वितरण के कारण कोतवाली से लेकर रोडवेज स्टेशन तक जाम लग गया। जिस कारण लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। शहर में इन दिनों अलग-अलग सामाजिक संस्थाएं राहगीरों को शरबत बांट रही हैं। भीषण गर्मी में संस्थाएं शरबत बांटकर अच्छा काम कर रही हैं, लेकिन लोग शरबत पीने के लिए अपने दोपहिया व चौपहिया वाहन बीच सड़क पर रोक रहे हैं। जिस कारण जाम की स्थिति पैदा हो रही है। मंगलवार को कोतवाली स्थित हनुमान मंदिर के पास शरबत बांटा जा रहा था। जहां कुछ वाहनों के रूकने के कारण जाम लग गया। देखते ही देखते जाम सिंधी चौराहे तक लग गया और जाम में फंसने के कारण भीषण गर्मी में बहुत देर तक लोग परेशान रहे।

# ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई लो वोल्टेज में कोई सुधार नहीं

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एक तरफ विद्युत विभाग बिजली घरों में ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने का दावा कर रहा है, दूसरी तरफ उपभोक्ता अभी भी लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है।

विद्युत विभाग ने बीते दिनों शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के बिजली घरों में लगे ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई थी। मगर इसके बाद भी उपभोक्ताओं को लो वोल्टेज की समस्या से निजात नहीं मिल रही है। गौलापार बिजली घर में लगे ट्रांसफार्मर को 5 एमवीए से बढ़ाकर 10 एमवीए कर दिया गया है। वहीं सुभाष नगर बिजली घर में 12.5 एमवीए तक के ट्रांसफार्मर लगा दिए गए हैं।

इसके अलावा टीपीनगर, कालाढूंगी चौराहा समेत अन्य बिजली घरों में ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई गई है। इसके बावजूद हालात जस के तस हैं। लो वोल्टेज की समस्या के कारण गौलापार, राजपुरा, इंदिरानगर, मुखानी, दमुवाढूंगा, कठघरिया आदि क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है। राजपुरा निवासी हेमंत साहू ने बताया कि रात के समय इलाके में लो वोल्टेज की समस्या सबसे अधिक रहती है। कूलर व पंखे तक काम नहीं करते हैं।



हीरानगर विद्युत कार्यालय में अधिकारी का घेराव करते लोग।

### दिक्कत

- शहर से ग्रामीण क्षेत्रों तक हो रही लो वोल्टेज की समस्या
- घरों में कूलर और पंखे तक नहीं कर रहे काम

"ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने का कार्य पूरा किया जा चुका है। जिन इलाकों में लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है वहां विभाग ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ा रहा है। गायत्री नगर इलाके में 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है। जिससे लो वोल्टेज की समस्या में कमी आएगी। -**प्रदीप बिष्ट**, ईई विद्युत विभाग

### विद्युत कटौती से परेशान लोगों ने किया प्रदर्शन

**हल्द्वानी :** भीषण गर्मी में घंटों हो रही बिजली कटौती से परेशान लोगों का गुस्सा मंगलवार को फूट पड़ा। उन्होंने हीरानगर स्थित विद्युत कार्यालय में प्रदर्शन करते हुए विद्युत आपूर्ति सुचारू करने की मांग की। लोगों ने कहा कि आघोषित बिजली कटौती के चलते नलकूप भी नहीं संचालित हो पा रहे हैं। जिससे पेयजल की किल्लत भी बनी हुई है। विकास एवं पर्यावरण सुरक्षा समिति के अध्यक्ष विशंभर दत्त कांडपाल ने कहा कि जज फार्म इलाके में लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। विभाग की ओर से ट्रांसफार्मर लगाने के लिए सर्वे किया था, लेकिन साल भर बीतने के बाद भी अभी तक ट्रांसफार्मर नहीं लग पाया है। जिससे क्षेत्र में लो वोल्टेज व बिजली कटौती की समस्या बनी हुई है। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र समस्या का समाधान नहीं निकाला गया तो क्षेत्रवासी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। प्रदर्शन करने वालों में पीसी पंत, हेमचंद्र जोशी, राकेश पांडेय, रोहित पांडेय, रवि मेहता, संतोष जोशी, उर्वशी बोरा समेत कई लोग मौजूद रहे।

### केबल मरम्मत के चलते सात घंटे गुल रही आपूर्ति

**हल्द्वानी :** मंगलवार को सुभाष नगर, टीपीनगर और हाईडिल गेट चौराहा के बिजली घरों में 33 केवीए के केबल की मरम्मत के चलते सात घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही। सुभाष नगर बिजली घर की 33 केवी लाइन की केबल बदलने के चलते राजपुरा व धोबीघटा के क्षेत्र में 2 घंटे तक आपूर्ति बाधित रही। वहीं टीपी नगर बिजली घर के केबल की मरम्मत के चलते मंडी समेत टीपीनगर इलाकों में 5 घंटे तक आपूर्ति बाधित रही। हाईडिल गेट बिजली घर से संबंधित काठगोदाम से पोषित मुखानी फीडर में फ्रेंड्स कॉलोनी के पास एलटी केबल टूट जाने से ब्रेक डाउन हो गया, जिसके चलते एक घंटे तक आपूर्ति बाधित रही।

# खाते से कटे रुपये, पोर्टल में जमा नहीं हुई फीस

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एमबीपीजी कॉलेज में इन दिनों प्रवेश चल रहे हैं। छात्र-छात्राएं प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने के बाद समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन फीस जमा कर रहे हैं, मगर पोर्टल के जरिये फीस जमा करने में दिक्कत आ रही है। कई छात्र-छात्राओं के बैंक खाते से रुपये तो कट गये, लेकिन पोर्टल पर उनकी फीस का भुगतान नहीं हुआ है। उन्हें पोर्टल पर दोबारा से फीस भुगतान का विकल्प दिख रहा है। जिससे छात्र-छात्राएं परेशान हैं।

मंगलवार को कई छात्र-छात्राएं प्रवेश कक्ष पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी समस्या प्रवेश प्रभारी को बताई। प्रवेश प्रभारी अमित सचदेव ने बताया कि समर्थ पोर्टल में तकनीकी दिक्कत के कारण ऐसा हो रहा है। जिन छात्र-छात्राओं के खाते से रुपये कटने के बाद भी फीस जमा नहीं हो पाई है, उन्हें एक प्रार्थना पत्र लिखना होगा। उसमें बैंक ट्रांजेक्शन की प्रति लगानी होगी। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को रुपये वापस आने का आश्वासन दिया।

इधर, एमबीपीजी कॉलेज में अब तक कुल 1,678 प्रवेश हुए हैं। मंगलवार को कुल 197 प्रवेश हुए। राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में मंगलवार को 309 प्रवेश हुए।

### कल प्रवेश का आखिरी दिन

एमबीपीजी कॉलेज में विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश गुरुवार तक होंगे। पंजीकृत छात्र-छात्राएं जिनका अभी तक प्रवेश नहीं हुआ है, वह गुरुवार को कॉलेज आकर प्रवेश ले सकते हैं। 21 जून से 10 जुलाई तक ग्रीष्मकालीन अवकाश के कारण कॉलेज बंद रहेगा। प्रवेश प्रभारी अमित सचदेव ने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद शासन के आदेशानुसार प्रवेश होंगे।

### महिला की हुई मौत

**हल्द्वानी :** एक महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मोहनपुर गदरपुर निवासी सुरू हलदार (55 वर्ष) पत्नी अर्जुन हलदार को परिजनों ने 16 जून को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया था। हालत नाजुक होने पर उसे हल्द्वानी डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया गया। 17 जून की रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मेडिकल चौकी प्रभारी प्रवीण तेवतिया ने बताया कि पोस्टमार्टम कराया गया है। मौत की वजह रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगी।


## मां श्री पूर्णागिरि मंदिर समिति मां पूर्णागिरी धाम, टनकपुर



देवभूमि उत्तराखण्ड के कण-कण में आस्था है। नेपाल सीमा से लगे चंपावत जिले का पूर्णागिरी धाम प्रमुख शक्तिपीठों में से एक है। **पूर्णागिरी देवी धाम में सभी श्रद्धालुओं का हार्दिक स्वागत है।** श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जिला प्रशासन और सरकार के साथ मंदिर समिति अनेकों प्रयास कर रही है। श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि वे अपने अनुभवों को जरूर साझा करें, ताकि कमियों को दूर कर देवी धाम की व्यवस्था को और बेहतर किया जा सके।

**इस वक्त उपलब्ध कराई जा रही है ये सुविधाएं :-**

- देवी धाम में आस्था को बरकरार रखते हुए तीर्थयात्रियों को अधिकतम सुविधा प्रदान करना।
- श्रद्धालुओं को देवी दर्शन कराने के लिए मुख्य मंदिर क्षेत्र में स्वयंसेवकों की तैनाती।
- भैरव मंदिर से काली मंदिर तक निःशुल्क ठहरने, स्नान, शौचालय आदि की उत्तम सुविधा।
- सफाई के लिए ठेका व्यवस्था के अलावा समिति भी स्वयं सेवकों के जरिए योगदान दे रहा है।
- मेला अवधि बाद निःशुल्क पथ प्रकाश, पेयजल, विश्राम, स्नानागार, शौचालय सहित कई तरह की व्यवस्थाएं।
- मुख्य मंदिर क्षेत्र में भीड़ नियंत्रित करने के लिए जरूरत के अनुरूप बैरीकेडिंग की व्यवस्था।
- जिला प्रशासन, जिला पंचायत के साथ समन्वय और सामंजस्य बनाते हुए मेले की व्यवस्थाओं को बेहतर करना।
- धाम क्षेत्र में पशुबलि, धूम्रपान, गुटखा, मदिरा, पॉलीथीन, लहसुन, प्याज आदि पर प्रतिबंध के साथ ही तीर्थ यात्रियों से भी सहयोग की अपेक्षा।



पं. किशन तिवारी
अध्यक्ष



पं. नीरज पांडेय
उपाध्यक्ष



पं. सुरेश तिवारी
सचिव



पं. नवीन तिवारी
कोषाध्यक्ष

## एक नजर

### युवक के पैर में घुसा लोहे का एंगल

**बाजपुर :** दुकान पर काम करने के दौरान लोहे का एंगल पैर में घुसने से श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गया। नगरपालिका के वार्ड नंबर-सात मोहल्ला संजय कॉलोनी निवासी विशाल रामराज रोड पर एक सरिया-सीमेंट की दुकान पर काम करता है। मंगलवार को सरिया काटते वक्त दुकान में पड़ा लोहे का एंगल उसके पैर में घुस गया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

### नींद की झपकी आने पर बाइक सवार डिवाइडर से टकराया

**जसपुर :** गांव अहमदनगर निवासी



जगदीश बाठला मोटरसाइकिल से रुद्रपुर अपनी रिश्तेदारी में जा रहा था। रास्ते में उसे नींद की झपकी आ गई। इससे उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर हाईवे के डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे रुद्रपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया है। वह काशीपुर की एक प्राइवेट फैक्ट्री में नौकरी करता है। रात की डबल ड्यूटी करने के बाद वह रुद्रपुर अपनी रिश्तेदारी में एक बीमार महिला की कुशलक्षेम पूछने जा रहा था।

# साल बोझी में वन भूमि से अतिक्रमण हटाया

## 5 प्रभारी और 9 रेंजों के वनकर्मी हुए कार्रवाई में शामिल, एक हफ्ते पहले दिया जा चुका था अल्टीमेटम

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** वन विभाग की टीम ने मंगलवार को पीलीभीत रोड स्थित सालबोझी नंबर एक में पहुंचकर वन भूमि के अतिक्रमण को हटवाया। एक सप्ताह पूर्व वन विभाग की टीम ने लाल निशान लगाते हुए अतिक्रमण को स्वयं हटा लेने को कहा था।

खटीमा वन प्रभाग की उपप्रभागीय वनाधिकारी संचिता वर्मा के निर्देशन में खटीमा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी एमसी जोशी के नेतृत्व में वन विभाग के नौ रेंजों के वनकर्मियों और पांच प्रभारियों ने अतिक्रमण को हटाना शुरू कर दिया है। एक सप्ताह पूर्व वन विभाग के वन क्षेत्राधिकारी जोशी के नेतृत्व में टीम ने साल बोझी में अतिक्रमण किए गए प्लाट, झाले और झोपड़ियों में रेड क्रॉस का निशान लगाकर स्वयं अतिक्रमण हटा लेने की मुनादी कराई गई थी। मंगलवार को जेसीबी से चिन्हित अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया। वन विभाग की कार्रवाई को देख लोग स्वयं अपना सामान हटाने लगे। एसडीओ वर्मा ने कहा कि वन भूमि पर अवैध कब्जेदारों के खिलाफ अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी रहेगा। इस दौरान धन सिंह अधिकारी, भैरव सिंह बिष्ट, जागेश वर्मा आदि मौजूद थे।



खटीमा के साल बोझी में अतिक्रमण हटवाते वनकर्मी। ● अमृत विचार



अतिक्रमण हटाने के दौरान झोपड़ियों से सामान बाहर निकालते वनकर्मी।



अतिक्रमण हटाने से पूर्व वनकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश देती एसडीओ संजीता वर्मा। ● अमृत विचार

# इलाज के लिए तांत्रिक का सहारा लेना पड़ा भारी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** बीमार होने पर इलाज के लिए तांत्रिक का सहारा लेना एक युवक को भारी पड़ गया। तांत्रिक ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसे ब्लैकमेल कर उससे रकम ऐंठनी शुरू कर दी। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित को आरोपियों ने पुलिस अधिकारी बताकर परेशान करना शुरू कर दिया। तंग आकर पीड़ित ने न्यायालय को प्रार्थना पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर तांत्रिक समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

ग्राम धीमरखेड़ा निवासी नजर हुसैन ने न्यायालय को दिये प्रार्थना पत्र में कहा कि फेसबुक के विज्ञापन के माध्यम से एक तांत्रिक से संपर्क हुआ। इस दौरान उन्होंने अपनी व उनकी बहन की काफी समय से तबीयत खराब होने की बात बताई। तांत्रिक ने बताया कि उन लोगों पर ऊपरी हवा जिन्न का साया है। इसका इलाज तंत्र मंत्र से करते हैं और तांत्रिक ने आधार कार्ड और डिटेल भेजने की बात कही। डिटेल भेजने के बाद तांत्रिक ने कहा कि उनका इलाज यहीं से बैठे-बैठे कर दूंगा और इलाज में होने वाला खर्चा भेज दो। खर्चा केवल एक बार

**ठगी**

▸▸ तांत्रिक ने अपने साथियों के साथ ब्लैकमेल कर हजारों रुपये हड़पे

भेजना है उसके बाद कोई रुपया नहीं भेजना है। उसकी बातों पर विश्वास पर पीड़ित ने अलग-अलग तिथि में कई बार मांगने के बाद उसे हजारों रुपये भेज दिए। इसी बीच तांत्रिक द्वारा फोन के माध्यम से बताया गया कि पीड़ित के ऊपर बहुत खतरनाक जिन्न है, जिसके इलाज के लिए बकरे की भेंट देनी पड़ेगी और उसका खर्चा कम से कम 20 हजार रुपये आएगा। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने तांत्रिक से पैसे ठगने की बात बोली, तो वह आग बबूला हो गया और गाली गलौच करने लगा। इसके बाद अलग-अलग नंबरों से धमकी भरे कॉल करने लगा। आरोप है कि एक कॉलर ने अपने आपको एसआई उत्तराखंड पुलिस, देहरादून बताते हुए 50 हजार रुपये की मांग भी की और रुपये नहीं देने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। साथ ही कहा कि उन्होंने तांत्रिक को बरेली से पकड़ लिया है। इसमें एक अन्य व्यक्ति भी शामिल है। मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने सतीश व धीरज नाम के व्यक्ति पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।





दिनेशपुर अंडरपास के पास सर्विस लाइन पर पलटी ट्रैक्टर ट्रॉली। ● अमृत विचार

### ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से चालक बाल-बाल बचा

**गदरपुर :** पराली से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली का टायर पंचर होने से वह गड्ढे में पलट गई। ट्रैक्टर चालक ट्रॉली पलटने से पहले ही कूद गया, जिससे वह बाल-बाल बच गया। मंगलवार को सुबह 5 बजे जतन सिंह पंतनगर से ट्रैक्टर ट्रॉली में पराली लादकर काशीपुर जा रहा था। जब वह दिनेशपुर अंडरपास सर्विस लाइन पर पहुंचा तो ट्रॉली का पहिया जोरदार आवाज के साथ फट गया। जब तक चालक जतन सिंह कुछ समझता तो ट्रैक्टर ट्रॉली सर्विस लाइन के साथ गड्ढे में पलटने लगी। इस पर चालक जतन सिंह ट्रैक्टर से कूद गया। सर्विस लाइन पर ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से काफी देर तक वहां काशीपुर जाने वाले वाहनों को रुकना पड़ा। हाइड्रा के आने के बाद ट्रैक्टर ट्रॉली को सीधा किया गया। इसके बाद यातायात सुचारू हुआ।

# कार की टक्कर से बाइक सवार दंपति व बेटी घायल

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार पति-पत्नी व उनकी बेटी घायल हो गई।

मंगलवार को ग्राम दियोहरी निवासी भजन लाल सैनी, अपनी पुत्री सुहानी व पत्नी धनवती के साथ बाइक पर बाजपुर में काम करने के लिए आ रहे थे। इसी बीच नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग पर ग्राम नमूना के पास बरहैनी की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने अनियंत्रित होकर बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके से भागने का प्रयास कर रहे आरोपी कार चालक को लोगों ने पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। वहीं घटना में गंभीर रूप से घायल हुए पति-पत्नी व बेटी को स्थनीय लोगों की मदद से उपजिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है। घटना के चलते मौके पर काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई जिससे वहां काफी देर तक अफरातफरी का माहौल बना रहा। कुछ देर के लिए स्टेट हाइवे पर आवागमन प्रभावित रहा।



बाजपुर में बाइक को टक्कर मारने के बाद क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में लेती पुलिस।





घायल बाइक सवार सुहानी व भजनालाल को सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे लोग।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बाजपुर :** ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सोमवार की देर रात्रि करीब नौ बजे भोना इस्लामनगर नगर वार्ड-12 निवासी सुमित शर्मा (25) पुत्र रामौतार शर्मा बाइक से भगत सिंह चौक की ओर जा रहा था। इसी बीच भगत सिंह चौक की ओर से आ रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली के चालक ने रामराज रोड स्थित मंडी गेट के समीप उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें सुमित शर्मा घायल हो गया। घटना में बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद आरोपित ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक मौका पाकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने पहाड़ी कालोनी मोड़ पर ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोक कर काफी हंगामा किया। घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे चिकित्सकों ने हायर रेफर कर दिया है। उसकी हालत काफी नाजुक बताई जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है।

### कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार

**काशीपुर :** पैगा चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान बासंखेड़ा फ्लाईओवर के पास से ग्राम करनपुर थाना आईटीआई निवासी सुखविंदर सिंह को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 63 पाउच करीब 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने आरोपी का आबकारी एक्ट में चालान किया है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र निखिल सुनाल व पुत्रवधू सोनम सुनाल को उनके गलत आचरण व चाल-चलन के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा पुत्र व पुत्रवधू यदि किसी से लेन-देन या गलत कृत्य करते हैं तो इसके जिम्मेदार वे स्वयं होंगे। इससे मेरा या मेरे परिवार का कोई सम्बन्ध नहीं होगा। - **महेश चन्द्र पुत्र श्री माधवानन्द, निवासी रतनपुर नेगी, पो. किशनपुर, तहसील हल्द्वानी, जिला नैनीताल।**



शांतिपुरी में सड़क पर घूमते आवारा पशु। ● अमृत विचार

### शांतिपुरी में आवारा पशु बने परेशानी का सबब

**शांतिपुरी :** क्षेत्र में आवारा पशुओं की समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। गर्मी में जहां पशु जल, जीवन और आशियाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर राहगीरों के लिए जान का खतरा बने हुए हैं। आलम यह है कि क्षेत्र में जिधर देखो हर रास्ते पर आवारा पशुओं का झुंड देखने को मिल जाता है। देर रात के समय सड़कों पर खड़े इन आवारा पशुओं से टकराकर कई राहगीर दुर्घटनाग्रस्त चुके हैं। जबकि कई बार लोगों के खेतों में फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले इन आवारा पशुओं पर लोग प्राण घातक हमले भी कर देते हैं। क्षेत्र में राजनीतिक बैठक हो अथवा अधिकारियों के कैंप स्थानीय ग्रामीण आवारा पशुओं की समस्या को लेकर लगातार आवाज उठाते रहे। बावजूद इसके आज तक इस समस्या का कोई स्थायी हल नहीं निकल पाया है। इसके कारण समस्या दिन प्रतिदिन और बढ़ती जा रही है।

# एमडी विद्युत से मिले पूर्व विधायक

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचारः** रुद्रपुर विद्युत वितरण खंड से पृथक कर किच्छा विद्युत वितरण खंड बनाया गया है। इसमें गौला नदी पार के गांवों को सितारगंज विद्युत वितरण खंड से हटाकर किच्छा विद्युत वितरण खंड में शामिल करने के लिए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने देहरादून में प्रबंध निदेशक विद्युत इंजी. अनिल यादव से मुलाकात की।

शुक्ला के अनुसार उन्होंने एमडी को बताया कि किच्छा तहसील के सुदूर ग्रामों के निवासियों को अपनी विद्युत संबंधी समस्याओं के निवारण के लिए रुद्रपुर पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसके चलते उनकी मांग पर वर्ष 2021 में शासन ने रुद्रपुर वितरण खंड का विभाजन कर किच्छा विद्युत वितरण खंड का गठन किया था। परंतु त्रुटिवश उसमें किच्छा तहसील की ग्रामसभा नजीबाबाद, बखपुर, सूर्यनगर, कलकत्ता फॉर्म, रुद्रपुरसानी, गऊघाट, चाचर हसनपुर व धाधा आदि कई तोक शामिल नहीं हो पाए। इन ग्रामों से सितारगंज की दूरी 40 किमी से भी अधिक है, जबकि किच्छा मात्र 10 किलोमीटर की दूरी पर है। इनका थाना, बाजार, तहसील व परगना आदि सभी किच्छा में है। जहां ग्रामीणों का पहुंचना भी आसान है। इस संबंध में वर्ष 2022 में सरकार गठित होने के बाद उनके अनुरोध पर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने भी विभाग को निर्देशित किया और विद्युत वितरण किच्छा की ओर से प्रस्ताव भी निदेशालय को भेजा जा चुका है। उन्होंने से कहा है कि जनहित में यथाशीघ्र उपरोक्त गांव को सितारगंज से हटाकर नवसृजित किच्छा विद्युत वितरण खंड में शामिल करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करें। एमडी ने उन्हें उक्त ग्रामों को विद्युत वितरण खंड किच्छा में शामिल करने के लिए आश्वस्त किया है कि जल्द ही गांव को विद्युत वितरण खंड किच्छा में शामिल किया जाएगा।



एमडी विद्युत अनिल यादव से मुलाकात करते पूर्व विधायक राजेश शुक्ला। ● अमृत विचार

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 7906999205, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

**कार्रवाई** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने उच्चाधिकार प्राप्त समिति (एचपीसी) की बैठक के दौरान कहा

# पंतनगर एयरपोर्ट की विस्तारीकरण प्रक्रिया तेज करने के निर्देश

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचारः** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण की प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को देहरादून सचिवालय में पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण की उच्चाधिकार प्राप्त समिति (एचपीसी) की बैठक के दौरान मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने उत्तराखंड बीज एवं तराई विकास निगम, पंतनगर विश्वविद्यालय, लोक निर्माण विभाग, सिडकुल, कृषि विभाग व तराई स्टेट फार्म को अपनी परिसम्पतियों का आंकलन कर तत्काल अपने विभागों के माध्यम से शासन को भेजने के निर्देश दिए हैं।

सीएस राधा रतूड़ी ने कहा कि पंतनगर एयरपोर्ट का विस्तार कर उसे अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाना राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में है। केंद्र और राज्य स्तर पर इसकी नियमित समीक्षा की जा रही है। सीमांत क्षेत्र होने के चलते इसका सामरिक महत्व है और पर्यटन की दृष्टि से भी यह अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक में सचिव सचिन कुर्वे, अपर सचिव सी. रविशंकर सहित कृषि विभाग, पंतनगर विश्वविद्यालय, लोक निर्माण विभाग, सिडकुल, तराई स्टेट फार्म के अधिकारी ऑनलाइन मौजूद रहे।





### बस्तियां उजाड़ने से पहले मुझ पर चलाना होगा बुल्डोजर



**पंतनगर :** लैंबर्ट स्क्वायर अतिथि गृह में मंगलवार को प्रेसवार्ता करते हुए विधायक तिलकराज बेहड़ ने बताया कि डीएम ने एयरपोर्ट विस्तारीकरण की जद में आ रही संजय कॉलोनी, मस्जिद कॉलोनी व इंदिरा कॉलोनी की भूमि नागरिक उड्डयन विभाग को हस्तांतरित कर दी है। इसके चलते यहां बने गरीबों के मकान और झोपड़ियां जल्द टूटने वाले हैं, जिसका वह पुरजोर विरोध करेंगे। बेहड़ ने कहा कि सरकार पहले इन लोगों को कहीं बसाने की व्यवस्था करे और उनके निर्माण का पूरा मुआवजा दे। अन्यथा झोपड़ियों पर चलने वाले बुल्डोजर के सामने वह स्वयं खड़े होंगे और सरकार को झोपड़ियों से पहले उन पर बुल्डोजर चलाना होगा। कहा कि पूर्व विधायक राजेश शुक्ला यहां के लोगों को मलिन बस्तियों की बात कहकर गुमराह कर रहे हैं। जबकि वह दो बार के विधायक रहे हैं और विवि की प्रबंध परिषद के सदस्य भी हैं। उनकी पार्टी की राज्य और केंद्र में सरकार है। यह भारत सरकार का प्रोजेक्ट है, जब पूर्व विधायक को पता है कि एयरपोर्ट का विस्तारीकरण हो रहा है, तो यहां के लोगों को डीएम के सामने प्रदर्शन करवाकर इन गरीबों का मजाक क्यों बनाया जा रहा है। इससे पहले भी पूर्व विधायक ने देहरादून और दिल्ली ले जाकर उनका मजाक बनाया। पूर्व विधायक शुक्ला अपने भतीजे को नगला नगरपालिका चुनाव में खड़ा करना चाहते हैं, जिसके लिए वह इन गरीबों को मलिन बस्तियों के नाम पर गुमराह कर रहे हैं। कहा कि वह इन बस्तियों को बचाने के लिए 20 जून को डीएम को ज्ञापन सौंपेंगे।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने की आत्महत्या

**काशीपुर :** अज्ञात कारणों के चलते युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्राम फसियापुर निवासी 36 वर्षीय नवाब सिंह ने सोमवार की रात को ट्रेन आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। ट्रेन चालक ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बिजली चोरी के आरोप में तीन लोगों पर मुकदमा

**काशीपुर :** विद्युत चोरी करने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उपखंड अधिकारी पंकज कुमार की तहरीर पर जुड़का नं-2 कुंडेश्वरी निवासी होशियार सिंह, गजेन्द्र सिंह व संजय के खिलाफ 135 विद्युत अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

**बीते दिन अनिश्चितकालीन धरने का किया था ऐलान, फैक्ट्री प्रबंधन ने नहीं की अब तक श्रमिकों से बातचीत**

# दवा फैक्ट्री के खिलाफ दूसरे दिन भी धरने पर श्रमिक

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** काशीपुर के कुंडेश्वरी स्थित दवा फैक्ट्री के खिलाफ श्रमिकों का धरना प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। श्रमिकों ने प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा कि बीते 24 घंटे से श्रमिक प्रदर्शन पर है, बावजूद इसके प्रबंधन ने अब तक श्रमिकों से बातचीत नहीं की। वहीं श्रमिकों ने फैक्ट्री प्रबंधन के पीएफ और ईएसआई का पैसा जमा करने तक धरने को जारी रखने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही फैक्ट्री प्रबंधन ने श्रमिकों की मांग पूरी नहीं की तो श्रमिक उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।

बीते दिन से कुंडेश्वरी क्षेत्र में स्थित एक दवा फैक्ट्री में ईएसआई व पीएफ को जमा करने की मांग को लेकर श्रमिक धरने पर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बीते तीन सालों से श्रमिकों की तनख्वाह से पीएफ व ईएसआई का पैसा काटा जा रहा है। लेकिन बावजूद इसके श्रमिकों के खातों में अब तक जमा नहीं कराया गया है। मंगलवार को भी श्रमिकों का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। वहीं श्रमिकों ने मांगे पूरी नहीं करने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान हंसराज गौतम, दीपक कुमार, विजय पाल , निशांत चौहान, प्रकाश चंद्र, सुभाष चंद्र, अतुल कुमार, अमित रावत, बदल, प्रदीप चौहान आदि मौजूद रहे।



मंगलवार को दवा फैक्ट्री गेट पर धरना देते श्रमिक। ● अमृत विचार

# पथराव मामले में नामजद 7 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** मुंडिया पिस्तौर में मारपीट व पथराव मामले में पुलिस ने सभासद मोहम्मद आसिफ की तहरीर पर नामजद सात लोगों के साथ ही 7-8 अन्य के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने दो लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है।

नगरपालिका के वार्ड नंबर पांच मोहल्ला मुंडिया पिस्तौर निवासी सभासद मोहम्मद आसिफ ने पुलिस को बताया कि उनके भांजे शावेज खान का सोमवार की सुबह करीब 10.45 बजे झगड़ा हो गया था, जिसकी लिखित सूचना कोतवाली बाजपुर में दे दी थी और मेडिकल कराने के बाद हम अपने घर चले गए। आरोप है कि इसी बीच वार्ड-6 केशवनगर निवासी मोनिश, जुनैद, वार्ड-5 मुंडिया पिस्तौर निवासी कौशर, आशु खान, शारिम, सुहेब, इमरान, शाबाज उर्फ बंगाली व इनके 7 से 8 अन्य साथियों ने एकत्र होकर परचून की दुकान के पास उस्मान अली को घेर लिया और लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद सभी लोग गाली-गलौज करते हुए हाथों में लाठी-डंडे व तलवार लेकर दरवाजे के सामने आ धमके और पथराव शुरू कर दिया। इससे सभासद की बहन शमा परवीन के सिर व टांग पर गंभीर चोटे आई हैं। तभी आसपास के काफी लोग वहां आ गए और परिवार वालों को बमुश्किल बचाया। भीड़ इकट्ठा होता देख हमालावर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद सात लोगों के साथ ही 7-8 अन्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# अंडरपास का कार्य रुका, डीएम से मिलकर दी आंदोलन की चेतावनी

**जिलाधिकारी बोले : एडीएम की गठित कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद ही किया जाएगा फैसला**

आक्रोश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** भूरारानी और पॉश कॉलोनी के मध्य से गुजरने वाले अंडरपास मार्ग को लेकर मामला बढ़ता ही जा रहा है। खुदाई का कार्य रुकने के कारण भूरारानी के लोगों का एक शिष्टमंडल डीएम से मिला और कार्य प्रारंभ करने का मुद्दा उठाया। डीएम ने कहा कि एडीएम की गठित कमेटी की रिपोर्ट के बाद ही फैसला लिया जाएगा। इसके बाद शिष्टमंडल ने आगाह किया कि जल्द ही कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

मंगलवार को ज्ञापन सौंपते हुए शिष्टमंडल ने बताया कि ओमेक्स के समीप निकलने वाला अंडरपास मार्ग रेलवे विभाग का प्रोजेक्ट है। इससे दस गांवों को जोड़ने वाले एक सुलभ मार्ग का निर्माण होगा और हजारों लोगों को इसकी सुविधा मिलेगी। बावजूद पॉश कॉलोनी के कुछ लोग बेवजह रिहायशी व बस्ती में भेदभाव कर बाधा पहुंचा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों से खुदाई का कार्य रुका हुआ है, जबकि बरसात का मौसम शुरू होने वाला है।

उन्होंने कहा कि यदि मार्ग का कार्य पूर्ण हो जाता तो लोगों की आवाजाही भी प्रारंभ हो जाती। डीएम ने बताया कि प्रकरण को लेकर एडीएम पंकज उपाध्याय की ओर से दोनों पक्षों की एक कमेटी बनाई गई है। जल्द ही कमेटी मौका मुआयना करेगी और जांच रिपोर्ट के आधार पर अपना निर्णय देगी। शिष्टमंडल ने आगाह किया कि यदि कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर निवर्तमान पार्षद मोहन खेड़ा, निवर्तमान पार्षद सुशील चौहान, ठाकुर जगदीश सिंह, राकेश नौटियाल, ज्ञान सिंह चौहान, सुनील जडवानी, देवेंद्र सिंह, हरीश भट्ट आदि मौजूद रहे।


जिलाधिकारी कार्यालय पर सांकेतिक प्रदर्शन करते भूरारानी के लोग। ● अमृत विचार

## सिटी नर्सिंग होम के पास गुलदार दिखने से मचा हड़कंप

**काशीपुर, अमृत विचार :** सिटी नर्सिंग होम कॉलोनी के पास गुलदार की दस्तक से लोगों में दहशत का माहौल है। वहीं स्थानीय लोग शाम छह बजते ही गुलदार के खौफ से घरों में कैद होने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों ने गुलदार को पकड़ने को लेकर पिंजरा लगाने की मांग की है।

सिटी नर्सिंग कॉलोनी निवासी मनदीप सिंह सेठी ने बताया कि उन्होंने कॉलोनी में सोमवार की देर शाम को गुलदार देखा था। गुलदार को देखते ही जैसे ही उन्होंने शोर मचाया, आसपास मौजूद लोगों ने घरों से निकलकर हो-हल्ला हो कर गुलदार को जंगल की ओर खदेड़ दिया।

सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम को गुलदार को पकड़ने में सफलता हाथ नहीं लगी। उन्होंने बताया कि तीर्थ द्रोणा सागर से सटे गोविषाण टीले में गुलदार लंबे समय से रह रहा है। उन्होंने वन विभाग से गुलदार को जल्द पकड़ने की गुहार लगाई है। उधर वन विभाग ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

# अघोषित बिजली कटौती और बढ़े हुए बिलों पर भड़के कांग्रेसी

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मेलाघाट रोड स्थित विद्युत उपखंड कार्यालय पर पहुंचकर बिजली की अघोषित कटौती और उपभोक्ताओं को मिल रहे भारी भरकम बिलों को लेकर आक्रोश व्यक्त किया।

विद्युत उपखंड अधिकारी को सौंपे ज्ञापन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि भीषण गर्मी के चलते आम आदमी का घर से बाहर निकलना दूभर हो गया है। वहीं विद्युत विभाग द्वारा की जा रही घंटों अघोषित कटौती जनता की दिक्कतों को और बढ़ा रही है। साथ ही उपभोक्ताओं को भारी भरकम बिल दिए जा रहे हैं। इससे उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने अघोषित विद्युत कटौती बंद करने और बिलों में सुधार करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष विनोद चंद, मान सिंह, रवीश भटनागर, नरेंद्र आर्य, देवेंद्र कन्याल, राशिद अंसारी, पंकज बिष्ट, सुभाष सिंह राणा, उमेश सिंह राणा, नरेश चंद्र रजवार, राज किशोर सक्सेना, इमरान खान, नवीन सिंह राणा, उमेश चंद, पंकज मेहता, रोहित शर्मा, भूपेंद्र गंगवार, प्रदीप कुमार, राहुल आदि मौजूद थे।


खटीमा के विद्युत उपखंड कार्यालय पर विरोध जताते कांग्रेस कार्यकर्ता।

### पानी की किल्लत को लेकर दिया ज्ञापन

**काशीपुर :** नगर में पानी की किल्लत के संबंध में भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष कविता यादव ने नगर निगम मुख्य अधिकारी को ज्ञापन दिया है। इसमें पानी की समस्या के समाधान की मांग की है। ज्ञापन में कविता यादव ने कहा कि काशीपुर क्षेत्र में बहुत सारी फैक्ट्रियां लगी हुई हैं। इसी क्रम में बाजपुर रोड स्थित एक फैक्ट्री में पानी खींचने (हैवी सबमर्सिबल) वाले लगभग 10 से 12 बोर लगे हुए हैं। जो 1 घंटे में लाखों लीटर पानी जमीन से 24 घंटे खींच रहे हैं। इससे इस क्षेत्र का वाटर लेवल काफी नीचे गिर गया है। लेकिन इन फैक्ट्री द्वारा लगातार पृथ्वी से पानी खींचने के कारण काशीपुर में पानी का संकट पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि अगर इन फैक्ट्रियों पर अंकुश नहीं लगाया गया तो आने वाले कुछ दिनों में यह क्षेत्र बूंद बूंद पानी के लिए तरस जाएगा। आज काशीपुर के 90 प्रतिशत सबमर्सिबल और मोटर खराब हो चुकी हैं, उनमें पानी नहीं आ रहा। वहीं सरकारी नल भी खराब पड़े हैं। जनता पीने का पानी खरीदने के लिए मजबूर है। उन्होंने नगर निगम से मांग की कि उक्त समस्या को देखते हुए इन फैक्ट्रियों पर बोरिंग चलाने की समय सीमा तय होनी चाहिए।

# एसएसपी की फटकार से भड़के श्रमिक

रोष

**एसएसपी पर लगाया कंपनी की मदद करने का आरोप**

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** सिडकुल कंपनी प्रबंधन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने गए श्रमिक संयुक्त मोर्चा के नेताओं की एसएसपी ने फटकार लगा दी। इससे भड़के मोर्चा नेताओं ने एसएसपी पर पूंजीपतियों की मदद करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अब मोर्चा आंदोलन के माध्यम से अपनी आवाज को बुलंद करेगा।

मंगलवार को मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष दलजीत सिंह बाजवा और अध्यक्ष दिनेश तिवारी श्रमिकों के एक शिष्टमंडल के साथ पुलिस कार्यालय पहुंचे। उन्हें देखकर एसएसपी मंजूनाथ टीसी का पारा चढ़ गया और उन्होंने मोर्चा नेताओं को फटकार लगाते हुए बाहर निकाल दिया। एसएसपी के व्यवहार को देख मोर्चा नेता भी भड़क गए। उनका कहना था कि लोकतंत्र में अपनी बात को रखना सभी का हक है। बताया कि कंपनी प्रबंधन द्वारा पिछले कई दिनों से श्रमिक नेताओं पर हमले हो रहे हैं। इसकी तहरीर सिडकुल चौकी में भी दे रखी है। इसके बावजूद पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने ऐलान किया कि अब मोर्चा आंदोलन के माध्यम से अफसरशाही और प्रबंधन तानाशाही के खिलाफ आवाज उठाएगा। इस अवसर पर ललित कुमार, सुब्रत विश्वास, बसंत गोस्वामी, सोनू कुमार, विशाल कुमार आदि मौजूद रहे।


एसएसपी कार्यालय पर आक्रोश जताते श्रमिक संयुक्त मोर्चा के नेता। ● अमृत विचार

## फल रखने वाले 15 कैरेट चोरी

**किच्छा:** फल विक्रेता की फलों को रखने वाली 15 कैरेट चोरी हो गईं। ग्राम गऊघाट निवासी मैसर ने बताया कि वह प्रतिदिन फल का ठेला लगाता है। फल रखने वाली कैरेट को शनि मंदिर, आवास विकास के निकट रखकर घर चला जाता था। पीड़ित के अनुसार 17 जून की रात्रि करीब 10 बजे फल बेचकर मौके पर पहुंचा तो ज्ञात हुआ कि अज्ञात व्यक्ति ने 15 कैरेट चोरी कर ली हैं। चोरी हुए सामान की खोजबीन करता हुआ वह स्थानीय निवासी तुलाराम के घर पहुंच गया और चोरी हुए सामान को बरामद कर लिया। आरोपी तथा बरामद हुए सामान को लेकर पीड़ित कोतवाली पहुंचा और कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

# संदिग्ध हालात में दो लोगों की मौत

संवाददाता, रुद्रपुर

दुखद

**मामला थाना ट्रांजिट कैंप इलाके का, गर्मी से मौत की जताई जा रही आशंका**

**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप में अलग-अलग किराए के मकान में रहने वाले दो व्यक्तियों का मृत अवस्था में शव मिलने का मामला सामने आया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आशंका जताई जा रही है कि दोनों व्यक्तियों की मौत गर्मी की वजह से हुई होगी।

मूल रूप से ग्राम भवरी थाना सोमेश्वर अल्मोड़ा निवासी 55 वर्षीय गोपाल सिंह नेगी सिडकुल की एक कंपनी में कार्य करता था और ट्रांजिट कैंप के फुटबॉल मैदान के समीप किराए के मकान में रहता था। बताया जा रहा है कि गोपाल पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहा था और सोमवार की शाम को वह ड्यूटी से लौटकर खाना खाकर सो गया। मंगलवार की सुबह सात बजे तक काफी देर तक वह बाहर नहीं निकला तो पड़ोसी ने कमरे में जाकर देखा। वह बिस्तर पर बेहोश पड़ा था। आनन-फानन में बेहोशी की हालत में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर रुद्रपुर पहुंचे परिजनों ने पोस्टमार्टम नहीं करवाने का आवेदन दिया तो पुलिस ने शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। उधर, मूलरूप से यूपी पीलीभीत की सनराइस कॉलोनी निवासी 51 वर्षीय धर्मेंद्र कुमार शिव नगर ट्रांजिट कैंप में किराए के मकान में रहता था और सिडकुल की एक कंपनी में कार्य करता था। बताया जा रहा है कि सोमवार की शाम को काम से लौटने के बाद वह कमरे में चला गया। रात 9 बजे जब मकान मालिक कमरे में गया तो देखा कि धर्मेंद्र फर्श पर बेहोश पड़ा है। आनन-फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि घटनास्थल पर शराब की कुछ पन्नियां भी पड़ी हुई थीं। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि दोनों व्यक्तियों की मौत गर्मी की वजह से हुई होगी। उधर, थाना प्रभारी भारत सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

## तकनीकी कारणों से दिल्ली-वाराणसी वाया पंतनगर उड़ान रद्द



**पंतनगरः** एयरपोर्ट की डायरेक्टर मोनिका डेम्बला ने बताया कि मंगलवार को अलायंस एयर की दिल्ली-वाराणसी वाया पंतनगर संचालित होने वाली फ्लाइट संख्या एसएलआर 647 को तकनीकी कारणों से रद्द कर दिया गया है। जिसके चलते इस फ्लाइट में पहले से टिकट बुक कराए यात्रियों को निराश होना पड़ा। यह फ्लाइट दिल्ली से 9:10 बजे उड़ान भरकर 10.10 बजे पंतनगर और पंतनगर से 10:30 बजे उड़ान भरकर 12:30 बजे वाराणसी पहुंचती है।

**लाभार्थी** किसानों को दिए जाते हैं 6 हजार रुपये प्रतिवर्ष, जिले में 69 हजार किसानों के खातों में पहुंच चुकी है 16वीं किस्त

# 72 हजार किसानों को मिली पीएम किसान सम्मान निधि

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी कर दी है। इसे निधि से ऊधमसिंह नगर के करीब 72 हजार किसानों को लाभ मिला। इसमें कुछ किसानों के खातों में तुरंत धनराशि पहुंच गयी है, जबकि जल्द ही अन्य किसानों के खातों में योजना की धनराशि पहुंच जाएगी। वहीं जनपद में 69 हजार किसानों के खातों में किसान सम्मान निधि की 16वीं किस्त धनराशि पहुंच चुकी है।

ऊधमसिंह नगर में कृषि विभाग में 72 हजार किसानों ने अपना पंजीकरण करा रखा है। इन सभी किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ दिया जाता है। वहीं पीएम के सम्मान निधि जारी करने से किसानों के चेहरे में मुस्कान आ गयी है। यहां बता दें कि किसानों को इस योजना के तहत 2-2 हजार रुपये की तीन किश्त यानि साल में छह हजार रुपये मिलते हैं। पहली किस्त अप्रैल-जुलाई के बीच, दूसरी किस्त अगस्त-नवंबर के बीच और तीसरी किस्त दिसंबर-मार्च के बीच दी जाती है।

कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार जिले में 72 हजार किसानों को योजना का लाभ मिलना है। वहीं 69 किसानों के खातों में 16वीं किश्त पहुंच चुकी है। जबकि तीन हजार किसानों के खातों में यह किश्त नहीं पहुंची है। इसका कारण किसानों का ई-केवाईसी से नहीं जोड़ना, आधार का लिंक नहीं होना या फिर अपात्र होना है।


जसपुर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि वितरण कार्यक्रम का लाइव देखते किसान।

### किसान सम्मान निधि का कार्यक्रम लाइव देखा

**जसपुर :** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त के वितरण के कार्यक्रम को किसानों ने लाइव देखा। सहायक कृषि अधिकारी ओमपाल सिंह व मुकेश कुमार चौहान तथा टैक्निकल मैनेजर अजय दीप सैनी ने जसपुर क्षेत्र के गांव चतरपुर बगीची व रामनगर वन में लाइव टेलीकास्ट की व्यवस्था की थी। इस मौके पर गुरमुख सिंह, जगतार सिंह, गुरप्रीत कौर, गुरजीत कौर, हरजिंदर सिंह, हरप्रीत सिंह आदि मौजूद रहे।

### अगर किस्त नहीं आए तो क्या करे किसान ?

**रुद्रपुर :** अगर किसी किसान को योजना की रजिस्ट्रेशन में कोई परेशानी आ रही हो या फिर किस्त से जुड़ी कोई समस्या हो तो वह पीएम किसान सम्मान निधि योजना की आधिकारिक वेबसाइट पर फार्मर कॉर्नर में हेल्प डेस्क में जाकर अपनी समस्या का समाधान कर सकते हैं। इसके लिए पात्र किसान को हेल्प डेस्क पर क्लिक करने के बाद अपना आधार नंबर, अकाउंट नंबर या मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा।

जनपद में 72 हजार किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिलेगा। पीएम मोदी के 17वीं किस्त के जारी करते ही कुछ किसानों के खातों में तत्काल योजना की धनराशि पहुंच गयी होगी, जबकि अन्य के खातों में जल्द यह धनराशि पहुंच जाएगी। वहीं अब तक जनपद के 69 किसानों के खातों में योजना की 16वीं किस्त पहुंच चुकी है।
**-डॉ. एके वर्मा,** मुख्य कृषि अधिकारी, ऊधमसिंह नगर

## फोन चोरी कर खाते से तीन लाख 80 हजार उड़ाए

**किच्छाः** लालपुर क्षेत्र में दुकानदार का फोन चोरी कर चोर ने फोन के माध्यम से खाते से तीन लाख 80 हजार रुपये उड़ा दिए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस को दी शिकायत में ग्राम लालपुर निवासी कौशल कुमार ने बताया कि वह लालपुर क्षेत्र में किराना स्टोर चलाकर अपना व्यापार करता है। पीड़ित के अनुसार विगत 8 जून की दोपहर वह दुकान पर ग्राहकों के लिए सामान निकाल रहा था। इसी दौरान काउंटर पर रखे उसके मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति ने हाथ साफ कर लिया। पीड़ित के अनुसार मोबाइल चोरी होने के बाद उसके द्वारा गुमशुदगी दर्ज कराते हुए अपने पुराने नंबर का नया सिम जारी कराया गया। पीड़ित ने बताया कि नया सिम मोबाइल में डालने के बाद प्राप्त हुए मैसेज से उसे जानकारी हुई कि मोबाइल चुराने वाले आरोपी ने उसके मोबाइल से पेटीएम तथा फोन-पे के माध्यम से तीन लाख 80 हजार रुपये की धनराशि ट्रांसफर कर ली है।



# दिव्यांग खिलाड़ी कर रहे विश्व स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन

## दिव्यांग खेल प्रशिक्षण शिविर में बोले विधायक शिव अरोरा



दिव्यांगों को संबोधित करते अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** दिव्यांग खिलाड़ियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से निशुल्क दिव्यांग खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जारी है। जिसका शुभारंभ विधायक शिव अरोरा, भाजपा नेता भारत भूषण चुघ और अंतरराष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी मनोज सरकार ने किया। शिविर में जिले भर के 70 से अधिक दिव्यांग खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

मंगलवार को शिविर में विधायक शिव अरोरा ने कहा कि दिव्यांगता अभिशाप नहीं है। वर्तमान में दिव्यांग खिलाड़ी ने विश्व स्तर पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने कहा कि खेलों से शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक विकास भी होता है जिस प्रकार खेल के क्षेत्र में आज हमारे शहर के दिव्यांग खिलाड़ी अपना प्रदर्शन कर रहे हैं यह हमारे लिए गर्व की बात है।

शहर के प्रसिद्ध उद्योगपति शिव कुमार अग्रवाल ने घोषणा की कि खिलाड़ियों के लिए एक कोच उनकी तरफ से उपलब्ध कराया जाएगा। इसका सभी ने स्वागत किया।

अर्जुन अवॉर्डी अंतरराष्ट्रीय पैरा खिलाड़ी मनोज सरकार ने दिव्यांग खिलाड़ियों को पैरा बैडमिंटन खेल की बारिकियों को समझाते हुए गुर सिखाए। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग खिलाड़ी हरीश चौधरी, डॉ. नागेंद्र शर्मा, हरीश पनेरु, मनोज पांडे, रेखा मेहता, राकेश कुमार, दिनेश कुमार, धन सिंह कोरंगा, सुबोध कुमार, आलोक तिवारी, सूर्य प्रताप सिंह भंडारी, सुरेंद्र रावत, अजय बड़ोई, बाबू सिंह, मोहम्मद यासीन, राजदीप सिंह, प्रदीप कुमार, अभिनव गुप्ता, सुनील शर्मा, गुरदीप कामरा, अनंत त्यागी, किशन सिंह, किरण पांडे, आयुष्मान जोशी, हरगुन सिंह, युवराज वर्मा आदि मौजूद रहे।

# चार स्वर्ण पदक लेकर लौटे खिलाड़ियों का स्वागत किया



बाजपुर में खिलाड़ियों का स्वागत करते स्थानीय लोग व समर्थक। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** फिटनेस बाडी बिल्डिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित नेशनल बेंचप्रेस व डेडलिफ्ट प्रतियोगिता में बाजपुर के फिटनेस वर्ल्ड जिम के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अलग-अलग आयु व भार वर्ग में चार स्वर्ण पदक प्राप्त कर बाजपुर का नाम रोशन किया है।

जिम संचालक मनोज राजहंस ने बताया कि 16 जून को दिल्ली के जहांगीरपुरी में आयोजित इस प्रतियोगिता में सबजूनियर 75-80 किग्रा भार वर्ग में अंश गोयल ने 150 किलो डेडलिफ्ट के साथ स्वर्ण पदक प्राप्त किया। जूनियर वर्ग 65-70 भार वर्ग में यशपाल सिंह ने 175 किग्रा डेडलिफ्ट के साथ स्वर्ण पदक जीता। सीनियर कैटेगिरी में बलवीर सिंह ने 65-70 भार वर्ग में 192 किग्रा डेडलिफ्ट के साथ स्वर्ण पदक व ओपन केटेगिरी मास्टर्स में नाजिम ने 120 किग्रा बेंचप्रेस के साथ स्वर्ण पदक प्राप्त किया। खिलाड़ियों के वापस लौटने पर फिटनेस वर्ल्ड जिम में फूल-मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया गया। साथ ही विश्व हिंदू परिषद के उत्तराखंड गो रक्षा प्रमुख यशपाल राजहंस, जिम संचालक मनोज राजहंस व कोच अंकित कुमार द्वारा खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर राजवीर सिंह, सुशील शर्मा, दीपक अग्रवाल, प्रभ सिंह, फेज, शेखर, दिनेश तिवारी, शुभम मौर्य आदि मौजूद रहे।

## योग प्रशिक्षिका मंजू राणा को मिला योग भूषण अवार्ड

**रुद्रपुर :** अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ व अखिल भारतीय योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन की ओर से अयोध्या में योग महाकुंभ 2024 का आयोजन हुआ। इसमें योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले योग चिकित्सकों और शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान रुद्रपुर के जेसीज पब्लिक स्कूल में योग प्रशिक्षिका मंजू राणा को श्री बीकेयश अयंगर योग भूषण अवार्ड से सम्मानित किया गया। योग प्रशिक्षिका मंजू राणा ने बताया कि मुख्य अतिथि पूर्व उप मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा एवं अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष योग गुरु मंगेश त्रिवेदी ने संयुक्त रूप से यह पुरस्कार दिया। उन्होंने बताया कि योग महाकुंभ में योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले संपूर्ण देश से करीब 300 योग शिक्षकों को सम्मानित किया गया। जिसमें उन्हें उत्तराखंड राज्य से चयनित किया गया। कार्यक्रम में पद्मश्री अगुस इंद्र उदयना, इंडोनेशिया के वेदमूर्ति पवन दत्त, अवध प्रांत समरसता प्रमुख राजकिशोर, राम मंदिर न्यास के सदस्य अनिल मिश्रा, भाग्योदय फाउंडेशन के अध्यक्ष राम महेश मिश्रा उपस्थित रहे। उनकी इस उपलब्धि पर सेक्रेटरी जनरल व इंटरनेशनल कोऑर्डिनेटर ऑफ पतंजलि योगपीठ डॉ. जयदीप आर्य, योगासन भारत जॉइंट सेक्रेटरी डॉ. आरती पाल, जेसीज पब्लिक स्कूल के प्रबंधक सुरजीत सिंह ग्रोवर, जिला जू-जित्सु एसोसिएशन ऑफ ऊधमसिंह नगर के अध्यक्ष भारत भूषण भूषण चुघ, महासचिव ऋषि पाल भारती, चेतन धीर, शेखर सक्सेना, कमल सिंह, प्रिया विश्वास, लोरी, शिवानी आदि ने बधाई दी है।



रुद्रपुर में योग प्रशिक्षिका को अवार्ड देते मुख्य अतिथि व अन्य। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### पारुथी बने प्रेस क्लब के अध्यक्ष, आजाद व असद महामंत्री

**खटीमा।** प्रेस क्लब खटीमा से जुड़े पत्रकारों की बैठक में सर्वसम्मति से क्लब का गठन किया गया। इसमें प्रवीण कोहली और कीर्ति रुमाल को संरक्षक, जितेंद्र पारुथी को अध्यक्ष, स्वतंत्र प्रकाश आजाद और असद जावेद को महामंत्री, केदार सोनकर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया। बैठक में यह भी तय किया गया कि अगली बैठक में कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। इस अवसर पर योगेश बढ़कोटी, विनीत राणा, इश्तियाक अंसारी, आसिफ अली, सुनील सैनी, मुस्तकीम अंसारी, गगन, करन सतवाल, दीपक फुलेरा आदि मौजूद रहे।

### सितंबर तक गोष्ठी कर गन्ने की खेती के प्रति जागरूक करेंगे

**काशीपुर :** गन्ना एवं चीनी आयुक्त उत्तराखंड ने गन्ना किसानों को विभिन्न जानकारी देने के लिए गन्ना कृषक गोष्ठी के लिए सितंबर माह तक कलेंडर जारी कर दिया है। इसमें किसानों को उन्नतशील गन्ना उत्पादन, नवीनतम तकनीक, खाद, बीज व कीट प्रबंधन की जानकारी दी जाएगी। इसके लिये नोडल अधिकारी भी नामित किए गए हैं। मंगलवार को गन्ना एवं चीनी आयुक्त उत्तराखंड के प्रचार एवं जनसंपर्क अधिकारी निलेश कुमार ने बताया कि पेराई सत्र वर्ष 2024-25 के लिए आयोजित होने वाली गोष्ठी के माध्यम से गन्ना किसान कृषि वैज्ञानिकों से अपने प्रश्न पूछकर जिज्ञासाओं को शांत कर सकते हैं। गोष्ठी में जो सुझाव दिए जाएंगे या जो गन्ना किसानों की समस्याएं होंगी उनका भी त्वरित समाधान किया जाएगा। यह गोष्ठी प्रदेश में 30 स्थानों पर आयोजित की जाएंगी। गोष्ठी के लिए अपर गन्ना एवं चीनी आयुक्त को ऊधम सिंह नगर व संयुक्त गन्ना एवं चीनी आयुक्त को हरिद्वार व देहरादून जिले का नोडल अधिकारी नामित किया गया है।



सेलिब्रेशन में उपस्थित ब्रिगेड ऑफ द गाड्र्स रेजीमेंट के सेवानिवृत सैनिक।

### सेवानिवृत सैनिकों ने डायमंड जुबली सेलिब्रेशन मनाया

**खटीमा।** बिग्रेड ऑफ द गार्डस रेजीमेंट के सेवानिवृत सैनिकों ने गार्डस ग्रुप के 75 साल पूरे होने पर डायमंड जुबली सेलिब्रेशन धूमधाम से मनाया। निजी प्रतिष्ठान के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष कैप्टन गंभीर सिंह धामी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। गार्डस रेजीमेंट के सेवानिवृत्त कैप्टन विनोद चंद ने ब्रिगेड ऑफ द गार्डस का इतिहास बताते हुए अपने अनुभवों का साझा किया। कैप्टन दिवानी चंद ने गार्डस ग्रुप के 75 साल पूरे होने पर बधाई दी। कार्यक्रम में ब्रिगेड ऑफ द गार्डस के देश सेवा करते हुए अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीद सैनिकों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान चंद्र सिंह बोहरा, आनंद सिंह सामंत, पुष्कर सिंह दिगारी, महेश चंद आदि मौजूद थे।

### खटीमा में सीजन का सबसे गर्म दिन रहा मंगलवार

**खटीमा।** सीमावर्ती क्षेत्र का इस सीजन का सबसे गर्म दिन मंगलवार रहा। भीषण गर्मी जहां तापमान शिखर पर है वहीं बिजली की आंख मिचौली ने लोगों का घर से निकलना दूभर कर दिया है। अटल उत्कृष्ट थारू राजकीय इंटर कॉलेज परिसर स्थित मौसम केंद्र प्रभारी एनएस रौतेला ने बताया कि मंगलवार का अधिकतम तापमान 43 डिग्री और न्यूनतम 28 .5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। उन्होंने कहा कि मंगलवार इस सीजन सबसे गर्म दिन रहा है।

# 10 सदस्यीय टीम ने महाविद्यालय का निरीक्षण किया

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार :** कुमायूं विश्वविद्यालय की 10 सदस्यीय टीम ने राजकीय महाविद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने महाविद्यालय की कक्षाओं और पुस्तकालय का निरीक्षण किया। मंगलवार को कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एलएम जोशी के नेतृत्व में 10 सदस्यीय टीम महाविद्यालय पहुंची।

टीम ने शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए राजकीय संबद्धता विस्तारण हेतु महाविद्यालय के पुस्तकालय, कार्यालय, अध्यापन कक्षाओं एवं वाचनालय का निरीक्षण किया। इस दौरान एमएल जोशी ने महाविद्यालय की प्राचार्य शर्मिला सक्सेना से महाविद्यालय के बारे में जानकारी ली। इस दौरान प्रोफेसर चंद्रकला रावत ने कुमांउनी, गुजराती और मराठी शब्दस्त्रोतीय- समानार्थी शब्दकोश की पांच प्रतियां महाविद्यालय पुस्तकालय को अनुदान में दी गईं। टीम में प्रोफेसर एलएम जोशी, रजनीश पाण्डे, चन्द्रकला रावत, सावित्री कैड़ा, कल्पना, ज्योति जोशी, भीमा मनराल, पीएस बिष्ट, एनएस बनकोटी, विनोद कुमार आदि शामिल थे। इस मौके पर डॉ. अशोक कुमार, डॉ. अर्चना वर्मा, डॉ. प्रमोद वर्मा, डॉ. श्रीहरि प्रसाद, डॉ. तनुजा परिहार, प्रभजोत कौर मौजूद थीं।



राजकीय महाविद्यालय में निरीक्षण के दौरान प्राचार्य शर्मिला सक्सेना से जानकारी लेती कुमाऊं विश्वविद्यालय की टीम। ● अमृत विचार

# निर्जला एकादशी पर टीडीसी कर्मचारियों ने लगाई छबील

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार :** निर्जला एकादशी पर उत्तराखंड बीज एवं तराई विकास निगम (टीडीसी) कर्मियों ने हल्दी मुख्यालय पर छबील लगाकर राहगीरों को ठंडा पानी और शरबत पिलाया। इस दौरान लाल सिंह कोरंगा, अंगद सिंह, कमल सिंह, मोहित सक्सेना, प्रियांक शर्मा, मुकुल सिंह, राजू पांडेय, पुष्कर सिंह, अनिरूद्ध तिवारी, अजय सिंह, जितेंद्र यादव, संजीव कुमार, उपेंद्र सिंह, योगेश पांडेय, कमलेश पांडे, पंकज पांडे व अभिषेक द्विवेदी आदि मौजूद थे।



हल्दी मुख्यालय पर राहगीरों को शरबत बांटते टीडीसी कर्मी। ● अमृत विचार

## फूलबाग शनि मंदिर में विशाल भंडारा आज

**पंतनगर, अमृत विचार :** विवि परिसर में कैंपस स्कूल के निकट शनिदेव मंदिर में बाबा नीब करौरी महाराज के 18वां मूर्ति स्थापना दिवस का आयोजन आज (बुधवार को) किया जाएगा। मंदिर के व्यवस्थापक लवकुश शर्मा ने बताया कि बुधवार सुबह विशेष पूजा अर्चना के बाद 11 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।



दिनेशपुर में निर्जला एकादशी पर छबील लगाकर शरबत बांटते व्यापारी। ● अमृत विचार

## मुख्य बाजार में छबील लगाकर बांटा शरबत

**दिनेशपुर :** निर्जला एकादशी पर मंगलवार को व्यापारियों ने मुख्य बाजार में जगह-जगह पर छबील लगाकर राहगीरों को शरबत बांटा। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, उपाध्यक्ष अशोक कालड़ा, व्यापारी नेता विशंभर लाल मिगलानी, केके गावा, योगेश मिगलानी, राहुल बाठला, चेतन सुखीजा, वीरभान कालडा, प्रमोद अरोरा, अनिल रौतेला, डा. सिमरन पांडे, कमल विश्वास, सागर सिंह, प्रवीण नारंग आदि मौजूद रहे।



बाजपुर में राहगीरों को शरबत व चने का प्रसाद वितरित करते एसडीएम व अन्य।

## बाजपुर में अधिकारियों ने शरबत व चने का प्रसाद बांटा

**बाजपुर, अमृत विचार :** निर्जला एकादशी पर्व पर एसडीएम कार्यालय के सामने अधिवक्ताओं की ओर से लगाई गई तीखे चने व शरबत की छबील का शुभारंभ एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी, तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट, बाजपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान राहगीरों को चने का प्रसाद व शरबत बांटा गया।

**उत्साह** | भाकियू कार्यकर्ताओं ने समस्याओं को गंभीरता से सुनने के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया

# हरिद्वार में किसान महाकुंभ से लौटे भाकियू कार्यकर्ता

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार :** हरिद्वार में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के तीन दिवसीय किसान महाकुंभ से लौटे भाकियू कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में उठाई गई समस्याओं को गंभीरता से सुनने के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम सिंह सहोता ने जसपुर गुरुद्वारे में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि किसान महाकुंभ में उत्तराखंड व विशेष कर तराई क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। उन्होंने कहा कि किसान महाकुंभ में प्रमुख समस्याएं उठाई गईं। लेकिन कई समस्याएं अभी भी रह गईं। उन्होंने कहा कि जसपुर-भगवंतपुर मार्ग स्थित भगवंतपुर चौराहे पर किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा स्थापित की जाए। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष जगीर सिंह, युवा भारती किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष अमनप्रीत सिंह, दर्शन देओल, शीतल सिंह, दीदार सिंह चौधरी किशन सिंह, मुख्तयार सिंह घुम्मन ,भूदेव सिंह चौहान, सोनू सिंह रिशपाल सिंह अमनदीप सिंह, जसवीर सिंह, मास्टर हरदेव सिंह, जीशान सिद्दीकी, सूरज सिंह, ओमप्रकाश सिंह, मोहित, रोहित, तुषार, दिलबाग सिंह आदि मौजूद रहे।



किसान महाकुंभ को सफल बनाने पर जसपुर के भाकियू कार्यकर्ताओं को सम्मानित करते नेता।

### लंगर की व्यवस्था करने वाली टीम सम्मानित

**जसपुर।** किसान महाकुंभ में जनपद ऊधमसिंह नगर के भाकियू कार्यकर्ताओं की ओर से लगाए गए लंगर में भोजन की व्यवस्था करने वाली टीम को भारतीय किसान यूनियन के सरोपे भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही भाकियू नेता दर्शन सिंह देवल को भी सरोपा भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर क्षेत्र वरिष्ठ पत्रकार सुशील चौहान व पत्रकार अजय सिंह सागर को भी सम्मानित किया गया।

# 200 कार्ड धारकों को टूल किट बांटे

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** ट्रांजिट कैंप में मनोज दास बरात घर में श्रम विभाग की ओर से लगाए गए शिविर में पंजीकृत 200 श्रम कार्ड धारकों को विधायक शिव अरोरा ने टूल किट व सुरक्षा संबंधी जरूरी उपकरण वितरित किए। मंगलवार को कार्यक्रम के दौरान विधायक अरोरा ने कहा कि उनका प्रयास है कि पंजीकृत श्रमिकों को उसका अधिकार मिले।

इसलिए उनका प्रयास है कि सरकार की ओर से वितरित की जा रही शत-प्रतिशत किट श्रमिकों को मिले। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, तरुण दत्ता, राजकुमार शाह, विजय डे, शिवकुमार गंगवार, डीके गंगवार, मुकेश, कैलाश राठौर, दिलीप अधिकारी, कृष्णपाल, वीरेन्द्र राठौर, आकाश, मनोज मदान, गोविन्द शर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे।



रुद्रपुर में श्रम कार्ड धारकों के साथ विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

## एक नजर

### बिगराबाग में विशेष स्वास्थ्य शिविर आज

**रुद्रपुर :** भारत सरकार के जनजाति मंत्रालय की ओर से बुधवार को जनजाति समुदाय के क्षेत्रों में विश्व स्किल सेल दिवस पर विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच व औषधि वितरण किया जाएगा। यह जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा व जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध ने दी। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत घर बिगराबाग विकासखंड खटीमा में स्वास्थ्य शिविर आयोजित होगा। उन्होंने ग्राम पंचायत बिगराबाग व आसपास के लोगों को प्रात: 10 बजे से आयोजित होने वाले स्वास्थ्य शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

### यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों की खैर नहीं

**अल्मोड़ा :** परिवहन विभाग व पुलिस ने ओवरलोडिंग यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों पर अपनी नकेल कसनी शुरू कर दी है। परिवहन विभाग व पुलिस ने संयुक्त चेकिंग अभियान के दौरान अल्मोड़ा हल्द्वानी सड़क पर ओवर स्पीड ओवरलोडिंग यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई करते हुए मंगलवार को 17 वाहनों का चालान किया। आरटीओ अनीता चंद ने कहा कि किसी भी कीमत पर यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी वहीं उन्होंने कहा कि कोई भी टैक्सी चालक यात्रियों से अधिक किराया न लें अगर किसी टैक्सी चालक ने निर्धारित किराए से अधिक किराया लिया तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। आरटीओ चांद ने सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि कोई बाहर से आने वाले पर्यटकों के साथ अतिथि देवो भव का व्यवहार किया जाए।

# बाग में लगाए गए जाल में फंसकर दर्जनों पक्षियों की मौत, एक हिरासत में

## सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लगाए गए जालों को टीम ने कब्जे में लिया

**कार्रवाई**

▸▸ बाग स्वामी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की कार्रवाई शुरू

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में पक्षियों से बगीचे की सुरक्षा के लिए लगाए गए जाल में फंसकर कई पक्षियों की मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद तमाम लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना के बाद रुद्रपुर वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। फिलहाल एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर मामले की जांच तथा कार्रवाई शुरू कर दी गई है।



किच्छा में मौका मुआयना करती टीम। ● अमृत विचार

उत्तरांचल कॉलोनी क्षेत्र स्थित आम तथा लीची के बगीचे में पक्षियों से फलों की सुरक्षा के लिए आम के पेड़ों के ऊपर मछली पकड़ने वाले जाल लगाए गए थे। बताया जा रहा है कि मंगलवार की सुबह जाल में फंसकर दर्जनों पक्षियों की मौत की सूचना क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। स्थानीय व्यक्ति की सूचना पर रुद्रपुर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। टीम के मौके पर पहुंचने के बाद निरीक्षण के दौरान सामने आया कि आम और लीची के फलों की सुरक्षा के लिए बाग स्वामी द्वारा पेड़ों के ऊपर मछली का जाल फैलाया गया था तथा इस जाल में फंसकर दर्जनों पक्षियों की मौत हो गई। फिलहाल प्रशासन की टीम ने एक व्यक्ति को हिरासत में लेते हुए पेड़ों के ऊपर लगाए गए मछली के जालों को कब्जे में ले लिया। टीम द्वारा हिरासत में लिए गए आरोपी का नाम रविदास बताया जा रहा है। वन विभाग की टीम में शामिल राजू दास, नंदन सिंह, रामवीर सिंह की टीम ने मौका मुकाबला करने के बाद आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने की बात कही है।





भीषण गर्मी में लोग आजकल दोपहर में अपने घरों से बाहर तक नहीं निकाल पा रहे हैं। इससे दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा छा जाता है। इस दौरान सवारियां न मिल पाने के कारण रिक्शा चालक भी हाथ पैर हाथ रखे बैठे रहते हैं। दोपहर में सन्नाटे का यह दृश्य जसपुर के प्रमुख स्थान पृथ्वीराज चौहान चौक स्थित प्राइवेट बस स्टैंड का है। ● सुशील चौहान

### दो पक्षों में चले लाठी डंडे

**काशीपुर :** किसी बात को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चल गए। इसमें दो लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्ष के आठ लोगों को हिरासत में ले लिया है। मंगलवार की शाम ग्राम मिस्सरवाला में दो पक्षों में किसी पुराने मामले के चलते विवाद हो गया। आपसी कहासुनी के बाद दोनों पक्ष के बीच जमकर लाठी-डंडे चल गए। बताया जा रहा है कि मारपीट की इस घटना में दो लोग घायल हो गए हैं। उन्हें किसी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्ष के आठ लोगों को हिरासत में ले लिया है। उधर सीओ अनुषा बड़ोला ने बताया कि किसी बात को लेकर दो पक्ष में मारपीट होने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी और मामला शांत कराकर कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया अभी किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं आई है।

# खाई में गिरी कार, एक ही परिवार के चार लोग घायल



घायल मां बेटी। ● अमृत विचार



खाई में गिरी क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** टनकपुर-पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार खाई में जा गिरी गई। हादसे में एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए। आपदा प्रबंधन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक हल्द्वानी से मुनस्यारी जा रही कार मंगलवार को दोपहर पौने 2 बजे धौन के पास खाई में जा गिरी। कार में एक ही परिवार के चार लोग सवार थे। हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से राहत और बचाव कार्य किया।



घायल गणेश सिंह।

**हादसा**

▸▸ टनकपुर-पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर धौन के पास हुआ हादसा, हल्द्वानी से मुनस्यारी जा रहा था परिवार

इस घटना में गणेश सिंह (39), उनकी पत्नी ममता (31), बेटी प्रतिभा (13) और बेटा योगेश (10) चोटिल हो गए। सभी घायलों को चम्पावत जिला अस्पताल लाया गया। इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर डॉ. गोरांग जोशी ने बताया कि दोनों बच्चों के हाथ में ज्यादा चोट लगी है। जबकि गणेश और ममता को मामूली चोट आई है। कार चला रहे गणेश सिंह ने बताया कि चढ़ाई में उन्हें एकाएक झपकी आ गई। इसी दौरान धौन के पास कार बेकाबू हो खाई में गिर गई।



घायल योगेश। ● अमृत विचार

### पेयजल लाइन लीक होने से सड़क धंसी

**जसपुर :** नलकूप विभाग के कर्मचारियों ने जसपुर क्षेत्र के गांव सन्यासियों वाला में सरकारी हाईस्कूल विद्यालय के निकट तीन-चार दिन पहले नलकूप के पानी की सप्लाई के लिए पाइप लाइन डाली थी, जो तुरंत लीक होने लगी। इससे पाइपलाइन दबाने के लिए खोदी गई सड़क की मिट्टी धंस गई है। इससे आवागमन काफी प्रभावित हो रहा है। लोगों ने पाइपलाइन की लीकेज को तुरंत ठीक करने की मांग की है।



जसपुर के गांव सन्यासियों वाला में पाइपलाइन लीकेज होने से धंसी सड़क की मिट्टी।

# प्रधानमंत्री की अगुवाई में निरंतर विकास हो रहा : टम्टा



केंद्रीय राज्य मंत्री का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, बनबसा

**अमृत विचार :** भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा का जोरदार स्वागत किया। मंत्री बनने के बाद प्रथम बार बनबसा आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष निर्मल मेहरा की अगुवाई में जगबुड़ा पुल पर अजय टम्टा का स्वागत कर कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी की। इसके उपरांत राज्यमंत्री अजय टम्टा ने निजी होटल में कार्यकर्ताओं की बैठक ली।

बैठक में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में देश निरंतर विकास के नये आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी नगर निकाय के चुनावों में जुटने का आह्वान किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष कमलेश भट्ट, भाजपा प्रदेश मंत्री हेमा जोशी, विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनीता मुरारी, संजय जोशी, गोविन्द सामंत, पूरन मेहरा, बलवीर प्रजापति, हरीश पांडेय, संदीप पाठक, प्रेम सिंह रावत, संजय ठाकुर, मोनू ठाकुर आदि तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राजीव सेठिया के त्यागपत्र के बाद जतिन बने जिला महामंत्री



**काशीपुर :** राजीव सेठिया के त्यागपत्र देने पर जतिन नरूला को काशीपुर जिले का महामंत्री मनोनीत किया गया है। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ विचार विमर्श किया। साथ ही जिलाध्यक्ष सत्यभान गर्ग, जिला प्रभारी अशोक छाबड़ा की संस्तुति पर जतिन नरूला को काशीपुर जिले का महामंत्री मनोनीत किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद गोयल, कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल व संयुक्त महामंत्री नवनीत राणा आदि उपस्थित रहे।



गुरुग्राम में आयोजित सेवा भारती की बैठक में मौजूद कार्यकर्ता एवं महिलाएं।

### सेनेटरी पैड बनाने का प्रशिक्षण दिया

**शक्तिफार्म :** गुरुग्राम में सेवा भारती ने नारी स्वाभिलंबन पर आयोजित बैठक में ग्रामीण महिलाओं को सेनेटरी पैड बनाने का प्रशिक्षण दिया। गुरुग्राम के हरि मंदिर प्रांगण में आयोजित बैठक में सेवा भारती के प्रान्तीय अधिकारियों के साथ-साथ मंडल के कार्यकर्ता भी शामिल हुए। बैठक में सेनेटरी पैड तैयार करने के लिए प्रशिक्षक सोनिया मंडल ने ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में प्रताप दत्त, महेन्द्र अग्रवाल, दिनेश तिवारी, जितेंद्र सिंह, सुमंत विश्वास, रवि मजूमदार, मनोज विश्वास, दीपशिखा मंडल, लीलिमा मजूमदार, अनिता दत्त आदि मौजूद थे।

# सांड ने बुजुर्ग को पटक-पटक कर मार डाला

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** आवारा सांड ने एक बुजुर्ग को पटक-पटक कर मार डाला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जिला पौड़ी तहसील धूमकोट के ग्राम कलखोबिया हाल हेमपुर डिपो क्षेत्र के सैनिक कॉलोनी निवासी प्रेम सिंह रावत (75) मंगलवार शाम अपने घर के बाहर खड़े हुए थे। इसी दौरान उन्होंने देखा घर के पास एक आम के पेड़ के नीचे एक मजदूर दोपहर लगभग दो बजे खाना खा रहा था, जिसे एक आवारा सांड मारने जा रहा था। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग प्रेम सिंह रावत ने चीखते हुए एक ईंट का टुकड़ा उठाकर उसे मारने की प्रयास किया। इससे गुस्से में आया सांड उनकी ओर दौड़ पड़ा। जब तक वह कुछ समझ पाते सांड ने उन्हें जमीन पर पटक दिया।

इस दौरान आसपास लोग जब तक दौड़ते की सांड पूरी तरह से बुजुर्ग पर हावी हो चुका था और कई बार उठा-उठाकर उन्हें पटक दिया। इससे वह गंभीर रुप से घायल हो गए। आसपास रहने वाले उन्हें काशीपुर सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रतापपुर पुलिस चौकी प्रभारी नीमा बोरा ने बताया सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। साथ ही परिजनों को घटना की सूचना दे दी है।

## वर्ग पहेली-105

**बाएं से दाएं**

1. मकान की सीमा में आने वाला वह खुला स्थान जिसे घर के कामों के लिए उपयोग में लाया जाता है, अंगना।
4. गुंडागर्दी, गुंडाराज।
6. सतर्कता, चौकसी, होशियारी, सचेतता।
8. चंद्र मास की ग्यारहवीं तिथि, पूर्णिमा या अमावस्या के बाद ग्यारहवीं तिथि 2. इस तिथि को रखा जाने वाला व्रत।
9. 1. जिसे कोई उपाधि या पदवी मिली हो 2. ख़िताब संबंधी।

**ऊपर से नीचे**

1. दे. अंगुल।
2. चांडालिन, चांडाल जाति की स्त्री।
3. अपमान, बेइज़्ज़ती, तिरस्कार, अनादर, अप्रतिष्ठा।
5. दुनिया की समस्त बातों और घटनाओं के होने में ईश्वर की प्रेरणा को मानने का सिद्धांत, नियतिवाद।
7. 1. पशु होने की अवस्था या भाव, पशुत्व, जानवरपन, पाशविकता 2. पशुवत स्वभाव, पशुओं जैसा आचरण 3. बुद्धिहीनता, मूर्खता, जड़ता।





### वर्ग पहेली -104 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 फ़ा | 2 र | सी | ■ | 3 ला | हौ | ल |
| ■ | दी | ■ | 4 कु | ■ | ■ | ■ |
| ■ | 5 फ़ | त | ह | ■ | 6 मू | ■ |
| ■ | ■ | ■ | रा | ■ | ढ़ | ■ |
| 7 ल | ■ | 8 ढ | म | ढ | म | ■ |
| गा | ■ | ■ | ■ | ■ | ति | ■ |
| 9 म | ख़ | सू | रा | ■ | ■ | ■ |

### सुडोकू -18

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | | | 8 | | | | 6 |
| | 8 | 7 | | | 1 | | 4 | |
| | 2 | | 4 | 3 | | | 8 | |
| 1 | | 4 | | | 7 | | | 8 |
| | | | | | | | | |
| 2 | | | 9 | | | 5 | | 3 |
| | 4 | | | 6 | 8 | | 3 | |
| | 3 | | 5 | | | 2 | 6 | |
| 7 | | | | 4 | | | 9 | 1 |

### सुडोकू - 17 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 |
| 7 | 8 | 2 | 4 | 9 | 6 | 1 | 5 | 3 |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 3 | 2 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 8 | 5 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 4 | 3 | 7 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 |
| 6 | 9 | 8 | 2 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 9 | 2 | 5 | 8 | 7 | 1 |
| 9 | 2 | 7 | 3 | 1 | 8 | 4 | 6 | 5 |
| 8 | 1 | 5 | 6 | 7 | 4 | 3 | 9 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 जून बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वादशी-07.28 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग





दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-विशाखा 17.23 तक तत्पश्चात अनुराधा।

**मेष** — आज कार्यक्षेत्र में आपको काफी सावधान रहना चाहिए। मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। दूसरों की कमियों में ध्यान देने के बजाय अपने ऊपर ध्यान दें। आप अध्यात्म में काफी रुचि लेंगे। वैवाहिक जीवन में अशांति होने की संभावना है।

**वृष** — आज लंबे समय से रुका हुआ कार्य बन सकता है। जीवनसाथी को करियर में सफलता मिल सकती है। सोचे हुए काम समय पर पूर्ण हो जाएंगे। आपकी कार्यशैली में सुधार होगा। वैवाहिक जीवन में आनंद का भाव बढ़ेगा।

**मिथुन** — आज व्यवसाय को बढ़ाने के लिए लोन आदि लेने का विचार कर सकते हैं। विवादित विषयों में आपको सम्मिलित होना पड़ सकता है। अपने शत्रुओं के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। अपने विचारों को लेकर दुराग्रही न बनें।

**कर्क** — आज अपनी कमियों को लोगों के सामने व्यक्त न होने दें। लोग आपसे कुछ गलत अपेक्षा रख सकते हैं। संतान के व्यवहार से कुछ अप्रसन्नता रहेगी। आपका मन कुछ उदास हो सकता है। परिस्थितियां कुछ प्रतिकूल हो सकती हैं।

**सिंह** — आज राजनीतिक लोगों को अपने विरोधियों के साथ मेलजोल बढ़ाना पड़ सकता है। लोगों की मदद करने से पीछे न हटें। वैवाहिक जीवन तनावपूर्ण हो सकता है। आपको आय के नए स्रोत मिल सकते हैं। घर का माहौल अच्छा रहेगा।

**कन्या** — आज नए उत्पादों में आप निवेश कर सकते हैं। अधीनस्थ कर्मचारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को दूरस्थ क्षेत्रों की यात्रा करनी पड़ेगी। साझेदारी में किए गए व्यवसाय में उत्तम सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।

**तुला** — आज आय के नए विकल्पों पर आप काम कर सकते हैं। दूसरों पर पूरी तरह निर्भर रहना उचित नहीं होगा। अपनी स्किल्स और क्षमताओं पर विश्वास रखें। जीवनसाथी से सलाह लेकर काम करना हितकर होगा। धन से जुड़ी परेशानियों का निवारण होगा।

**वृश्चिक** — आज आप अपने कौशल विकास में विशेष ध्यान देंगे। परिवार की परेशानियों का निवारण होगा। विद्वान लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। नई संपत्ति में निवेश कर सकते हैं। अध्यापन कार्यों से जुड़े लोगों को पदोन्नति मिल सकती है।

**धनु** — आज स्वास्थ्य कष्ट होने की आशंका है। गर्मी से आपको सावधान रहना चाहिए। अधिकारियों से बहस न करें। जहां आवश्यक न हो वहां आपको बोलने से बचना चाहिए। आपके शत्रु आपके ऊपर आक्रामक हो सकते हैं।

**मकर** — आज संभव है की आपको किसी बड़े पद पर पदोन्नति मिल जाए। शाम के समय कहीं घूमने जा सकते हैं। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। व्यवसाय में बड़ा धन लाभ हो सकता है। अधिकारी आपसे बेहद प्रसन्न रहेंगे।

**कुंभ** — आज शुभ कार्यों में धन खर्च होगा। व्यवसाय में आपको कर्मचारियों से काफी अच्छा समर्थन व सहयोग मिलेगा। धर्म-कर्म को लेकर आप भावुक रहेंगे। आप उदार भाव से लोगों की मदद को तत्पर रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ेगा।

**मीन** — आज खर्चों को लेकर ज्यादा उदार होना ठीक नहीं है। अधिकारियों से सावधान रहें। सरकारी कार्य रुक कर ही पूर्ण होंगे। आप किसी समस्या के निवारण को लेकर निष्कर्ष में पहुंच सकते हैं। कारोबार में आपका दायित्व बढ़ने वाला है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- **जुआरी** — सुबह : 09.00
- **जो बोले सो निहाल** — रात : 09.00

&pictures
- **चेन्नई वर्सेज चाइना** — सुबह : 11.07
- **बच्चन पांडे** — शाम : 04.35

SONY PIX
- **रेड टू** — सुबह : 10.52
- **मॉन्स्टर हंटर** — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- **वलीमाई** — सुबह : 08.35
- **ड्रीम गर्ल** — रात : 08.00

colors CINEPLEX
- **सुहाग** — सुबह : 11.30
- **मजबूर** — रात : 08.30

### आज की सुपरहिट फिल्म





जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

चोर- हम घर लूटने आए हैं, मगर बंदूक घर पर भूल आए हैं।
चिंटू- कोई बात नहीं, आप लोग शरीफ आदमी लगते हो, आज घर लूट लो कल आकर बंदूक जरूर दिखा जाना।
चिंटू का दिमाग देखकर चोर सन्न रह गया।

शिक्षक पप्पू से- बस इरादे बुलंद होने चाहिए, पत्थर से भी पानी निकाला जा सकता है।
पप्पू- मैं तो लोहे से भी पानी निकाल सकता हूं सर।
शिक्षक- कैसे ?
पप्पू- हैंड पंप से

एतान्यनिगृहीतानि व्यापादयितुमप्यलम्।
अविधेया इवादान्ता हया: पथि कुसारथिम्॥

जैसे बेकाबू और अप्रशिक्षित घोड़े मूर्ख सारथी को मार्ग में ही गिराकर मार डालते हैं, वैसे ही यदि इंद्रियों को वश में न किया जाए तो ये मनुष्य की जान की दुश्मन बन जाती हैं।

## संपादकीय

# विदेश व्यापार घाटा

भारत को वैश्विक वित्तीय व्यवस्था में महत्वपूर्ण माना जाता है। देश का व्यापार परिदृश्य वैश्विक चुनौतियों और अवसरों के बीच विकसित हो रहा है। मौजूदा व्यापार नीतियां तथा मौद्रिक सुधार जैसे पहलू इसमें योगदान दे रहे हैं। देश बुनियादी ढांचे और तकनीकी प्रगति को भी प्रोत्साहित कर रहा है, जो आने वाले वर्षों में वित्तीय क्षेत्र के लिए अनुकूल है। इस बीच भारत का व्यापार घाटा बढ़कर 23.78 बिलियन डॉलर हो गया, जो अर्थशास्त्रियों के 19.5 बिलियन डॉलर के अनुमान से कम है। चिंता की बात यह है कि मसालों की शिपमेंट में 20.3 फीसदी की भारी गिरावट आई है, जबकि समुद्री उत्पादों का निर्यात एक बार फिर से लुढ़क गया है। दूसरी ओर इंजीनियरिंग सामान, वाणिज्यिक वाहनों और स्मार्टफोन के शिपमेंट में वृद्धि से मई में देश का व्यापारिक निर्यात एक साल पहले की तुलना में 9 प्रतिशत बढ़कर 38.13 बिलियन डॉलर हो गया। राहत की बात है कि पिछले पांच महीनों में से चार महीनों के दौरान आयात के साथ-साथ निर्यात भी बढ़ा है। भारत से निर्यात की जाने वाली शीर्ष 30 वस्तुओं में से 20 ने इस साल पिछले मई के निर्यात के आंकड़ों के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन किया है, जबकि अप्रैल में सिर्फ 13 वस्तुओं के निर्यात में बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। मई में जिन क्षेत्रों में सुधार हुआ उनमें परिधान, मानव निर्मित धागा और इंजीनियरिंग के सामान जैसे रोजगार सृजन करने वाले क्षेत्र शामिल हैं।

व्यापार सचिव सुनील भरथवाल ने कहा कि उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रास्फीति धीमी हो रही है और इससे क्रय शक्ति को और बढ़ाने में मदद मिलेगी जिससे आयात की मांग बढ़ेगी। व्यापार विशेषज्ञों के अनुसार यदि कोई देश विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कच्चे माल या मध्यस्थ उत्पादों का आयात कर रहा है, तो घाटा हमेशा बुरा नहीं होता है। हालांकि यह घरेलू मुद्रा पर दबाव डालता है। इसी के चलते अधिकारियों ने बढ़ते व्यापार घाटे से जुड़ी चिंताओं को ज्यादा महत्ता नहीं दी है। उनका तर्क है कि भारत के निर्यात की मांग जल्द ही आयात संबंधी मांग को पीछे छोड़ देगी, क्योंकि यह बाकी दुनिया के मुकाबले तेजी से बढ़ रही है। गौरतलब है कि जब कोई देश निर्यात की तुलना में आयात अधिक करता है तो उसे व्यापार घाटे का सामना करना पड़ता है। खुशी की बात है कि हमारे निर्यात के नई ऊंचाइयों पर पहुंचने की उम्मीद है। केंद्र को बजटीय परिव्यय में वृद्धि के साथ माल निर्यात को बढ़ावा देने के लिए अपनी योजनाओं और प्रयासों को पुनर्जीवित करना चाहिए।

# हिंदुस्तान की आर्थिक गिरावट और सामाजिक संकीर्णता


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

**भारत में उपनिवेश युग का प्रारंभ हुआ और धीरे-धीरे कंपनी के शासन ने हिंदुस्तान का प्राचीन और उन्नत हस्तशिल्प और उससे जुड़ा स्वदेशी व्यापार तंत्र पूरी तरह नष्ट कर उसे इंग्लैंड के उद्योगों के लिए कच्चे माल के उत्पादक और तैयार माल के बाजार में बदल दिया।**

मध्ययुग की लूटों और लगातार चलने वाले युद्धों की देन-उत्पीड़क लगान व्यवस्था के बावजूद विश्व में भारत की अद्वितीय निर्यात क्षमता और तज्जनित समृद्धि कायम रही। लगभग तीन सहस्राब्दियों की उत्तरोत्तर आनुवंशिक कुशलता से अर्जित सर्वोन्नत हस्तकला व हस्त उद्योग तथा कृषि भूमि पर (यूरोप के सामंतों एवं भूदासों के बरक्स) किसानों के स्वामित्व एवं विशिष्ट जलवायु के चलते कपास, रेशम, चावल, गन्ना व नील जैसे तब तक के ज्ञात विश्व के लिए दुर्लभ उत्पादों पर भारत का वर्चस्व अक्षुण्ण बना रहा। अठारहवीं शताब्दी का पूर्वार्द्ध हिंदुस्तान के लिए अतिशय राजनीतिक विश्रृंखलन का काल था,किंतु एक विडंबना के तहत,यह विश्व बाजार में उसके निर्यात वर्चस्व और आर्थिक समृद्धि का भी काल था।

भारत की संस्थागत, सुव्यवस्थित लूट और उसकी उत्पादन व्यवस्था को ध्वस्त करने का ईस्ट इंडिया कंपनी ने कार्य किया। जाति व्यवस्था की विषमता का तीक्ष्णतम रूप,जो देश के आजाद होने पर हमें विरासत में मिला,काफी हद तक इसी लूट और विध्वंस का परिणाम था। जब सुनिश्चित हो गया कि दुनिया गोल है,पूरब और पश्चिम दोनों ओर से हिंदुस्तान का समुद्री मार्ग खोजने की होड़ लग गई। स्पेन और पुर्तगाल ही यूरोप की दो महाशक्तियां थीं। हिंदुस्तान का समुद्री मार्ग खोजने के लिए इन्हीं दोनों में प्रतिद्वंद्विता चली। भारत का समुद्री मार्ग खोजने के लिए पश्चिम की ओर बढ़ता स्पेन का कोलंबस अमेरिका के एक तटवर्ती द्वीप पर पहुंच गया (12अकटूबर 1492) जिसे वह भारत का हिस्सा समझ बैठा।

व्यापार के साथ-साथ स्पेन दक्षिण अमेरिका और मध्य अमेरिका में अपने उपनिवेश बनाने दौड़ पड़ा। बाद में मालूम हुआ,वह तो एक नई दुनिया है। दोनों महाशक्तियों में टकराव न हो, इसलिए पोप सिकंदर चतुर्थ ने एक पापल बुल जारी कर दुनिया को दो हिस्सों में बांट दिया (4 मई 1493) और पूरब का हिस्सा पुर्तगाल तथा पश्चिम का स्पेन के हवाले कर दिया (जैसे पोप को पूरी दुनिया पर प्रभुत्व हासिल हो)। दोनों को भारत का समुद्री मार्ग खोजना था और जो भी हिस्से मिले उन पर अपने-अपने कानूनों के अनुसार राज करना था,केवल व्यापार के लिए पूरे यूरोप के ईसाई जगत को छूट देनी थी। पुर्तगाल का वास्को डि गामा 20 मई 1498 को कालीकट पहुंचा और यही हिंदुस्तान,बल्कि एशिया के पराभव और यूरोप के उत्थान का बीज-बिंदु साबित हुआ। पहले पुर्तगाल के व्यापारी भारत आए (1600), फिर डच (1610), फिर ब्रिटिश (1611),फिर फ्रांसीसी (1667) और अंत में आए डेनमार्क-नार्वे वाले (1799)। (पांडिचेरी के उत्तर, तमिलनाडु के थरंगंबादी कस्बे और बंगाल के सेरामपुर में डेनिश अड्डे थे,थरंगंबादी में समुद्रतट पर उनकी टूटी-फूटी व्यापारिक कोठी अभी भी मौजूद है।)

**दुर्भाग्य है कि मराठों और अन्य देशी ताकतों से उलझा मुगल बादशाह औरंगजेब पश्चिम की नई उभरती समुद्री ताकत की युगांतकारी संभावना को नहीं देख पाया। उसके बरक्स औरंगजेब के समकालीन शिवाजी ने मराठा नौसेना का गठन किया (1654) और थल सेना एवं नौसेना के समन्वय से ही सूरत बंदरगाह पर कब्जा करने (1664) में सफल रहे थे।**

1600 में ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना मुख्यतः भारत से समुद्री व्यापार करने के लिए ही हुई थी। 1614 में सर टॉमस रो ब्रिटिश संसद के सदस्य बने। रो की पहले से मशहूर राजनयिक सफलता के चलते कंपनी ने राजा जेम्स से उन्हें हिंदुस्तान के बादशाह जहांगीर के पास इंग्लैंड का राजदूत बनाकर भेजने की सिफारिश की,जो मान ली गई। रो 1615 में आगरा पहुंचे। वे 1615 से 1618 तक तीन साल आगरा में रहे और जहांगीर के करीबी तथा हम प्याला बनने में सफल हुए। आखिर जहांगीर ने कंपनी को सूरत में व्यापारिक कोठी (गोदाम या कारखाना) खोलने की अनुमति दे दी। भारत के भावी दुर्भाग्य का यह दूसरा काल बिंदु साबित हुआ। सूरत के बाद कंपनी की व्यापारिक कोठियां आगरा, अहमदाबाद, भड़ौच और बड़ौदा में भी खुल गईं। बंगाल में कंपनी की पहली कोठी खुली हुगली में (1650-51),फिर एक और कोठी कासिम बाजार में खुल गई। हुगली में कंपनी के उद्धत कर्मचारियों द्वारा की गई लूटपाट से बौखलाए औरंगजेब के हुक्म से मुगल सेना ने अंग्रेजों की बस्ती उजाड़कर उन्हें समुद्र में खदेड़ दिया (1686)। दो साल बाद चटगांव पर कब्जा करने की उनकी कोशिश भी नाकाम कर दी गई।

दुर्भाग्य है कि मराठों और अन्य देशी ताकतों से उलझा मुगल बादशाह औरंगजेब पश्चिम की नई उभरती समुद्री ताकत की युगांतकारी संभावना को नहीं देख पाया। उसके बरक्स औरंगजेब के समकालीन शिवाजी ने मराठा नौसेना का गठन किया (1654) और थल सेना एवं नौसेना के समन्वय से ही सूरत बंदरगाह पर कब्जा करने (1664) में सफल रहे थे। बड़े मुगलों में से किसी को भी पहले के चोलों,चालुक्यों और पल्लवों की तर्ज पर अपना शक्तिशाली समुद्री बेड़ा खड़ा करने की नहीं सूझी,जिसे करने में वे पूर्णतः समर्थ थे। इतिहास में दूरगामी असर वाले ऐसे आकस्मिक हादसे होते रहे हैं। छोटे मुगलों के काल में, पहले प्लासी, फिर बक्सर युद्ध (1764) में अंग्रेजों की विजय और अगले साल इलाहाबाद की संधि ने व्यापारी कंपनी को सत्ता और राजनीति की विस्तीर्ण दीर्घा में छलांग लगाने का अवसर उपस्थित कर दिया। इस तरह भारत में उपनिवेश युग का प्रारंभ हुआ और धीरे-धीरे कंपनी के शासन ने हिंदुस्तान का प्राचीन और उन्नत हस्तशिल्प और उससे जुड़ा स्वदेशी व्यापार तंत्र पूरी तरह नष्ट कर उसे इंग्लैंड के उद्योगों के लिए कच्चे माल के उत्पादक और तैयार माल के बाजार में बदल दिया। सीमित हुए संसाधनों की इस छीनाझपटी में जाति व्यवस्था अपने क्रूरतम, अमानुषिक रूप में उभरकर सामने आई।

कंपनी द्वारा नए-नए इलाकों पर कब्जा करने हेतु लड़ी गई लड़ाइयों के संसाधन जुटाने और बैलेंस शीट बेहतर दिखाने के लिए कृषि लगान की दरें लगातार बढ़ाई जाती रहीं। सूखे और बाढ़ में भी कोई रियायत नहीं दी जाती थी। बाद में लगान वसूली के बिचौलियों का एक वर्ग विकसित हो गया,जो सरकार को निश्चित दर पर मालगुजारी देता था, किंतु वह किसानों से कितना वसूल करता था, इस पर कोई नियंत्रण नहीं था,जानकारी तक नहीं थी। इस तरह कारीगर के साथ-साथ किसान भी बर्बाद हो गए। मुख्यतः इंसानी कारणों से उद्भूत बंगाल के भयानक दुर्भिक्ष (1769-73) से वहां की जनसंख्या एक तिहाई रह गई। मुगल काल का सबसे संपन्न सूबा सबसे विपन्न बन गया। इतिहासकारों ने स्वीकार किया है कि इस दुर्भिक्ष का मुख्य कारण कंपनी के व्यापारिक एकाधिकार और कर के नाम पर कंपनी के कर्मचारियों की व्यक्तिगत लूट थी। ठीक वैसा ही अकाल ब्रिटिश शासन के अंतिम चरण में 1943 में पड़ा जिसका मुख्य कारण प्राकृतिक नहीं,मानवीय था जिसमें जापान से पराजय की ओर उन्मुख अंग्रेजों की पीछे हटने की स्थिति में शत्रु के लिए झुलसी धरती छोड़ने की अग्रिम नीति अपनाने का भी जबरदस्त योगदान रहा। 1943 के बंगाल दुर्भिक्ष में कम से कम 30 लाख लोगों को तड़प-तड़प कर जान देनी पड़ी। कंपनी राज से शुरू होकर बाद के मुकुट राज में भी भारत को कच्चे माल का उत्पादक और तैयार माल के उपभोक्ता में बदलने की प्रक्रिया जारी रही। अंग्रेजों का इरादा स्वेच्छा से भारत का औद्योगीकरण करने का कभी नहीं रहा,किंतु युद्धकाल में बाधित यातायात की मजबूरी के चलते दोनों विश्वयुद्धों के दौरान भारत के उद्यमियों को स्वदेशी उद्योग लगाने की सहूलियत देनी पड़ी।

ब्रिटिश काल में हस्त शिल्प और कृषि कार्य में लगे होने से शूद्र सबसे अधिक प्रभावित हुए। बाद में वैश्विक औद्योगीकरण के चलते हस्त उद्योग वैसे भी लाभप्रद नहीं रह गए। शूद्र वर्ग की आर्थिक स्थिति में क्षरण के साथ प्रकृत रूप से उसकी सामाजिक स्थिति में भी गिरावट आई,लेकिन सबसे बुरा हाल हुआ पेशे की अशुचिता के आधार पर अस्पृश्य मान ली गई जातियों का। वे द्विजों से ही नहीं, शूद्रों से भी कटकर अलग-थलग पड़ गईं,शूद्र भी उन्हें अस्पृश्य मानने लगे। उनकी मानवीय गरिमा पूरी तरह रौंद दी गई। भारत के इतिहास का यह सबसे गर्हित अध्याय है। हिंदू धर्म का सबसे बड़ा कलंक भी। महाभारत काल तक जन्मना अस्पृश्यता का कोई सुराग नहीं मिलता,चातुर्वर्ण्य और जातिप्रथा का जरूर मिलता है। अस्पृश्यता के उद्भव और पुष्टीकरण का जघन्य कार्य बहुत बाद की देन है।

## प्रसंगवश

# अकेले अयोध्या पर शब्द बाण क्यों

उत्तर प्रदेश की फैजाबाद सीट जिसमें पुराण प्रसिद्ध सप्त पुरियों में प्रथम अयोध्या आती है,से भाजपा की पराजय हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारी प्रचार के साथ यहां राम की मूर्ति स्थापना की थी। वे यह मान बैठे थे कि 'वे ही राम को लाए हैं' और अब प्रत्युपकार करने की राम की बारी है। ऐसा नहीं हुआ। भाजपा राष्ट्रीय स्तर पर 63 सीट घट गई और फैजाबाद हार गई। बस फिर क्या था,पार्टी के समर्थक और आईटी सेल वाले अयोध्या नगरी को ही कोसने लगे। खूब शब्द बाण चले। वे ये भूल गए कि स्वयं राम को यह नगरी बैकुंठ से भी ज्यादा प्रिय है। देश की जनता से अयोध्यावासियों को दंड देने की अपीलें की गईं। उन हिंदुओं को जयचंद से लेकर दोगला तक कहा गया,जिन्होंने भाजपा को वोट नहीं दिया। हद तो तब हो गई,जब एक धर्माचार्य भी इस विवाद में कूद पड़े और इन गैर भाजपा मतदाताओं को मंथरा का वंशज करार दे डाला। इन सब मर्यादाहीन आलोचकों का हम यहां ज्ञानवर्द्धन करना चाहते हैं। केवल अयोध्या में ही क्यों,भाजपा तो उन सभी जगह चुनाव हारी है, जहां-जहा राम रहे, बसे, अनुष्ठान किए।


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

अब आप कहां-कहां की जनता को गाली दोगे? चित्रकूट में राम बहुत समय रहे,किंतु बांदा-चित्रकूट सीट सपा की झोली में गई। पंचवटी कौन नहीं जानता! माता सीता का हरण यहीं से हुआ। यह महाराष्ट्र की नासिक लोकसभा सीट के अंतर्गत आती है। यहां भाजपा तो खड़ी नहीं थी,उसकी सहयोगी एकनाथ शिंदे वाली शिवसेना का प्रत्याशी खड़ा था,जो हार गया। किष्किंधा में राम सुग्रीव की मित्रता और हनुमान मिलन हुआ था। यह स्थान आज 'हम्पी' है, जो कर्नाटक की बेल्लारी सीट का हिस्सा है। यहां से कांग्रेस जीती है। रामेश्वरम में तो श्रीराम ने प्रसिद्ध शिव ज्योतिर्लिंग की स्थापना की थी और सेतुबंध किया था। यह रामनाथपुरम निर्वाचन क्षेत्र में आता है। यहां भी 'इंडिया' गठबंधन जीता है और भाजपा समर्थित निर्दलीय हारा है। तब फिर अकेले अयोध्या को कोसना क्यों जारी है? राम की आवाज सुनिए। वे अपने नाम और भक्ति का राजनीतिकरण नहीं चाहते। वे समदर्शी हैं और "सब मोहि प्रिय सब मम उपजाय" उनका उद्घोष है।

# मनुष्य की भावनाएं ही उसे बड़ा बनाती हैं


डॉ.राजीव अग्रवाल
शाहजहांपुर

**कितनी छोटी हैं मनुष्य की ये भावनाएं,लेकिन इसके बावजूद मनुष्य की मेधा,उसके आगे बढ़ने की इच्छा,छोटी नहीं है।**

वॉयजर 1 अंतरिक्ष यान के लगभग सभी खराब यंत्र ठीक कर लिए गए हैं। लगभग 47 वर्ष से अंतरिक्ष में यात्रा कर रहा वॉयजर वन इस समय पृथ्वी से लगभग 24 अरब किलोमीटर दूर है। यहां से वहां तक रेडियो सिग्नल जाने में उसके प्रकाश की गति (3 लाख किलोमीटर प्रति सेकंड) के हिसाब से चलते हुए 22 घंटे का समय लगता है। यहां से रेडियो सिग्नल भेज कर ये खराब यंत्र ठीक कर लिए गए हैं। क्या यह मानव की मेधा को नमन करने का अवसर नहीं है?

जब यह वॉयजर वन पृथ्वी से 6.4 अरब किलोमीटर दूर था,तब इसने पृथ्वी के चित्र लिए थे। उसमें पृथ्वी अनंत अंतरिक्ष में एक बिंदु के समान दिखाई पड़ रही थी। उसे देखकर प्रसिद्ध खगोल शास्त्री और विज्ञान लेखक कार्ल सैगन ने 1994 में प्रकाशित अपनी पुस्तक 'पेल ब्लू डॉटः ए विजन ऑफ द ह्यूमन फ्यूचर इन स्पेस' में इन शब्दों को कहा था। उनके ये शब्द मानव जाति के लिए कितने प्रेरणादायक हैं।

'उस बिंदु को दोबारा देखें। वो जगह यह है, वो घर है,वो हम हैं। इस पर वो सभी लोग हैं जिन्हें तुम प्यार करते हो,जानते हो,सुनते हो, जितने भी मनुष्य आज तक हुए हैं। हमारी खुशी, हमारी वेदना, हमारे धर्म, विचार, मत, शिकारी, नायक, कायर, सभ्यताओं को बनाने और बिगाड़ने वाले, राजा और किसान, प्यार में डूबे युवा, प्रत्येक माता-पिता, आशावान बच्चा, आविष्कारक और खोजी, नैतिकता के शिक्षक और भ्रष्ट नेता, हर एक सुपरस्टार और महान नेता, हर संत और पापी, सब कुछ जो हमारे इतिहास में हुआ, इस नीले बिंदु के भीतर सूर्य के प्रकाश में दीखने वाली धूल की तरह लुप्त हो गया।' 'इस अनंत ब्रह्मांड में पृथ्वी बहुत ही छोटा हिस्सा है। उन शासकों के बारे में सोचिए जिन्होंने इस बिंदु पर कब्जा करने के लिए खून की नदियां बहा दी थीं। अंतहीन निर्दयता जो एक तरफ के लोगों ने दूसरे तरफ के लोगों पर की थी। वे लोग कितनी अज्ञानता से भरे थे,एक-दूसरे को मारने की तड़प से भरे,कितनी गहरा था उनका द्वेष।'

'हमारा दिखावा, अहंकार, यह भ्रम कि हम इस ब्रह्मांड में विशेष हैं,इस बिंदु ने यह सब भ्रांतियां तोड़ दी हैं। हमारा ग्रह इस अनंत अंधेरे ब्रह्मांड में एक अकेले कण के समान है। इस अंधकार और विस्तार में कोई संकेत नहीं है कि कोई हमें, हमसे बचाने कहीं और से आएगा।' 'कहते हैं कि खगोल विज्ञान विनय और चरित्र निर्माण देता है,लेकिन वे तस्वीर मानव अहंकार की अज्ञानता का बेहतरीन उदाहरण है। वे हमारी जिम्मेदारी को रेखांकित करती है कि हमें एक दूसरे से और भी कृतज्ञता और नम्रता के साथ व्यवहार करना चाहिए ताकि हम इस धरती को संजोकर रख सकें। धरती,वह एक नीला बिंदु, जो हमारा एकमात्र घर है।' कितना सही कहा था कार्ल सैगन ने। वास्तव में अंधेरे, काले, गहन अंतरिक्ष में एक बिंदु-जो पृथ्वी है-हमें दिखाता है कि हम इस ब्रह्मांड में कितने महत्वहीन हैं। हमारा अहंकार कितना खोखला है। पृथ्वी के एक भाग पर अधिकार करने के लिए किए गए हमारे झगड़े और युद्ध कितने तुच्छ हैं। हमारी स्वयं को ही सर्वश्रेष्ठ और सदैव सत्य समझने की भावना कितनी उथली है। हमारी स्थिति पृथ्वी के समस्त महासागरों के तटों पर बिखरी हुई रेत के एक कण से भी कम है।

मानव में बहुत सी कमियां हैं। यहां दूसरों को कष्ट देने की भावना है,यहां धर्म के नाम पर अन्य प्राणियों के प्राण लेने की भावना है,यहां अहंकार है, क्रोध है, असत्य है, यहां अज्ञान है। हम सिकंदर को महान कहते हैं। क्यों कहते हैं? क्या इसलिए कि उसने मकदूनिया से निकलकर तलवार के बल पर पृथ्वी के एक छोटे से भाग पर अधिकार कर लिया था? क्या महान होने की यह कसौटी होनी चाहिए? कैसे हम अपने धर्म की कमियां दिखाई जाने पर आपे से बाहर हो जाते हैं,कैसे हम तर्कसंगत विचार न करके अपने तथाकथित धर्म को सर्वश्रेष्ठ मानते हैं और उसके लिए मरने-मारने को तैयार हो जाते हैं।

कितनी छोटी हैं मनुष्य की ये भावनाएं, लेकिन इसके बावजूद मनुष्य की मेधा,उसके आगे बढ़ने की इच्छा, छोटी नहीं है। इस ब्रह्मांड के रहस्य ज्ञात करने के लिए किया गया उसका परिश्रम तुच्छ नहीं है। उसकी यह भावना गलत नहीं है। यही वह मेधा है,वह इच्छा है और वह परिश्रम है जिसने उसे एक गुफा मानव की स्थिति से आज की स्थिति तक लाकर खड़ा किया है,जहां वह स्वयं अपना और अपने ब्रह्मांड का उद्गम खोज रहा है। मनुष्य की यह भावना उसे बड़ा बनाती है। उसकी यह भावना उसकी अनेक कमियों के बावजूद उसे एक अलग स्थान पर खड़ा करती है।

## सोशल फोरम

# प्रकृति के परिवर्तन का यथार्थ

जीवन में कई बार ऐसे मुकाम आते हैं,जब हमें लगने लगता है कि हमारी समझ परिपक्व हो गई है और किसी विषय या चीज के विषय में अब हम, जो विचार,राय या धारणा बनाएंगे, वह परिपक्वता की दृष्टि से सबसे अच्छी होगी और उसमें किसी प्रकार के सुधार या परिष्कार की कभी आवश्यकता नहीं होगी।


अशोक कुमार वर्मा
सेवानिवृत्त आईपीएस

कुछ दिन, महीने या साल बाद जब हम अपने उस परिपक्व विचार,राय या धारणा को देखते हैं,तब हमें उसमें कुछ कमी महसूस होने लगती है। इसका कारण है कि हमारी समझ अध्ययन, मनन, अनुभव, परिवेश और समय-सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, वैज्ञानिक आदि क्षेत्रों में निरंतर हो रहे बदलावों के साथ समायोजन करते हुए सतत बदलती रहती है।

यह तथ्य इस बात का प्रमाण है कि एक मनुष्य अपने जीवन में जानते, समझते, अनुभव करते,पढ़ते-लिखते और समय के साथ समायोजन करते हुए सतत संशोधित और परिष्कृत होता रहता है,यानी विकसित होता रहता है। यह बदलाव या विकास सदैव सीधी रेखा में ही नहीं होता,कई बार यह टेढ़ा-मेढ़ा भी होता है। सतत बदलाव प्रकृति का नियम है। मनुष्य और उसका परिवेश भी बदलता रहता है। यह बदलाव स्वाभाविक है,लेकिन हमारे समाज का सोच कहावतों, काव्यांशों, दोहों, चौपाइयों, श्लोकों आदि से इस कदर प्रदूषित है कि इस समाज में बदलने को स्वाभाविक और सकारात्मक अर्थ में नहीं लिया जाता। बदलने का अर्थ हम अविश्वसनीयता, अमानवीयता, धूर्तता आदि से लगाते हैं, जबकि सकारात्मक दिशा में बदलना प्रगति करना है और इस बदलाव को प्रसन्नता से स्वीकार करना चाहिए।

हम भूल जाते हैं कि जब हम अपने जीवनकाल में ही बदलते रहते हैं,तब हमारे पूर्वजों के विचार आज संभव है कि प्रासंगिक और उपादेय न रह गए हों,मगर धर्म, संस्कृति और प्राचीनता की भक्ति में डूबा समाज उनके विचारों के पुनर्मूल्यांकन का साहस ही नहीं करता। इस प्रवृत्ति से समाज में पाखंड और भेद बढ़ता है। दुनिया के उन्नत और आधुनिक समाजों के साथ समायोजन और बदलना करना कठिन हो जाता है।

**-फेसबुक वॉल से**

# भीषण गर्मी में योगदान देने वाले कारक


रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

**'ग्रीन इंडिया मिशन' जैसी पहल का उद्देश्य वन और वृक्ष आवरण को बढ़ाना है, इस प्रकार शहरी क्षेत्रों में तापमान विनियमन में योगदान देना है।**

वैश्विक जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाली अत्यधिक गर्मी की लहर सार्वजनिक स्वास्थ्य, आर्थिक स्थिरता और समग्र सामाजिक कल्याण के लिए गंभीर चुनौतियां पैदा करती है। भारत में अत्यधिक गर्मी की चिंताजनक स्थिति का विभिन्न क्षेत्रों और दैनिक जीवन के पहलुओं पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है। हालांकि सरकार ने जलवायु कार्य योजनाओं, ताप कार्य योजनाओं और शहरी हरित पहलों के माध्यम से प्रभाव को कम करने के लिए कई कदम उठाए हैं, लेकिन चुनौतियां महत्वपूर्ण बनी हुई हैं।

अत्यधिक गर्मी के प्रतिकूल प्रभावों से निपटने के लिए सरकारी नीतियों, उद्योग अनुकूलन और उपभोक्ता जागरूकता के संयुक्त प्रयास महत्वपूर्ण हैं। ग्लोबल वार्मिंग के मूल कारणों को संबोधित करके और गर्मी की लहरों के प्रति लचीलापन बढ़ाकर, भारत भावी पीढ़ियों के लिए अपनी आबादी, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण की रक्षा कर सकता है। बढ़ते तापमान का प्राथमिक चालक ग्लोबल वार्मिंग है। इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज (आईपीसीसी) की रिपोर्ट मानवीय गतिविधियों, विशेष रूप से जीवाश्म ईंधन जलाने,वनों की कटाई और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन और बढ़ते वैश्विक तापमान के बीच एक स्पष्ट संबंध का संकेत देती है। सरकार ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए, अपनी आबादी और बुनियादी ढांचे पर अत्यधिक गर्मी के प्रभाव को कम करने के लिए कई उपाय लागू किए हैं। 2008 में लांच की गई,जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपीसीसी) जलवायु परिवर्तन और उसके प्रभावों से निपटने के लिए भारत की रणनीति की रूपरेखा तैयार करता है। इसमें सौर ऊर्जा, ऊर्जा दक्षता, टिकाऊ कृषि और जल संरक्षण पर मिशन शामिल हैं, जिनका उद्देश्य समग्र कार्बन पदचिह्न को कम करना और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करना है। कई राज्यों और शहरों ने हीट एक्शन प्लान विकसित किए हैं,जो गर्मी से संबंधित रुग्णता और मृत्यु दर को कम करने के लिए डिजाइन किए गए व्यापक ढांचे हैं। इन योजनाओं में आम तौर पर शामिल हैंः आसन्न गर्मी की लहरों के बारे में जनता को समय पर जानकारी प्रसारित करना,नागरिकों को गर्मी की लहरों के खतरों और निवारक उपायों के बारे में शिक्षित करना। गर्मी से संबंधित बीमारियों को पहचानने और उनका इलाज करने के लिए स्वास्थ्य पेशेवरों को प्रशिक्षण देना तथा शीतलन केंद्र बनाना, हरित आवरण बढ़ाना और जल आपूर्ति प्रणालियों में सुधार करना। शहरी ताप द्वीप प्रभाव से निपटने के लिए सरकार हरित पट्टियों और शहरी वनों के विकास को बढ़ावा दे रही है।

'ग्रीन इंडिया मिशन' जैसी पहल का उद्देश्य वन और वृक्ष आवरण को बढ़ाना है, इस प्रकार शहरी क्षेत्रों में तापमान विनियमन में योगदान देना है। भारत नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं, विशेषकर सौर और पवन ऊर्जा में भारी निवेश कर रहा है। लक्ष्य जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम करना है, जो ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में प्रमुख योगदानकर्ता हैं। जलवायु परिवर्तन के दीर्घकालिक प्रभावों को कम करने के लिए स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों की ओर परिवर्तन महत्वपूर्ण है। भारत में अत्यधिक गर्मी विभिन्न क्षेत्रों को प्रभावित करती है,प्रत्येक को अद्वितीय चुनौतियों का सामना करना पड़ता है और विशिष्ट अनुकूलन की आवश्यकता होती है। भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ कृषि अत्यधिक गर्मी के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है। उच्च तापमान के कारण निम्न हो सकते हैंः गर्मी का तनाव फसल की वृद्धि और उत्पादकता पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। गेहूं, चावल और दालें जैसे मुख्य खाद्य पदार्थ विशेष रूप से अतिसंवेदनशील होते हैं। वाष्पीकरण दर बढ़ने से सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता कम हो जाती है जिससे पहले से ही गंभीर पानी की कमी की समस्या और बढ़ जाती है। पशुधन गर्मी के तनाव से पीड़ित हैं जिससे दूध उत्पादन कम हो गया है और मृत्यु दर में वृद्धि हुई है। अत्यधिक गर्मी में माल परिवहन करना समस्याग्रस्त हो सकता है जिससे आपूर्ति श्रृंखला दक्षता प्रभावित हो सकती है। गर्मी से संबंधित बीमारियों में वृद्धि से स्वास्थ्य सेवा प्रणाली तनावपूर्ण हैः गर्मी से संबंधित रुग्णता और मृत्यु दरः अस्पतालों में हीट स्ट्रोक,निर्जलीकरण और अन्य संबंधित स्थितियों के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है। गर्मी से संबंधित बीमारियों के इलाज और स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे को उन्नत करने की लागत प्रणाली पर वित्तीय बोझ डालती है। बुजुर्ग, बच्चे और पहले से मौजूद स्वास्थ्य समस्याओं वाले लोग विशेष रूप से जोखिम में हैं, इसलिए लक्षित स्वास्थ्य देखभाल रणनीतियों की आवश्यकता है।

पर्यटन-पर्यटन उद्योग,विशेष रूप से अपने ग्रीष्मकालीन आकर्षणों के लिए जाने जाने वाले क्षेत्रों में चुनौतियों का सामना करता है,जो अत्यधिक गर्मी पर्यटकों को रोकती है जिससे पर्यटन पर निर्भर व्यवसायों पर असर पड़ता है। स्वास्थ्य और अच्छाई गर्मी की लहरों के दौरान उपभोक्ताओं को कई स्वास्थ्य जोखिमों का सामना करना पड़ता है। जैसे हीट स्ट्रोक, निर्जलीकरण और पुरानी स्थितियों का बिगड़ना आम है। आर्थिक बोझ-उपभोक्ताओं पर आर्थिक प्रभाव में शामिल हैं। जैसे उपयोगिता बिलों में वृद्धिः घरों और कार्यालयों को ठंडा करने की लागत के कारण बिजली का बिल बढ़ जाता है। अत्यधिक गर्मी से जीवन की समग्र गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अत्यधिक गर्मी बाहरी गतिविधियों और गतिशीलता को सीमित कर देती है, जिससे समग्र आराम कम हो जाता है।

# महंगाई दर कम दिखाने का नुस्खा

4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद से लगातार चीजों के दाम बढ़ने शुरू हो गए हैं। अगर सुबह-सुबह अखबार पर नजर डाले तो रोज ही किसी न किसी रोजमर्रा की चीजों के दामों में बढ़ोतरी देखने को मिल जाती है।


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

विगत दिनों में दूध,आटा-दालों,सब्जियों, सीएनजी, एटीएम से धन निकासी आदि के दामों में बढ़ोतरी की खबरे पढ़ने को मिलती हैं। जिस देश के चुने गए सांसदों में 99 प्रतिशत करोड़पति हों,वहां की संसद में शायद महंगाई पर न तो कोई गूंज होगी न ही कोई गंभीर चर्चा,लेकिन देश की जनता के लिए बढ़ती महंगाई केवल चिंता का विषय न होकर एक बड़ी चुनौती भी होती है।

केंद्र सरकार के पास हर कमी को ढंकने का कोई न कोई रास्ता रहता है,उसी के तहत महंगाई को कम कर दिखाने का भी नुस्खा निकल आया है। सरकार के हर बार के आंकड़ों में हैरानी की बात है कि थोक महंगाई दर बढ़ रही है,लेकिन खुदरा महंगाई घट रही है। इस गुत्थी को तो शायद बड़े अर्थशास्त्री ही समझ सके,लेकिन मई माह में थोक मंहगाई दर 1.20 प्रतिशत की अप्रैल की थोक मंहगाई दर से बढ़ कर 2.61 प्रतिशत हो गई यानी दुगने से भी ज्यादा हो गई,लेकिन उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा महंगाई दर इस अवधि में 4.85 प्रतिशत से घटकर 4.79 प्रतिशत रह गई। मामूली सी ही सही,लेकिन इन आंकड़ों के हिसाब से इसमें कमी आई।

असल में सरकार ने महंगाई दर कम दिखाने का नया नुस्खा निकाल लिया है। नए नुस्खे में खाने-पीने की चीजों का महत्व कम कर दिया गया है। पहले खाने-पीने की चीजों का वेटेज 49.86 प्रतिशत था जिससे खाने पीने की चीजों के दाम बढ़ने से महंगाई का आंकड़ा बढ़ जाता था। अब इसे घटाकर 39 प्रतिशत कर दिया है जिससे खाने-पीने की वस्तुओं के दाम बढ़ने से इस महंगाई दर पर असर नहीं दिखाई देता।

देश की जनता इस मार से त्रस्त है। क्या देश के चुने हुए नुमाइंदे इस तरफ कोई ध्यान देंगे?

## 2023-24 की बीस सूत्रीय कार्यक्रम की रिपोर्ट जारी, जिलों की प्रगति रिपोर्ट में 13 वें नंबर पर रहा जिला

# बीसूका में ऊधमसिंह नगर सबसे आगे, अल्मोड़ा पिछड़ा

रमेश जड़ौत, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** बीसूका (बीस सूत्रीय कार्यक्रम) में अल्मोड़ा जिले की रैंकिंग में जबर्दस्त गिरावट आई है, 2023-24 में अल्मोड़ा जिला बीसूका में 13 वें पायदान पर आया है, जबकि एक साल पहले उसकी रैंकिंग पांचवीं थी।

बीसूका में ऊधमसिंह नगर 95.96 प्रतिशत अंकों के साथ सबसे आगे रहा, जबकि देहरादून 95.10 प्रतिशत के साथ दूसरे और बागेश्वर 93.94 प्रतिशत नंबरों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। केंद्रीय परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा के निर्वाचन लोक सभा क्षेत्र वाले अल्मोड़ा जिले को उत्तराखंड का पहला मॉडल जिला बनाने की कवायद चल रही है। इस दिशा में आधारभूत सुविधाओं से लेकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था में इजाफा और स्वरोजगार परक योजनाओं को तेजी से लागू किए जाने का दावा किया जा रहा है, लेकिन गरीबी उन्मूलन, उत्पादकता बढ़ाने, आय की असमानता कम करने, सामाजिक और आर्थिक विषमताओं को दूर करने के लिए काम करने वाले बीस सूत्रीय कार्यक्रम में अल्मोड़ा जिले ने मायूस किया है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अर्थ एवं सांख्यिकी विभाग की ओर से जारी रैंकिंग में अल्मोड़ा जिले को 13वां स्थान मिला है। उसे 96 में से 82 अंक यानी 85.42 प्रतिशत अंक मिले हैं, 26 मदों में डी श्रेणी मिली है। प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में जिले का प्रदर्शन लक्ष्य के सापेक्ष 55 प्रतिशत से ज्यादा नहीं बढ़ सका।

**रैंकिंग**

- **देहरादून दूसरे और बागेश्वर तीसरे स्थान पर**
- **जिले का प्रदर्शन 55 प्रतिशत से ज्यादा नहीं बढ़ सका**

**एक साल पहले थी पांचवीं रैंकिंग**

जिले को 2022-23 में पांचवा स्थान मिला था। अब जिला पांचवें पायदान से खिसकर बीसूका की सूची में सीधा अंतिम पायदान पर पहुंच गया है। बीसूका के प्रदर्शन को मुख्य रूप से गरीबी हटाओ, किसान मित्र, खाद्य सुरक्षा, सबके लिए आवास, शुद्ध पेयजल, जन-जन का स्वास्थ्य, अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण, अल्पसंख्यक व पिछड़ा वर्ग कल्याण, महिला कल्याण, पर्यावरण व वन वृद्धि, ग्रामीण सड़क, ग्रामीण ऊर्जा, लघु उद्योग, राष्ट्रीय बचत, लघु उद्योग आदि के प्रदर्शन से आका जाता है।

> जो विभाग पीछे रहे हैं उनकी समीक्षा की जाएगी। जिले को अग्रणी बनाने के लिए प्रयास किए जाएंगे।
> **-एस के पंत,** डीडीओ अल्मोड़ा

# भागवत कथा सुनने काफी दूर से पहुंच रहे

संवाददाता, कपकोट (बागेश्वर)

**अमृत विचार :** क्षेत्र के सुप्रसिद्ध आध्यात्मिक केंद्र शिखर पर्वत स्थित श्रीश्री 1008 मूल नारायण भगवान के मंदिर में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा सुनने दूर दूर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

भक्तजन देर रात तक भजन कीर्तनों का भी गायन कर रहे हैं। कमेटी की ओर से यहां आयोजित भंडारे का भी वह खूब लुत्फ उठा रहे हैं। कथावाचक पं. रमेश चंद्र पांडे ने कहा कि देवी एक हैं पर उनके रूप अनेक हैं। जो लोग आश्विन और चैत्र महीने के नवरात्र पर व्रत रखकर देवी के नौ रूपों की श्रद्धापूर्वक पूजा करते हैं माता उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी कर देती हैं। कमेटी के संरक्षक पूर्व मंत्री बलवंत भौर्याल ने कहा कि अनुष्ठान की पूर्णाहुति 20 जून को हवन, यज्ञ और महाभंडारे के साथ होगी। उन्होंने सभी से अनुष्ठान में बढ़ चढ़कर शामिल होने की अपील की। मुख्य पुजारी प्रेम सिंह धामी ने प्रसाद बांटा। मुख्य यजमान कवीन्द्र बाफिला, धन सिंह बाफिला, उत्तमानंद महराज, राम सिंह कोरंगा, धन सिंह भौर्याल, प्रकाश पपोला, केदार रैखोला आदि मौजूद रहे।

## लक्षित का सब जूनियर हॉकी प्रतियोगिता के लिए चयन

**रानीखेत :** हल्द्वानी स्थित इन्दिरा गांधी इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्टेडियम में होने



वाली सब-जूनियर हॉकी चयन प्रक्रिया में चिलियानौला निवासी लक्षित बिष्ट पुत्र ललित मोहन बिष्ट का चयन हुआ है। हॉकी प्रशिक्षक व पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी दीपक महरा ने बताया कि लक्षित 15 से 22 जुलाई तक झांसी उत्तर प्रदेश में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगा। लक्षित की इस उपलब्धि पर जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष अगस्त लाल साह, भास्कर बिष्ट, कुंदन सिंह बिष्ट, गोपाल सिंह समस्त हॉकी प्रेमियों ने बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पानी नहीं मिलने पर प्रदर्शन कर रखा निर्जला व्रत

## जल निगम डिवीजन कार्यालय पहुंचे नेपाल सीमा से लगे दिगालीचौड़ के लोग, समाधान नहीं होने पर एसडीएम कार्यालय में जताएंगे विरोध



पानी नहीं मिलने पर चम्पावत में निर्जला व्रत रखकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, टनकपुर/ चम्पावत

**अमृत विचार :** मंगलवार को भीषण गर्मी के बीच नेपाल सीमा से लगे दिगालीचौड़ के ग्रामीणों ने पानी की मांग के लिए जल निगम डिवीजन कार्यालय चम्पावत परिसर में प्रदर्शन कर निर्जला व्रत रखा। नेपाल सीमा से लगे लोहाघाट विकासखंड के गुमदेश क्षेत्र के दिगालीचौड़ से आए ग्रामीणों की एक ही मांग थी कि उन्हें पानी मिले।

गुस्साए ग्रामीणों का कहना था कि न नलों से पानी मिल रहा है और नहीं कोई वैकल्पिक इंतजाम किए गए हैं। अनेकों बार आग्रह करने के बाद कोई समाधान नहीं होने से नाराज लोगों ने अपनी मांग को उठाने के लिए निर्जला व्रत का सहारा लिया।

ग्रामीणों ने समाधान नहीं होने पर लोहाघाट एसडीएम कार्यालय में निर्जला व्रत रखने और इसके बाद भी हल नहीं निकलने पर जिलाधिकारी कार्यालय में दस्तक देने की बात कही है। हरेश्वर महादेव संघर्ष समिति के अध्यक्ष मनोहर जोशी और पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्कर सिंह बोहरा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने प्रदर्शन करने के बाद निर्जला व्रत रखा। कहा कि दिगालीचौड़ क्षेत्र में पुरानी पेयजल योजना के स्रोत का पानी सूखने के साथ ही 13 में से अधिकांश हैंडपंपों से भी पानी नहीं मिलने से बाजार सहित पांच ग्राम पंचायतों में पेयजल संकट गहरा गया है। जल निगम ने जो एक पिकअप लगाया भी है, उससे भी आठ से नवें दिन पिकअप से पानी मिल रहा है।

नागरिकों का कहना था कि दिगालीचौड़ में निगम की पेयजल योजना का 80 प्रतिशत काम पूरा होने के बावजूद टेस्टिंग के नाम पर पानी नहीं मिल रहा है। पानी की कमी से ग्रामीणों को ही नहीं बल्कि मवेशियों तक असर पड़ रहा है। निर्जला व्रत रखने वालों में ग्राम प्रधान मोनू बिष्ट, पूजा भट्ट, पवन राम, संजय कुमार भट्ट, भीम दत्त भट्ट, देवकी देवी समय तमाम लोग मौजूद रहे।

# झील से पानी नहीं मिलने पर महिलाओं ने की नारेबाजी

संवाददाता, टनकपुर/ लोहाघाट

**अमृत विचार :** पेयजल किल्लत को लेकर लोहाघाट से लगे कोलीढेक की महिलाओं ने लोहाघाट एसडीएम कार्यालय में प्रदर्शन किया। महिलाओं ने कोलीढेक झील से पानी देने की मांग उठाई। महिलाओं ने चेतावनी दी कि समाधान शीघ्र नहीं होगा तो वह उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। कोलीढेक की महिलाओं का कहना था कि क्षेत्र में पुरानी पेयजल लाइन से पानी नहीं मिल रहा है। जल जीवन मिशन के तहत विभाग ने 15 से 20 घरों में पेयजल लाइन बिछाने के बाद योजना का काम अधूरा छोड़ दिया है।

जिससे क्षेत्र में पेयजल का संकट गहरा रहा है। पानी के लिए न केवल मीलों दूर जाना पड़ रहा है, बल्कि खरीदना भी पड़ रहा है। महिलाओं ने कोलीढेक झील से पेयजल देने की मांग उठाई। साथ ही समाधान नहीं होने पर डीएम कार्यालय में धरना देने की चेतावनी दी है। एसडीएम रिंकू बिष्ट ने जल निगम के ईई को समस्या के समाधान के निर्देश दिए। प्रदर्शन करने वालों में बृजेश जोशी, अल्का ढेक, पुष्पा ढेक, जानकी ढेक, सुनीता ढेक, मंजू जोशी, पूजा ढेक, कृष्ण ढेक, रेनू ढेक, मीना ढेक, शांति जोशी, अनीता माहरा, बच्ची देवी, किरन देवी, रेखा ढेक, भावना देवी आदि मौजूद रहे।



लोहाघाट के एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार



उंगिया में निरीक्षण करते ब्लॉक प्रमुख व अन्य। ● अमृत विचार

# खाद्यान्न गोदाम का निर्माण कार्य रोका

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार :** कपकोट के ब्लाक प्रमुख गोविंद दानू ने उंगिया में बन रहे खाद्यान्न गोदाम के निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कार्य को रोकने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्य में गुणवत्ता पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पाया कि रेत की जगह मिट्टी का प्रयोग किया जा रहा है। ब्लाक प्रमुख ने विभिन्न गांवों का भ्रमण करके विकास कार्यों का निरीक्षण किया व समस्याएं सुनी।

उंगिया में उन्होंने देखा कि यहां बन रहे गोदाम में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि अति दुर्गम क्षेत्र उंगिया में क्षेत्र के कई गांवों का खाद्यान्न भंडारण किया जाता है बरसात से पूर्व भी यह प्रमुख ऐसा गोदाम है जहां पर खाद्यान्न भंडारण किया जाता है। राशन की क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से यहां पर सरकार द्वारा गोदाम निर्माण किया जा रहा है परंतु इस पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कार्यदायी संस्था लघु सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता को फोन करके कार्य रोकने व जांच के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने खाती के गोदाम में भी गुणवत्ता की शिकायत कर जांच की मांग की। उन्होंने गुणवत्ता विहीन कार्य पाते हुए जांच के आदेश दिए। दौरान उनके साथ राजू दानू, कैलाश सिंह, वीर सिंह आदि उपस्थित थे।

# अंगोरा शशक प्रजनन केंद्र में ली जानकारी

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** आयुक्त कुमाऊं मंडल दीपक रावत राजकीय अंगोरा शशक प्रजनन केन्द्र,चम्पावत पहुंचे। जहां उन्होंने शशक प्रजनन केन्द्र का निरीक्षण करते हुए केन्द्र प्रभारी से आवश्यक जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान पशु चिकित्साधिकारी डा. सुवर्णा भोज ने कुमाऊं आयुक्त को जर्मन अंगोरा शशक के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कुमाऊं आयुक्त ने कहा कि किसानों, पशुपालकों को अन्य पशुओं के साथ ही जर्मन अंगोरा पालने के लिए जागरूक करने के साथ ही प्रेरित करें। इससे कृषकों की आय में और अधिक वृद्धि होगी। क्योंकि शशक को पालने में बहुत अधिक जगह की आवश्यकता भी नहीं पड़ती है और यह आसानी से पाले जा सकते हैं। साथ ही इस प्रजनन प्रक्षेत्र को और विकसित किया जाय। जिलाधिकारी नवनीत पांडेय ने प्रजनन केंद्र को विकसित करने के लिए पशुपालन विभाग को जिला योजना अंतर्गत प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। डा. सुवर्णा भोज ने बताया कि यहां से पिथौरागढ़ मुनस्यारी तक के लोग शशक व ऊन खरीदकर ले जाते हैं। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी हेमंत कुमार वर्मा, उपजिलाधिकारी सदर सौरव असवाल,पुलिस क्षेत्राधिकारी वंदना वर्मा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी नंदन सिंह आगरी, डा.कोमल सिंह,पशुधन प्रसार अधिकारी हिमांशु जोशी आदि मौजूद रहे।

## चार माह से वेतन नहीं मिला, परेशान

**बागेश्वर :** विद्युत वितरण उपसंस्थान वनलेख में अनुभाग में तैनात ठेकेदार के अधीन कर्मचारियों को चार माह से वेतन नहीं मिल पाया है। जिस कारण कर्मचारी आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।

अधिशासी अभियंता को दिए ज्ञापन में उन्होंने कहा कि वे मूलनारायण इलेक्टकल्स कंस्टक्शन के तहत कार्य कर रहे हैं तथा कई गांवों की विद्युत व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाले हैं परंतु उन्हें चार माह से वेतन नहीं मिल रहा है। कई बार इस संबंध में ठेकेदार से वार्ता की तो उन्हें शीघ्र वेतन दिलाने की बात की गई परंतु वादे के अनुसार वेतन नहीं दिया गया। ज्ञापन में दर्शन सिंह, बसंत सिंह, कमल जोशी, मोहन राम, धीरज सिंह, शिवराज सिंह के हस्ताक्षर हैं।

**सर्वसम्मति** | सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय में शोध सलाहाकार समिति रिसर्च एडवाइजरी कमेटी ने लिया फैसला

# शोध कार्यों को बढ़ावा देने के लिए सर्वसम्मति से लिया निर्णय

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय में शोध सलाहाकार समिति रिसर्च एडवाइजरी कमेटी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में आयोजित बैठक में सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय में शोध कार्यों को बढ़ावा देने के लिए सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए।



सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय में बैठक को संबोधित करते कुलपति। ● अमृत विचार

बैठक में विश्वविद्यालय के शोध अध्यादेश को विश्वविद्यालय के एकेडेमिक कौंसिल की बैठक में प्रस्तुत करने का निर्णय के साथ शोध निर्देशक की अर्हता, अंतरविषयी शोध की प्रवृत्ति एवं शोध निर्देशक बनाए जाने, यूजीसी की ओर से प्रदत्त नेट/जेआरएफ एनएफ ओबीसी एनएफएससी सावित्री बाई ज्योतिबा फुले सिंगल गर्ल्स चाइल्ड छात्रवृति/ सीएसआईआर की शोध अध्येता छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रोग्रेस रिपोर्ट एवं प्रस्तुतिकरण को निदेशालय में प्रस्तुत करने, शोध छात्रों की उपस्थिति का विभागवार विवरण रखने के साथ शोधार्थी की शोध प्रगति को आवश्यक रूप से प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया। विभिन्न विषयों में शोधकार्य कर रहे शोधार्थी के शोध कार्य को लेकर त्रैमासिक सेमिनार आयोजित होगा, जिसमें प्रत्येक शोधार्थी अपने शोध संबंधी आख्या प्रस्तुत करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने कहा यूजीसी ने प्रत्येक विश्वविद्यालय में शोध सलाहाकार समिति बनानाआवश्यक है। बैठक में शोध निदेशालय के प्रो. जेएस रावत, प्रो. एसके जोशी (संकायाध्यक्ष विज्ञान), प्रो. एमएम जिन्नाह, प्रो. मधुलता नयाल, प्रो. जेएस बिष्ट, डॉ. संगीता पवार तथा बाह्य विशेषज्ञ रूप में प्रो. एलएस लोधियाल, प्रो. एचसीएस बिष्ट ने सुझाव दिए। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. देवेंद्र सिंह बिष्ट, शोध सहयोगी डॉ. ललित चंद्र जोशी, विपिन जोशी उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश

# मां के चरित्र पर शक करता था बेटा, अक्सर होता था झगड़ा

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** बेटे ने मां की गला दबाकर हत्या कर दी और लाश को चरी के खेत में दफना दिया। सौतेले बेटे ने पुलिस से शिकायत की तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने हत्यारोपी पुत्र को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर खेत से शव बरामद कर लिया। उसने मां के चरित्र पर शक होने के चलते हत्या की बात कही है।

सकरौली थाना क्षेत्र के गांव धर्मपुर निवासी गंगा सिंह ने तीन शादियां की थीं। पहली शादी श्रीदेवी से की, जिससे एक बेटा हरपाल सिंह हुआ। श्रीदेवी की मृत्यु के बाद गंगा सिंह ने दूसरी शादी सुधा के साथ की। सुधा की मृत्यु के बाद तीसरी शादी सीमा देवी (40) के साथ की थी। सीमा से एक बेटा रमाशंकर और चार बेटियां हैं।

गंगा सिंह की करीब तीन साल पहले मृत्यु हो गई। रमाशंकर अपनी मां सीमा के चरित्र पर शक करता था। इसी बात पर उसका मां से अक्सर झगड़ा होता था। 13 जून को सीमा लापता हो गई। सौतेले बेटे हरपाल सिंह को रमाशंकर पर शक हुआ तो उसने सोमवार को पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने रमाशंकर को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उसने मां की हत्या की बात कुबूल की। बताया कि मां का चरित्र ठीक नहीं था इसलिए कत्ल कर दिया।

अपने दोस्तों नीरज पुत्र दुर्गपाल और रामबाबू उर्फ भालू पुत्र विजयपाल यादव निवासी गांव सियाराम के सहयोग से लाश को खेत में दफना दिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चरी के खेत से महिला के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अन्य दोनों आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि हरपाल की तहरीर के अनुसार पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया।

**हत्या का खुलासा**

- **13 जून को हत्याकर दोस्तों की मदद से शव खेत में दफनाया**
- **सौतेले बेटे ने सोमवार को पुलिस से की शिकायत तो हुआ खुलासा**

## घर के बाहर सो रहे व्यक्ति की गला रेतकर हत्या

**सहारनपुर, एजेंसी :** जिले में कुतुबशेर थानाक्षेत्र में घर के बाहर सो रहे एक व्यक्ति की अज्ञात बदमाशों ने रात गला रेतकर हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक (नगर) अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि थाना कुतुबशेर अंतर्गत ग्राम खत्रीवाला निवासी बॉबी (50) अपने घर के बाहर सड़क पर ही चारपाई डालकर सो रहा था। मंगलवार सुबह चार बजे जब बॉबी के परिजन उसे जगाने के लिए गए तो उन्हें बॉबी मृत मिला और उसकी गर्दन पर धारदार हथियार से वार किया गया था। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी तुरंत ही कुतुबशेर थाने को दी गई। सूचना मिलते ही थाने की पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल से नमूने इकट्ठा किए गए।

## बलिया में महिला के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**बलिया,एजेंसी :** जिले के बैरिया थाना क्षेत्र में युवक ने महिला को झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार किया। बैरिया थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) धर्मवीर सिंह ने बताया कि आरोपी उपाध्यायपुर गांव निवासी अजीत कुमार (22) को गिरफ्तारी के बाद बलिया की एक अदालत में पेश किया गया। अदालत ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। सिंह ने बताया कि अजीत ने सोमवार को गांव निवासी 45 वर्षीय महिला को सस्ती दर पर बाग से आम दिलाने के बहाने बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

## ग्रामीण फीडरों का मामला पहुंचा नियामक आयोग में

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में शहरों से सटे ग्रामीण फीडरों को शहरी घोषित करने का मामला राज्य विद्युत नियामक आयोग पहुंच गया है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने मंगलवार को आयोग में अवमानना याचिका दाखिल की। परिषद ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष समेत पूरे निदेशक मंडल पर कठोर कार्रवाई करने व निदेशकों को बर्खास्त कर उनकी सम्पत्तियों की जांच कराने की मांग की है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार से मुलाकात की।

## बहराइच में युवक ट्रेन के आगे कूदा, मौत

**बहराइच, एजेंसी :** जिले के जरवलरोड तिराहे पर मंगलवार को एक युवक चलती ट्रेन के आगे कूद गया। हादसे में युवक की कट कर मौत हो गई । पुलिस सूत्रों के अनुसार जरवलरोड थाने के जरवलरोड तिराहे के पास गोरखपुर लखनऊ रेलवे प्रखंड के पश्चिमी दिशा पर आज लगभग दस बजे तेज रफ्तार ट्रेन के आगे युवक कूद गया। जिसके चलते उसकी मौत हो गई। स्टेशन मास्टर की सूचना पर थानाध्यक्ष बृजराज पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पहचान के प्रयास शुरू हुए। युवक की पहचान कैंसरगंज थाने के बघईयां निवासी 21 वर्षीय पिंटू चौकीदार पुत्र विद्याराम के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि पिंटु व उसके भाई में मामूली कहा सुनी के बाद विवाद हो गया था जिससे क्षुब्ध होकर उसने ये क़दम उठा लिया।

# चलती ट्रेन से हथकड़ी समेत कूदने में एक धरा

संवाददाता, इटावा, एजेंसी

**अमृत विचार :** ट्रांजिट रिमांड पर महाराष्ट्र ले जाये जा रहे धोखाधड़ी मामले के तीन आरोपी इटावा और इकदिल स्टेशन के बीच चलती ट्रेन से हथकड़ी समेत कूदकर फरार हो गए थे, जिनमें से जीआरपी ने एक को गिरफ्तार कर लिया है।

राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) इटावा थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) शैलेश कुमार निगम ने बताया कि मंगलवार को सुबह साढे छह बजे इकदिल रेलवे स्टेशन के निकट फरार अभियुक्त अनीस को गिरफ्तार कर लिया गया है, वह प्रतापगढ़ जिले के रामपुर फतनपुर का रहने वाला था। गिरफ्तार आरोपी अनीस को इटावा न्यायालय में पेश किया गया है। न्यायालय से रिमांड मंजूर होने पर जीआरपी अनीस को महाराष्ट्र पुलिस के सुपुर्द करेगी और शेष दो फरार अभियुक्तों की तलाश जारी है। इससे पहले सोमवार को निगम ने बताया था कि महाराष्ट्र के पालघर जिले के थाना नालासोपारा पुलिस के उपनिरीक्षक मिलिंद तापडे. और हर्षल रउस के नेतृत्व में पुलिस टीम की अभिरक्षा में रामपुर फ़तनपुर निवासी मो. अनीस तथा राजन पुर कुंडा के रहने वाले रेहान फारुकी व अकील अहमद को धोखाधड़ी, दस्तावेज में हेराफेरी समेत विभिन्न आपराधिक मामलों में ट्रांजिट रिमांड पर लेकर ट्रेन से महाराष्ट्र के पालघर जिले के नालासोपारा जा रहे थे। ट्रेन जब इटावा स्टेशन पर रुकी तब घटना की जानकारी जीआरपी इटावा प्रभारी को महाराष्ट्र पुलिस द्वारा दी गई।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 77,301.14 | 23,557.90 |
| बढ़त | 308.37 | 92.30 |
| प्रतिशत में | 0.40 | 0.39 |

# कारोबार/कृषि

अमृत विचार
www.amritvichar.com
हल्द्वानी, बुधवार, 19 जून 2024

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 965 फ्लैग 1075 डीएमओ 850 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 900 फ्लैग 1050 बोल्ड 1100 डीएमओ 800।

### बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 2060, राज श्री 1385, फ़ॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1960, फॉर्चुन ली. 1610, जय जवान 1510, सचिन 1520, सूरज 1535, अवसर 1640, राग गोल्ड 1620, गृहणी 1495, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1655, चक्र टिन 1875, ब्लू 1615, आशीर्वाद मस्टर्ड 1900, स्वास्तिक 2030, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 35500, लाल मिर्च 20000-28500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4600, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4600, खजाना 4600, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300-14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850-7300 मलका दाल 7575-7900, मलका छांटी 7650, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11200, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9200, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15500, अरहर पटका मोटा 16200, अरहर कोरा मोटा 16500, अरहर पटका छोटा 16000-16400, अरहर कोरी छोटी 17400, **चीनी**-डालमियां 4100, पीलीभीत 4080, नवाबगंज (नई) 4070, बहेड़ी (नई) 4080 रुपये।

# अयोध्या, वाराणसी तेजी से रियल एस्टेट विकास के लिए 17 उच्च क्षमता वाले शहरों में शामिल

## कोलियर्स इंडिया ने 100 से अधिक शहरों के अध्ययन के आधार जारी की रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

अयोध्या, वाराणसी, पुरी, द्वारका, शिरडी, तिरुपति और अमृतसर उन 17 उच्च संभावना वाले शहरों में शामिल हैं, जहां आने वाले वर्षों में तेजी से रियल एस्टेट विकास होने की संभावना है। इसकी मुख्य वजह आध्यात्मिक पर्यटन, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और डिजिटलीकरण होगी। रियल एस्टेट परामर्शदाता कोलियर्स इंडिया ने 100 से अधिक शहरों में से 30 संभावित उच्च विकास वाले शहरों की पहचान की है, जहां मध्यम से दीर्घावधि में रियल एस्टेट विकास मजबूत होने वाला है।

इन 30 शहरों में से 17 उच्च-संभावना वाले शहरों में तीन या अधिक परिसंपत्ति वर्गों में रियल एस्टेट विकास में तेजी आने की उम्मीद है। इन 17 उच्च प्रभाव वाले उभरते रियल एस्टेट मुख्य भौगोलिक विस्तार देश के उत्तरी, दक्षिणी, पश्चिमी, पूर्वी और मध्य क्षेत्रों में समान विकास को उजागर करता है। परामर्शदाता द्वारा उत्तर भारत में चिन्हित शहर अमृतसर, अयोध्या, जयपुर, कानपुर, लखनऊ तथा वाराणसी; पूर्वी भारत में पटना तथा पुरी; पश्चिम भारत में द्वारका, नागपुर, शिरडी तथा सूरत; दक्षिण भारत में कोयम्बटूर, कोच्चि, तिरुपति तथा विशाखापत्तनम और मध्य भारत में इंदौर हैं। सलाहकार ने कहा कि आध्यात्मिक पर्यटन से प्रेरित विकास के मामले में अमृतसर, अयोध्या, द्वारका, पुरी, शिरडी, तिरुपति और वाराणसी ध्यान देने योग्य शहर बनकर उभरे हैं।



### दिल्ली-एनसीआर में मार्च तिमाही में 60 प्रतिशत फ्लैट एक करोड़ रुपये से अधिक में बिके

इस साल जनवरी-मार्च के दौरान दिल्ली-एनसीआर में बेचे गए कुल 10,060 फ्लैट में लगभग 60 प्रतिशत की कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक थी। आवासीय ब्रोकरेज फर्म प्रॉपटाइगर ने यह जानकारी दी। इस साल जनवरी-मार्च में दिल्ली-एनसीआर में 10,060 इकाइयों की बिक्री हुई, जिनमें 59 प्रतिशत की कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक थी। इसके अलावा 19 प्रतिशत इकाइयों की कीमत 75 लाख रुपये से एक करोड़ रुपये के बीच थी। आठ प्रतिशत इकाइयों की कीमत 45-75 लाख रुपये के बीच, 11 प्रतिशत इकाइयों की कीमत 25-45 लाख रुपये के बीच और तीन प्रतिशत इकाइयों की कीमत 25 लाख रुपये से कम थी।

### सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 90,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,400 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,700-54,900 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,200 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 88,800 |
| चांदी तैयार | 89,900 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 72,100 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,100 |
| चांदी पक्की | 882 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 72,650 |
| चांदी आभूषण | 89,000। |

### हल्द्वानी मंडी

**चावल**-शरबती 65 मसूरी 55 अंगूरी 55 बासमती 98, **दाल दलहन**-काला चना 110-130 साबुत चना दाल 70 मूंग साबुत 97 राजमा 156 दाल उड़द 120 साबुत मसूर दाल 65 मसूर दाल 70 उड़द साबुत 112 काबुली चना 80 अरहर दाल 155 लोबिया/करमानी 75-100 सोयाबीन 40 मूंगफली 75 मटर (सूखी) 49-62 मक्का 16 रुपये।

### मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द :110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 -106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90 से 105 चना देसी : 60से 70 चना कावली : 90 से 130 राजमा लाल : 130 से 140 राजमा चित्ता : 125 से 130 लोबिया लाल : 90 से 110 लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये ।

# अगले तीन महीने एफपीओ को मजबूत करने को चलेगा अभियान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **राज्य में क्रियाशील हैं 3240 किसान उत्पादक संगठन**

**अमृत विचारः** राज्य सरकार उत्तर प्रदेश में किसानों की आय को बढ़ाने और राज्य को फूड बास्केट ऑफ इंडिया बनाने के उद्देश्य से एफपीओ सेल गठित करेगी। इसे अभियान के तौर पर आगे बढ़ाकर राज्य में सक्रिय किसानों के किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) को वित्तीय ताकत दी जाएगी। ताकि उन्हें ओपन नेटवर्क फॉर डिजीटल कॉमर्स यानी ओएनडीसी और ई-नाम से जोड़ने की प्रक्रिया को गति प्रदान की जा सकेगी। इसके लिए सरकार ने विस्तृत कार्ययोजना बना ली है। अगले तीन माह में अभियान के रूप में लागू कर दिया जाएगा।

शासन से मिली जानकारी के अनुसार अभियान के तहत एफपीओ को इक्विटी ग्रांट के अलावा इनपुट लाइसेंस, बीज लाइसेंस समेत तमाम लाइसेंसिंग प्रक्रिया से जोड़ने में मदद मिलेगी। उप्र. में इस समय आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजना के अंतर्गत 3,240 एफपीओ यूपी शक्ति पोर्टल पर पंजीकृत हैं। सरकार का दावा है कि इसके माध्यम से किसानों को सीधा फायदा मिलेगा।

### प्रत्यक्ष कर संग्रह 21 प्रतिशत बढ़कर 4.62 लाख करोड़ रुपये हुआ

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने मंगलवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष में अबतक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 21 प्रतिशत बढ़कर 4.62 लाख करोड़ रुपये हो गया। इसमें अग्रिम कर संग्रह में हुई वृद्धि का विशेष योगदान रहा। अग्रिम कर की पहली किस्त 15 जून को देय थी।

यह संग्रह 27.34 प्रतिशत बढ़कर 1.48 लाख करोड़ रुपये रहा है। इसमें 1.14 लाख करोड़ रुपये का कॉरपोरेट कर (सीआईटी) और 34,470 करोड़ रुपये का व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) शामिल है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने एक बयान में कहा कि 4,62,664 करोड़ रुपये (17 जून, 2024 तक) के शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह में 1,80,949 करोड़ रुपये का सीआईटी और 2,81,013 करोड़ रुपये का पीआईटी (प्रतिभूति लेनदेन कर सहित) शामिल हैं।

# फिच ने भारत के लिए वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 7.2% किया

नई दिल्ली, एजेंसी

- **रेटिंग एजेंसी ने चालू वित्त वर्ष के लिए किया संशोधन**




फिच रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है। मार्च में उसने इसके सात प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था।

रेटिंग एजेंसी ने उपभोक्ता खर्च में सुधार और निवेश में वृद्धि का हवाला देते हुए मंगलवार को अनुमान में संशोधन किया। फिच ने जून में अपनी वैश्विक आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में कहा कि इस वर्ष के अंत तक मुद्रास्फीति घटकर 4.5 प्रतिशत पर आ जाएगी और भारतीय रिजर्व बैंक नीतिगत ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करके इसे 6.25 प्रतिशत पर ले आएगा। रिपोर्ट में कहा गया, हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.2 प्रतिशत की मजबूत दर से बढ़ेगी। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि निवेश में वृद्धि जारी रहेगी, लेकिन हाल की तिमाहियों की तुलना में इसकी रफ्तार धीमी रहेगी, जबकि उपभोक्ता भरोसा बढ़ने के साथ उपभोक्ता खर्च में सुधार होगा। फिच ने वित्त वर्ष 2025-26 और 2026-27 के लिए क्रमशः 6.5 प्रतिशत और 6.2 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया है। फिच का अनुमान आरबीआई के अनुमान के अनुरूप है।

# भारतीय रिजर्व बैंक के मौद्रिक नीति के रुख में बदलाव करना होगा जल्दबाजी : दास

मुंबई, एजेंसी

- **आरबीआई के गवर्नर ने कार्यक्रम को किया संबोधित**



आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मंगलवार को कहा कि मौद्रिक नीति के रुख में बदलाव करना बहुत जल्दबाजी होगा और शीर्ष बैंक को दरों के मोर्चे पर दुस्साहस के दृष्टिकोण से बचना होगा।

मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दास ने कहा कि रिजर्व बैंक सेबी के साथ मिलकर वायदा और विकल्प खंड में उच्च कारोबार आकार की निगरानी कर रहा है, लेकिन इसपर कोई भी कार्रवाई बाजार नियामक द्वारा की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी संभावना है कि मार्च तिमाही के लिए चालू खाते घाटा (कैड), जिसकी घोषणा अगले सप्ताह की जाएगी, वित्त वर्ष 2023-24 के पहले नौ महीनों के लिए 1.2 प्रतिशत के आंकड़े से नीचे आ जाएगा। वित्त वर्ष के पहले नौ माह में कैड सकल घरेलू उत्पाद के 1.2 प्रतिशत पर रहेगा, जबकि एक साल पहले समान अवधि में यह 2.6 प्रतिशत के स्तर पर था। ऐसा वस्तुओं का व्यापार घाटा कम होने की वजह से होगा। वैश्विक बॉन्ड सूचकांकों में देश के शामिल होने के बाद बढ़ते प्रवाह की चर्चाओं के बीच गवर्नर ने कहा कि केंद्रीय बैंक भविष्य में अस्थिरता को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक माध्यम के रूप में कार्य करने के लिए भंडार बनाना जारी रखेगा।

## राष्ट्रीय

# 200 से अधिक पर्यटक सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाए गए

## सिक्किम भूस्खलनः पुलिस अधीक्षक ने बताया-करीब एक हजार पर्यटक अब भी फंसे, मंगन में स्कूल बंद

गंगटोक, एजेंसी

सिक्किम के भूस्खलन प्रभावित मंगन जिले के लाचुंग में 200 से अधिक पर्यटकों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया और करीब एक हजार पर्यटक अब भी फंसे हुए हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक (एसपी) सोनम देचू भूटिया ने बताया कि पर्यटकों को चुंगथांग के रास्ते मंगन शहर तक पहुंचाया गया, जहां से परिवहन विभाग ने उन्हें वाहनों में गंगटोक ले जाने की व्यवस्था की है। अधिकारी ने बताया कि उत्तरी सिक्किम के लाचुंग में फंसे करीब 150 पर्यटकों को मंगलवार को और 64 पर्यटकों को सोमवार को मंगन कस्बे में सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। उन्होंने बताया कि बचाव कार्य के लिए जिला प्रशासन सीमा सड़क संगठन (बीआरओ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और अन्य स्वयंसेवकों की मदद ले रहा है। उन्होंने बताया कि दिन में और भी पर्यटकों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचा दिया जाएगा। इसके साथ ही मंगन जिला प्रशासन ने संपत्ति को हुए नुकसान और सड़क अवरुद्ध होने के मद्देनजर छात्रों की सुरक्षा को लेकर मंगलवार को जिले के सभी सरकारी स्कूलों को तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश दिया। जिलाधिकारी हेम कुमार छेत्री ने बताया मंगन प्रखंड के मानुल, सिंघिक, मंगन तथा मांगशिला आदि क्षेत्र में सरकारी स्कूल अगले आदेश तक बंद रहेंगे।



सिक्किम के मंगन जिले में भूस्खलन के कारण फंसे पर्यटकों को निकालते कर्मी। • एजेंसी

### लगातार हो रही बारिश ने मंगन में कहर बरपाया कई जगह भूस्खलन होने से संपर्क टूटा

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 12 जून से लगातार हो रही बारिश ने मंगन में कहर बरपाया, जिससे कई जगह भूस्खलन हुआ और जिले के ज्यादातर हिस्सों से संपर्क टूट गया। कई स्थानों पर सड़कें अवरुद्ध होने के कारण लाचुंग में लगभग 1,200 पर्यटक फंस गए। पिछले कुछ दिनों में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन के चलते सिक्किम में कम से कम छह लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस प्राकृतिक आपदा के कारण कई इलाकों में संपत्ति को काफी नुकसान हुआ और बिजली, खाद्य आपूर्ति तथा मोबाइल नेटवर्क भी बाधित है। उन्होंने बताया कि सांकलांग में नवनिर्मित झूला पुल के ढहने के बाद स्थिति गंभीर हो गई क्योंकि यह उत्तरी सिक्किम और जोंगु को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग था। एक बयान में कहा गया, मौसम और भारी वर्षा के कारण पैदा हुए हालात से निपटने की कवायद के तहत बीआरओ ने उत्तरी सिक्किम से संपर्क जल्द से जल्द बहाल करने के लिए काम शुरू कर दिया है।



सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी के साथ नई दिल्ली में साइबरस्पेस संचालन के लिए संयुक्त सिद्धांत जारी किया। • एजेंसी

### एक नजर

#### प्रज्वल रेवन्ना को 24 जून तक न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**बेंगलुरु।** जनता दल (सेक्युलर) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को यहां की एक विशेष अदालत ने मंगलवार को 24 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। प्रज्वल बलात्कार और यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे हैं। इसके पहले, अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अदालत ने 12 जून को उन्हें 18 जून तक विशेष जांच दल (एसआईटी) की हिरासत में भेजा था, जो उनके खिलाफ मामलों की जांच कर रही है। प्रज्वल (33) हाल ही में लोकसभा चुनाव में हार के कारण हासन सीट बरकरार रखने में विफल रहे।

#### मालीवाल ने इंडिया के नेताओं को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी बिभव कुमार द्वारा उनके साथ की गई मारपीट के मामले पर बातचीत के लिए मंगलवार को विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों के नेताओं से समय मांगा। विपक्षी गठबंधन के, राहुल गांधी और शरद पवार जैसे नेताओं को लिखे पत्र में आम आदमी पार्टी की सदस्य ने शिकायत की कि दुर्व्यवहार के खिलाफ बोलने पर उन्हें शर्मिंदा किया गया और उनका चरित्र हनन हुआ।

# मन की बात कार्यक्रम 30 से फिर होगा शुरू, मोदी ने मांगे सुझाव

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का प्रसारण 30 जून से फिर से शुरू होगा। उन्होंने लोगों से इसके लिए अपने विचार और सुझाव साझा करने का आग्रह किया। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''यह बताते हुए खुशी हो रही है कि चुनाव के कारण कुछ महीनों के अंतराल के बाद मन की बात वापस आ गया है! इस महीने का कार्यक्रम रविवार, 30 जून को होगा। उन्होंने कहा-मैं आप सभी से इसके लिए अपने विचार और सुझाव साझा करने का आह्वान करता हूं। प्रधानमंत्री मोदी का यह मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' आखिरी बार 25 फरवरी को प्रसारित किया गया था और फिर लोकसभा चुनाव संपन्न होने तक इसके प्रसारण पर विराम लगा दिया गया था।

# एनसीडब्ल्यू को उत्तर प्रदेश से मिलीं सबसे ज्यादा शिकायतें

नई दिल्ली, एजेंसी

### वर्ष 2024 में अब तक 12,600 शिकायतें मिलीं

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) को इस साल अब तक 12,600 शिकायत प्राप्त हुई हैं, जिनमें से सबसे अधिक शिकायतें उत्तर प्रदेश की ओर से दर्ज कराई गईं हैं। एनसीडब्ल्यू के आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई है।

एनसीडब्ल्यू की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक सबसे अधिक शिकायत गरिमा का अधिकार श्रेणी में प्राप्त हुईं, जिसमें घरेलू हिंसा के अलावा अन्य उत्पीड़न शामिल हैं। इस श्रेणी में एनसीडब्ल्यू को कुल 3,107 शिकायत प्राप्त हुईं। एनसीडब्ल्यू की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार इसके बाद घरेलू हिंसा की 3,544 शिकायत दर्ज की गईं। आंकड़ों के अनुसार इसके बाद दहेज उत्पीड़न की 1,957 शिकायत, छेड़छाड़ की 817 शिकायत, महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता की 518 शिकायत और दुष्कर्म तथा दुष्कर्म के प्रयास की 657 शिकायत प्राप्त हुईं। एनसीडब्ल्यू ने बताया कि यौन उत्पीड़न की 493 शिकायत, साइबर अपराध की 339 शिकायते दर्ज की गईं। जिसमें सबसे ज्यादा 6,470 शिकायत उत्तर प्रदेश में, इसके बाद दिल्ली (1,113) और महाराष्ट्र (762 शिकायत) का स्थान रहा।

# नीट पेपर लीक मामले पर हैरान करती है मोदी की चुप्पी : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

- **कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा (नीट) मुद्दे पर मौन धारण करने के लिए मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और दोहराया कि उनकी पार्टी युवाओं की आवाज सड़क से संसद तक मजबूती से उठा कर प्रश्नपत्र लीक के खिलाफ कठोर नीतियों का निर्माण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2024 के पेपर लीक पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुप्पी पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा है कि देश के 24 लाख बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है और नरेंद्र मोदी इस पर हैरान करने वाला मौन साधे हुए हैं।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि बिहार, गुजरात और हरियाणा में हुई गिरफ्तारियों से साफ है कि परीक्षा में योजनाबद्ध तरीके से संगठित भ्रष्टाचार हुआ है और ये भाजपा शासित राज्य प्रश्नपत्र लीक का केंद्र बन चुके हैं। राहुल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा-नीट परीक्षा में 24 लाख से अधिक विद्यार्थियों के भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ पर भी नरेन्द्र मोदी हमेशा की तरह मौन धारण किए हुए हैं। उन्होंने दावा किया, बिहार, गुजरात और हरियाणा में हुई गिरफ्तारियों से साफ है कि परीक्षा में योजनाबद्ध तरीके से संगठित भ्रष्टाचार हुआ है और ये भाजपा शासित राज्य प्रश्नपत्र लीक का केंद्र बन चुके हैं।

राहुल ने कहा कि कांग्रेस ने न्यायपत्र में प्रश्न पत्र लीक के विरुद्ध सख्त कानून बना कर युवाओं का भविष्य सुरक्षित करने की गारंटी दी थी। उन्होंने कहा-विपक्ष की जिम्मेदारी निभाते हुए हम देश भर के युवाओं की आवाज सड़क से संसद तक मज़बूती से उठा कर और सरकार पर दबाव डाल कर ऐसी कठोर नीतियों के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं।

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि नीट-यूजी 2024 परीक्षा के आयोजन में किसी की तरफ से 0.001 प्रतिशत लापरवाही भी हुई हो, तब भी उससे पूरी तरह से निपटा जाना चाहिए, जिसके बाद राहुल गांधी की यह टिप्पणी आई है। न्यायालय ने कहा कि छात्रों को इन परीक्षाओं की तैयारी करते समय कठोर परिश्रम करना पड़ता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि नीट-यूजी, 2024 से संबंधित मुकदमे को विरोधात्मक नहीं माना जाना चाहिए।

### विशेष लोक अदालत का आयोजन करेगा उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय कुछ लंबित मामलों के सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए 29 जुलाई से तीन अगस्त तक एक विशेष लोक अदालत का आयोजन करेगा।

शीर्ष अदालत की स्थापना के 75वें वर्ष में विशेष लोक अदालत आयोजित की जाएगी। संविधान के लागू होने के साथ ही 26 जनवरी, 1950 को उच्चतम न्यायालय की स्थापना हुई थी। शीर्ष न्यायालय ने एक बयान में कहा कि लोक अदालतें देश में न्याय प्रणाली का अभिन्न हिस्सा हैं जो सौहार्दपूर्ण समाधान की प्रक्रिया तेज करके वैकल्पिक तरीके से विवाद निवारण करती हैं।

# महाराष्ट्र में धोखा खाए प्रेमी ने महिला को पीट-पीटकर मार डाला

पालघर (महाराष्ट्र), एजेंसी

- **हमले के दौरान लोग इस भयावह तमाशे को देखते रहे**

महाराष्ट्र के वसई में शुक्रवार को एक ठुकराए प्रेमी ने बीच सड़क पर अपनी प्रेमिका के सिर पर 18 वार किए, जबकि बड़ी संख्या में लोग इस भयावह तमाशे को देख रहे थे। पुलिस ने यह जानकारी दी।

वालिव पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक जयराज रानावरे ने बताया, आरोपी ने महिला पर पाना (नट बोल्ट खोलने वाला एक उपकरण) से हमला किया। उसके शरीर पर 18 घाव थे। पुलिस ने बताया कि रोहित यादव (32) और आरती यादव (22) पड़ोसी थे और पिछले कुछ सालों से उनके बीच प्रेम संबंध थे। पिछले कुछ समय से आरती यादव ने उससे संपर्क करना बंद कर दिया था, जिससे उसे शक हो गया था कि उसका किसी और के साथ संबंध है। क्यों किया ऐसा मेरे साथ, प्रेमी यही कहता रहा और पाना से महिला के सिर पर वार करता रहा। बीच-बचाव करने के लिए मात्र एक व्यक्ति बाहर आया, बाकि सभी मूकदर्शक बने इस अमानवीय व्यवहार को देखते रहे। पुलिस ने बताया कि सामने आये वीडियो में बड़ी संख्या में लोग इस हमले को देखते हुए नजर आए, लेकिन युवक महिला पर हमला करता रहा और कोई उसकी मदद के लिए नहीं आया। वालिव पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस इस घटना की आगे की जांच कर ही है।

वसई के चिंचपाड़ा इलाके में सुबह करीब साढ़े आठ बजे हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता और आरोपी नाला सोपारा के एक मोहल्ले में रहते थे और एक औद्योगिक सेक्टर में काम करते थे। एक अधिकारी ने बताया कि वह हमलावर के साथ काम पर जा रही थी, तभी बीच रास्ते में उनका झगड़ा हो गया। अधिकारी ने बताया कि युवती के बेहोश होकर गिर जाने के बाद भी आरोपी उस पर हमला करता रहा। वह घटनास्थल से फरार नहीं हुआ, बल्कि शव के पास ही सीढ़ी पर बैठा रहा।वालिव पुलिस थाने से एक टीम जल्दी से घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने एक पुरुष और एक अन्य महिला को हिरासत में लिया है जिसने हमले का वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया था।

# हम तैयार, कुछ खास करने की उत्सुकता

## रोहित बोले: सुपर आठ में हर मैच खास, कोहली समेत टीम के हर खिलाड़ी ने सामान्य से अधिक समय नेट पर बिताया

**ब्रिजटाउन (बारबडोस), एजेंसी**



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकारा कि टी20 विश्व कप का सुपर आठ चरण थोड़ा व्यस्त होने वाला है, लेकिन उनके खिलाड़ी इसके लिए तैयार हैं क्योंकि उनमें कुछ खास करने को लेकर वास्तविक उत्सुकता है। भारत अपने सुपर आठ अभियान की शुरुआत 20 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ करेगा।

टीम इसके बाद बांग्लादेश (22 जून को एंटीगा) और ऑस्ट्रेलिया (24 जून को सेंट लूसिया) के खिलाफ खेलेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से अपलोड किए गए वीडियो में रोहित ने कहा कि पहला मैच खेलने के बाद हम अगले दो मैच तीन या चार दिन के अंतराल में खेलेंगे। भारतीय कप्तान ने कहा कि यह थोड़ा व्यस्त होने वाला है, लेकिन हम इन सभी चीजों के आदी हो चुके हैं। हम बहुत यात्रा करते हैं और बहुत खेलते हैं इसलिए यह कभी बहाना नहीं बनने वाला। भारतीय टीम ने सोमवार को लंबे अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया जिसमें विराट कोहली और रोहित जैसे सीनियर खिलाड़ियों ने सामान्य से अधिक समय नेट पर बिताया। रोहित ने कहा कि टीम में कुछ खास करने को लेकर बहुत उत्सुकता है। यह दूसरे चरण की शुरुआत करने का एक अच्छा तरीका है। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि हर कोई अंतर पैदा करना चाहता है और हम अपने कौशल सत्रों को काफी गंभीरता से लेते हैं।

**20 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ होगी भारत की सुपर आठ की शुरुआत**

उन्होंने कहा कि हर कौशल सत्र में हासिल करने के लिए कुछ होता है। आयोजकों द्वारा इस्तेमाल की गई ड्रॉप इन पिचों (दूसरे स्थान पर तैयार करके लाई गई पिच) के कारण भारतीय टीम को अमेरिकी चरण के दौरान प्रतिकूल बल्लेबाजी परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। रोहित ने कहा कि सुपर आठ में हर मैच हमारे लिए बहुत ही खास है। कैरेबियाई चरण अपने साथ परिस्थितियों से पहचान की भावना लेकर आता है और उनकी टीम इसका अधिकतम लाभ उठाने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा कि हमने यहां बहुत सारे मैच देखे हैं, हमने यहां बहुत सारे मैच खेले हैं। इसलिए हर कोई समझता है कि परिणाम को अपने पक्ष में करने के लिए क्या करना है। भारतीय टीम ने लीग चरण में आयरलैंड, पाकिस्तान और अमेरिका को हराया जबकि कनाडा के खिलाफ उनका अंतिम ग्रुप मैच फ्लोरिडा में गीली आउटफील्ड के कारण रद हो गया।

# महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं कुलदीप यादव : फ्लेमिंग





**नई दिल्ली, एजेंसी**

न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग का मानना है कि टी20 विश्व कप के सुपर 8 में वेस्टइंडीज की पिचों से टर्न मिलने की संभावना है और ऐसे में विकेट लेने की क्षमता के कारण बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव भारत के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। भारत अभी तक टूर्नामेंट में तीन तेज गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह तथा दो स्पिनरों रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल के साथ मैदान में उतरा है।

फ्लेमिंग ने कहा कि अगर विकेटों से टर्न मिलता है जैसा कि टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ उम्मीद की जा रही है, तो फिर कुलदीप इसमें विकेट लेने की अतिरिक्त क्षमता जोड़ सकते हैं। उनके पास अभी दोनों तरह के संयोजन आजमाने का मौका है जो कि अच्छा है लेकिन खेल में आप लकीर का फकीर बनकर नहीं रह सकते जिससे कि आप परिस्थितियों का फायदा उठाने से चूक जाओ। भारत को सुपर 8 में अपना पहला मैच गुरुवार को बारबाडोस में अफगानिस्तान के खिलाफ खेलना है। भारत अभी तक बाएं हाथ के दो स्पिनर के साथ उतरा है। इनमें अक्षर को सफलता मिली, लेकिन जडेजा तीन मैच में तीन ओवर ही करे। वे एक ही तरह के कौशल वाले गेंदबाज हैं लेकिन उनमें भिन्नता भी है।

# सुपर-8 का पहला मुकाबला आज

## दक्षिण अफ्रीका को मिल सकती है कड़ी टक्कर

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी**

दक्षिण अफ्रीका के विश्व स्तरीय बल्लेबाज बुधवार को यहां टी20 विश्व कप के अपने शुरुआती सुपर आठ मैच में आत्मविश्वास से भरे अमेरिका के खिलाफ अपनी ताकत दिखाने उतरेंगे तो टीम के पास गलती करने की कोई गुंजाइश नहीं होगी। दक्षिण अफ्रीका की टीम अब तक टूर्नामेंट में अजेय रही है और उसके गेंदबाजों ने सभी चार मैच में शानदार प्रदर्शन किया है। न्यूयॉर्क के चुनौतीपूर्ण विकेट पर तीन मैच और किंग्सटाउन में एक मैच खेलते हुए अफ्रीका ने एक बार भी 120 रन के आंकड़े को पार नहीं किया है।

उनका बल्लेबाजी प्रदर्शन उस टीम की छवि पेश नहीं करता जिसमें क्विंटन डिकॉक, हेनरिक क्लासेन, ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर जैसे कुछ बड़े हिटर हैं। लेकिन फिर भी डिकॉक, रीजा हेंड्रिक्स और कप्तान एडेन मार्कराम की मौजूदगी वाले शीर्ष क्रम पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव होगा। दक्षिण अफ्रीका अपने पिछले मैच में नेपाल के खिलाफ सिर्फ एक रन से जीता था और गत चैंपियन इंग्लैंड तथा मेजबान वेस्टइंडीज की मौजूदगी वाले ग्रुप दो में होने के कारण वह अमेरिका को हल्के में नहीं ले सकता। टीम सुपर आठ चरण में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ करना चाहेगी। विश्व कप से पहले अफ्रीका की सबसे बड़ी चिंता एनरिच नोर्किया की खराब फॉर्म थी लेकिन इस स्टार तेज गेंदबाज ने ग्रुप चरण में शानदार प्रदर्शन किया और अभी नौ विकेट लेकर टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से दूसरे सबसे सफल गेंदबाज हैं।

**टीमें इस प्रकार हैं:**

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डिकॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिच नोर्किया, कागिसो रबादा, रेयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी और ट्रिस्टन स्टब्स।

**अमेरिका :** मोनांक पटेल (कप्तान), आरोन जोन्स, एंड्रीज गौस, कोरी एंडरसन, अली खान, हरमीत सिंह, जेसी सिंह, मिलिंद कुमार, निसर्ग पटेल, नितीश कुमार, नोशतुश केंजीगे, सौरभ नेत्रवलकर, शैडली वान शल्कविक, स्टीवन टेलर, शायन जहांगीर। **समय :** मैच भारतीय समयानुसार रात आठ बजे शुरू होगा।

# टी20 विश्व कप के बाद संन्यास लेंगे डेविड वार्नर

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी ।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर इस बात से राहत महसूस कर रहे हैं कि वे टी20 विश्व कप के बाद संन्यास ले लेंगे। उन्हें उम्मीद है कि वास्तविक क्रिकेट प्रेमी उन्हें ऐसे खिलाड़ी के रूप में देखेंगे, जिसने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से खेल को बदलने की कोशिश की जबकि वह एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिसे आलोचनाओं से जूझना पड़ा। इस साल की शुरुआत में टेस्ट और एकदिवसीय प्रारूप से संन्यास लेने वाले वार्नर अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे विश्व कप के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगे।

सैंतीस साल के वार्नर को 2018 के सैंडपेपर गेट प्रकरण में शामिल होने के कारण क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक साल के लिए प्रतिबंधित किया था, लेकिन राष्ट्रीय टीम में वापसी के बाद से उन्हें काफी सफलता मिली। वार्नर ने कहा कि वापसी करते हुए 2018 से मैं शायद अकेला ऐसा खिलाड़ी रहा हूं जिसने बहुत आलोचना झेली है। उन्होंने कहा कि जब मैं वापस आया तो मेरे लिए चीजें आसान नहीं थी और मुझे यह पता था। मैंने अपने करियर में काफी कुछ झेला है। मैं शायद अकेला ऐसा खिलाड़ी रहा हूं जिसने बहुत आलोचना झेली है, चाहे वे लोग हों जो ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम को पसंद नहीं करते या मुझे पसंद नहीं करते। वार्नर ने सभी प्रारूपों में 49 शतक और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 19000 रन बनाए हैं। वह यहां बांग्लादेश के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के सुपर आठ मुकाबले से पहले बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा से ही ऐसा व्यक्ति रहा हूं जिसने इसका सामना किया है। मुझे हमेशा ऐसा लगता है कि मैंने बहुत से लोगों से बहुत दबाव कम किया है और मुझे लगता है कि मैं इसे झेलने में सक्षम रहा हूं।

# पूरन की धमाकेदार पारी से वेस्टइंडीज जीता

**ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया), एजेंसी**




निकोलस पूरन ने छक्के जड़ने के अपने कौशल का नमूना पेश किया, जिससे वेस्टइंडीज ने टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के अपने अंतिम मैच में अफगानिस्तान को 104 रन से करारी शिकस्त दी। दोनों टीम पहले ही सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर चुकी थी और इस मैच से ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली टीम का निर्धारण होना था।

दो बार के चैंपियन वेस्टइंडीज ने पांच विकेट पर 218 रन बनाए, जिसमें पूरन ने 53 गेंद पर 98 रन का योगदान दिया। उन्होंने अपनी पारी में छह चौके और आठ छक्के लगाए। अफगानिस्तान की टीम इसके जवाब में 16.2 ओवर में 114 रन पर आउट हो गई। उसकी तरफ से इब्राहिम जादरान ने सर्वाधिक 38 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए ओबेद मैकॉय ने 14 रन देकर तीन, अकील हुसैन ने 21 रन देकर दो और गुडाकेश मोती ने 28 रन देकर दो विकेट लिए। वेस्टइंडीज के कप्तान रोवमैन पॉवेल ने मैच के बाद कहा कि हम जानते थे कि यहां का विकेट अच्छा है। गयाना और त्रिनिदाद के बाद बल्लेबाज यहां आकर रन बनाना चाहते थे। पूरन में कड़ी मेहनत की है और पिछले 12 महीने में अच्छा प्रदर्शन किया है। यह देखकर अच्छा लगा कि वह फ्रेंचाइजी क्रिकेट ही नहीं वेस्टइंडीज की तरफ से भी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। अफगानिस्तान ने तीन मैच में विरोधी टीमों को 100 रन तक नहीं पहुंचने दिया था, लेकिन इस मैच में कप्तान राशिद खान का पहले गेंदबाजी करने का फैसला पूरन ने गलत साबित कर दिया। वेस्टइंडीज की तरफ से पूरन के अलावा सलामी बल्लेबाज जॉनसन चार्ल्स (43), शाई होप (25) और पॉवेल (26) ने भी योगदान दिया। अफगानिस्तान के गुलबदीन नैब सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने दो ओवर में 14 रन देकर दो विकेट लिए। अफगानिस्तान की तरफ से सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान (38), अजमतुल्लाह उमरजई (23) और करीम जनत (14) ने रन बनाने की कोशिश की लेकिन लक्ष्य बड़ा था। अफगानिस्तान के कप्तान राशिद ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि इस हार का हम पर प्रभाव पड़ेगा। हम जो चाहते थे हमने उसे हासिल किया। हम सुपर आठ में जगह बनाने में सफल रहे। मैच अलग-अलग पिचों पर हो रहे हैं और हमें उनसे सामंजस्य बिठाना होगा। इस स्तर पर पराजय एक अच्छा सबक है। यह हमारे लिए करो या मरो वाला मैच नहीं था। हम इसके सकारात्मक पहलुओं पर गौर करेंगे जैसे की फील्डिंग और बीच के ओवरों की गेंदबाजी। पूरन ने अपनी पारी के दौरान अजमतुल्लाह उमरजई के एक ओवर में तीन छक्के और एक चौका लगाया।

**टी-20 विश्वकप अंक तालिका**

| ग्रुप ए | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट | रद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत (क्वा) | 4 | 3 | 0 | 7 | 1.137 | 1 |
| अमेरिका (क्वा) | 4 | 2 | 1 | 5 | 0.127 | 1 |
| पाकिस्तान (बा) | 4 | 2 | 2 | 4 | 0.294 | 0 |
| कनाडा (बा) | 4 | 1 | 2 | 3 | -0.493 | 1 |
| आयरलैंड (बा) | 4 | 0 | 3 | 1 | -1.293 | 1 |
| **ग्रुप बी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| ऑस्ट्रेलिया (क्वा) | 4 | 4 | 0 | 8 | 2.791 | 0 |
| इंग्लैंड (क्वा) | 4 | 2 | 1 | 5 | 3.611 | 1 |
| स्कॉटलैंड (बा) | 4 | 2 | 0 | 5 | 1.255 | 1 |
| नामीबिया (बा) | 4 | 1 | 3 | 2 | -2.585 | 0 |
| ओमान (बा) | 4 | 0 | 4 | 0 | -3.062 | 0 |
| **ग्रुप सी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| वेस्टइंडीज (क्वा) | 4 | 4 | 0 | 8 | 3.257 | 0 |
| अफगानिस्तान (क्वा) | 4 | 3 | 1 | 6 | 1.835 | 0 |
| न्यूजीलैंड (बा) | 4 | 2 | 2 | 4 | 0.415 | 0 |
| युगांडा (बा) | 4 | 1 | 3 | 2 | -4.510 | 0 |
| पापुआ न्यू गिनी (बा) | 4 | 0 | 4 | 0 | -1.268 | 0 |
| **ग्रुप डी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| द. अफ्रीका (क्वा) | 4 | 4 | 0 | 8 | 0.470 | 0 |
| बांग्लादेश (क्वा) | 4 | 3 | 1 | 6 | 0.616 | 0 |
| श्रीलंका (बा) | 4 | 1 | 2 | 3 | 0.863 | 1 |
| नीदरलैंड (बा) | 4 | 1 | 3 | 2 | -1.358 | 0 |
| नेपाल (बा) | 4 | 0 | 3 | 1 | -0.542 | 1 |

# पेरिस ओलंपिक में नहीं खेलेंगी सबालेंका और ओन्स जाबूर

**बर्लिन, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका और दो बार की विंबलडन फाइनलिस्ट ओन्स जाबूर पेरिस ओलंपिक से हट गई हैं। इन दोनों खिलाड़ियों ने कहा कि वे घास के कोर्ट पर होने वाले विंबलडन के तुरंत बाद क्लेकोर्ट पर नहीं खेलन चाहतीं। बेलारूस की विश्व में तीसरे नंबर की खिलाड़ी सबालेंका ने कहा कि वह पेरिस ओलंपिक में खेलने के बजाय आराम करना चाहेंगी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम बहुत व्यस्त है और मैंने अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर यह फैसला किया। मैं अगली प्रतियोगिताओं के लिए शारीरिक और स्वास्थ्य स्तर पर तैयार होने के लिए आराम करने को प्राथमिकता दूंगी। ट्यूनीशिया की विश्व में 10वें नंबर की खिलाड़ी जाबूर ने एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा कि लगातार चौथे ओलंपिक में नहीं खेल पाना दुर्भाग्यपूर्ण है। हमने फैसला किया कि कोर्ट में अचानक बदलाव करने और शरीर का भिन्न परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने से मेरे घुटने को लेकर जोखिम बढ़ सकता है। मुझे किसी भी प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करना पसंद है लेकिन मुझे अपने शरीर का ध्यान रखना होगा और चिकित्सा टीम की सलाह माननी होगी।

# फ्रांस ने ऑस्ट्रिया को 1-0 से हराया

**डसेलडोर्फ, एजेंसी**




मैक्सिमिलियन वोबर के आत्मघाती गोल की मदद से फ्रांस ने यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में ऑस्ट्रिया को 1-0 से पराजित किया लेकिन इस मैच में उसके स्टार स्ट्राइकर काइलिन एमबापे की नाक में चोट लग गई और उनका टूर्नामेंट में आगे खेलना संदिग्ध है। एमबापे ग्रुप डी के इस मैच के अंतिम क्षणों में गेंद पर नियंत्रण बनाने के प्रयास में ऑस्ट्रिया के केविन डांसो से टकरा गए। इससे उनकी नाक से खून बहने लगा और वह सूज गई। एमबापे को इस कारण मैदान छोड़ना पड़ा।

फ्रांस के कोच डिडिएर डेसचैम्प्स ने एमबापे के आगे के मैचों में खेलने के संबंध में कहा कि अभी हमारे हाथ में कुछ नहीं है। अभी हमें यह पता नहीं है कि उनकी चोट कितनी गंभीर है। वह टूर्नामेंट में आगे खेल पाएंगे या नहीं अभी इसका जवाब मेरे पास नहीं है। फ्रांस के मिडफील्डर एनगोलो कांटे ने कहा कि एमबापे के चोटिल हो जाने से हम सभी चिंतित हैं। हमें पता नहीं है कि स्थिति अभी कैसी है। हम यही उम्मीद कर रहे हैं कि चोट गंभीर न हो और वह बाकी टूर्नामेंट के लिए टीम में बने रहें। चोटिल होने से पहले एमबापे पर सभी की निगाह टिकी थी।

ऑस्ट्रिया ने उन्हें खुलकर नहीं खेलने दिया, लेकिन टीम को जीत दिलाने में उन्होंने अपनी भूमिका निभाई।। वोबर ने 38वें मिनट में एमबापे का शॉट रोकने के प्रयास में ही आत्मघाती गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इससे डेसचैम्प्स ने फ्रांस का कोच रहते हुए जीत का शतक भी पूरा किया। फ्रांस ने अभी तक दो बार यूरोपीय चैंपियनशिप जीती है लेकिन उसे 2000 के बाद अपने पहले खिताब का इंतजार है। रोमानिया इस ग्रुप में शीर्ष पर है। उसने एक अन्य मैच में यूक्रेन को 3-0 से हराया जो उसकी यूरोपीय चैंपियनशिप में पिछले 24 वर्षों में पहली जीत है।

# सीएसी ने गंभीर का साक्षात्कार लिया

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर का मंगलवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के पद के लिए साक्षात्कार लिया। यह साक्षात्कार 'जूम कॉल' पर हुआ, जिसमें गंभीर और अशोक मल्होत्रा दोनों ऑनलाइन शामिल हुए। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया कि हां, गंभीर सीएसी के साथ साक्षात्कार के लिए उपस्थित हुए। माना जा रहा है कि गंभीर एकमात्र उम्मीदवार हैं जो दावेदारी में हैं और उनके नाम की घोषणा महज औपचारिकता है जो अगले 48 घंटों में हो सकती है। सीएसी के अध्यक्ष मल्होत्रा और उनके सहयोगियों जतिन परांजपे और सुलक्षणा नाइक के साथ गंभीर की बातचीत के बारे में तुरंत पता नहीं चल पाया है। परांजपे और सुलक्षणा दोनों मुंबई में रहते हैं। माना जा रहा है कि चर्चा अगले तीन वर्षों के लिए गंभीर की रणनीति पर केंद्रित थी जिस दौरान विभिन्न प्रारूपों में तीन आईसीसी टूर्नामेंट होने हैं।

# अजेय बढ़त बनाने उतरेगी भारतीय टीम

**बेंगलुरु, एजेंसी**

पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साहित भारतीय महिला टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बनाने की कोशिश करेगी। भारत ने पहले मैच में 143 रन से जीत दर्ज की लेकिन टीम कुछ खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर चिंतित होगी। भारत ने पहला मैच स्मृति मंधाना के शतक और स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत जीता। बल्लेबाजी में उसकी कुछ कमजोरियां खुलकर सामने आई।

भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा का वनडे में खराब प्रदर्शन है। उन्होंने वनडे में अपना आखिरी अर्धशतक 2022 में लगाया था। पिछले छह मैच में वह दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाई। उन्हें टीम ने जगह बनाए रखने के लिए बड़ी पारी खेलने की जरूरत है। कप्तान हरमनप्रीत कौर का बल्ला भी नहीं चल रहा है। 5 मैच में उन्होंने 14, 9, 5, 3 और 10 रन बनाए। चोट से उबर कर वापसी करने वाली शीर्ष क्रम की एक अन्य बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स भी प्रभावित करने में नाकाम रही।

इन सभी को मंधाना से सीख लेने की जरूरत है जिन्होंने वनडे में छठा शतक लगाया। उन्होंने फरवरी 2022 के बाद वनडे में सात अर्धशतक और दो शतक लगाए हैं। टीम को उनसे एक और बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी। गेंदबाजों में अपना पहला मैच खेल रही लेग स्पिनर आशा शोभना ने 21 रन देकर चार विकेट लिए लेकिन टीम प्रबंधन तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर की फिटनेस को लेकर चिंतित होगा जो अफ्रीका की पारी के दौरान 18वें ओवर में मैदान छोड़कर चली गई थी। उनके नहीं खेलने पर अरुंधति रेड्डी को टीम में लिया जा सकता है। जहां तक अफ्रीका का सवाल है तो अगर उसे श्रृंखला जीवंत रखती है तो उसके बल्लेबाजों को भारतीय स्पिनरों का सामना करना होगा। पिछले मैच में भारतीय स्पिनरों आशा, दीप्ति शर्मा और राधा यादव ने मिलकर सात विकेट लिए थे।

**मंधाना बल्लेबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर**



**दुबई।** भारत की उपकप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को जारी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दो पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गई। बाएं हाथ की सलामी बल्लेबाज मंधाना ने घरेलू मैदान पर अपना पहला शतक जड़ते हुए 117 रन की मैच विजयी पारी खेली और तीन मैचों की श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका पर भारत की 143 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई। मंधना के 715 अंक हैं और वह श्रीलंका की चामरी अटापट्टू से पीछे हैं जिन्होंने इंग्लैंड की नताली स्काइवर-ब्रंट को अपनी नंबर एक रैंकिंग गंवा दी थी। इंग्लैंड की ऑलराउंडर स्काइवर-ब्रंट ने पिछले महीने पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 124 रन की शानदार पारी खेलकर अपना नंबर एक स्थान फिर हासिल किया। भारत की सीनियर ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा तीन पायदान ऊपर चढ़कर 20वें स्थान पर पहुंच गई है जबकि पूजा वस्त्राकर तीन पायदान ऊपर 38वें स्थान पर हैं। ऑलराउंडरों की सूची में वस्त्राकर ने सबसे लंबी छलांग लगाई है। यह 24 वर्षीय खिलाड़ी चार पायदान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका की अनुभवी खिलाड़ी मारिजाने कैप एकदिवसीय ऑलराउंडर की रैंकिंग में नंबर एक पर बनी हुई हैं। एकदिवसीय गेंदबाजी सूची में दीप्ति ने श्रृंखला के पहले मैच में 10 रन पर दो विकेट चटकाकर एक स्थान का सुधार करते हुए चौथा स्थान हासिल किया। इंग्लैंड की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन ने शीर्ष पर अपनी मजबूत बढ़त बनाए रखी है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

## युद्ध का समर्थन करने पर की उत्तर कोरिया की प्रशंसा

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन में मॉस्को के युद्ध का 'दृढ़ता से समर्थन' करने के लिए उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन की प्रशंसा की है। पुतिन मंगलवार को जोंग-उन से मिलने प्योंगयांग पहुंचे। यह उनकी साल 2000 के बाद से पहली प्योंगयांग यात्रा है।

उत्तर कोरिया की सत्तारूढ़ पार्टी के मुखपत्र रोडोंग सिनमुन में छपे एक लेख में राष्ट्रपति पुतिन ने कहा है कि उन्होंने अमेरिकी दबाव, ब्लैकमेल और सैन्य धमकियों के बावजूद अपने हितों की रक्षा के लिए प्योंगयांग के प्रयासों का समर्थन करने का प्रण लिया है। पिछले साल पुतिन ने कहा था कि उत्तर कोरिया के साथ सैन्य सहयोग की संभावनाएं दिखाई देती हैं।

# लोकसभा अध्यक्ष पद को लेकर एनडीए की बैठक

नई दिल्ली, एजेंसी

- बैठक में संसद के आगामी सत्र की रणनीति पर भी चर्चा किए जाने की संभावना

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शीर्ष नेताओं की 18वीं लोकसभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार के नामों पर चर्चा करने के लिए मंगलवार शाम यहां रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर एक बैठक हुई। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, भूपेंद्र यादव, मनोहर लाल, धर्मेंद्र प्रधान, किरेन रीजीजू, एस जयशंकर, वीरेंद्र कुमार और अन्नपूर्णा देवी शामिल हुए। जदयू के राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के चिराग पासवान सहित एनडीए के घटक दलों के कुछ नेता भी मौजूद थे। सिंह और पासवान केंद्र सरकार में मंत्री भी हैं।

अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा। इस दौरान निचले सदन के नए सदस्य शपथ लेंगे और फिर 26 जून को लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा। सूत्रों ने बताया कि बैठक में संसद के आगामी सत्र की रणनीति पर भी चर्चा किए जाने की संभावना है। इस बीच, सूत्रों ने बताया कि इस साल के अंत में राज्य में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी की रणनीति पर चर्चा करने के लिए महाराष्ट्र भाजपा कोर समूह की एक अलग बैठक पार्टी मुख्यालय में होगी।



# लोकसभा अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होना है। इस पद की शक्तियां और गरिमा को देखते हुए एनडीए गठबंधन के अन्य दल भी इसकी मांग कर रहे हैं। वहीं 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन की ताकत बढ़ने से वह भी इस पद पर अपना उम्मीदवार उतारने को लेकर तैयारी कर रहे हैं। आइए जानते हैं कि देश में लोकसभा अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया कैसी होती है।

### अब तक के निर्वाचित लोकसभा अध्यक्ष

जी.वी. मावलंकर, एम. ए. अय्यंगर, सरदार हुकम सिंह, एन संजीव रेड्डी, जी एस ढिल्लों, बाली राम भगत, के. एस. हेगड़े, बलराम जाखड़, रवि राय, शिवराज वी पाटिल, पी. ए. संगमा, जी.एम बालयोगी, मनोहर जोशी, सोमनाथ चटर्जी, मीरा कुमार, सुमित्रा महाजन, ओम बिरला।

### कैसे होता है चुनाव

सत्ताधारी दल के सदस्य ही स्पीकर पद के लिए चुने जाते हैं। लोकसभा अध्यक्ष के लिए स्पीकर को सदन का सदस्य होना आवश्यक है। परंपरा के अनुसार सत्ताधारी पार्टी अन्य दलों के नेताओं के साथ विचार-विमर्श के बाद अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार की घोषणा करती है। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री या प्रधानमंत्री अध्यक्ष पद के लिए नाम का प्रस्ताव रखते हैं। फिर सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुन लिए जाते हैं।

### कैसे हटाया जा सकता है

स्पीकर का कार्यकाल लगभग 5 साल का होता है। लोकसभा के भंग होने के बाद भी वह अपने पद पर बना रहता है। नियमों के मुताबिक, लोकसभा के भंग होने के बाद से अगली लोकसभा की पहली बैठक तक स्पीकर अपना पद खाली नहीं करेगा। हालांकि, स्पीकर के 5 साल से पहले ही हट जाने या हटाए जाने का प्रावधान संविधान में दिया हुआ है।

### क्या होती हैं शक्तियां

लोकसभा अध्यक्ष सदन की बैठकों की अध्यक्षता करते हैं। उन पर सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से संचालित करने की जिम्मेदारी होती है। सदन के अध्यक्ष ही सदस्यों को बोलने की अनुमति देते हैं और उनके वक्तव्य का समय निर्धारित करते हैं। इसके अलावा अगर कोई सदस्य सदन की कार्यवाही में बाधा उत्पन्न करता है तो अध्यक्ष उसकी सदस्यता भी निलंबित कर सकते हैं। किसी प्रस्ताव पर वोटिंग के समय भी स्पीकर की भूमिका बेहद अहम हो जाती है। अगर किसी विधेयक पर पक्ष और विपक्ष, दोनों ओर से समान संख्या में मत पड़ते हैं तो ऐसी स्थिति में लोकसभा स्पीकर के पास वोट करने का अधिकार होता है।

## एक नजर

### इक्वाडोर में बाढ़ के कारण 126 लोग बेघर

**क्विटो।** इक्वाडोर में खराब मौसम और बाढ़ के कारण मध्य जून से लगभग 126 लोग बेघर हो गए हैं। राष्ट्रीय जोखिम प्रबंधन सचिवालय ने यह जानकारी दी। एजेंसी की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को देश के 24 प्रांतों में से 10 में लगभग 54 मौसम संबंधी आपदाएं दर्ज की गयीं। रिपोर्ट के अनुसार, सबसे ज्यादा होने वाली घटनाओं में भूस्खलन की 44.44 प्रतिशत और बाढ़ की 22.22 प्रतिशत घटनाएं हैं। इसमें कहा गया है कि अन्य बुनियादी ढांचों के अलावा तीन पुल नष्ट हो गए हैं और चार अन्य क्षतिग्रस्त हो गए हैं। सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक मध्यवर्ती प्रांत तुंगुराहुआ के रिसॉर्ट शहर बानोस डी अगुआ सांता में रविवार को भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन के बाद आठ लोगों की मौत हो गयी और 18 अन्य लापता हैं।

### वियतनाम में भूस्खलन से चार की मौत

**हनोई, एजेंसी।** वियतनाम के उत्तरी प्रांत बाक कान में एक पहाड़ी ढलान पर भूस्खलन होने से मंगलवार को तड़के चार लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया के अनुसार एक परिवार के पांच लोग पैक नाम जिले में एक पहाड़ी पर स्थित अपने घर में सो रहे थे। इस दौरान तड़के करीब 0:30 बजे यह घटना घटित हुई। भूस्खलन ने उनके घर को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। दुर्घटना में एक महीने के बच्चे सहित चार लोग दब गए, जबकि एक व्यक्ति बच गया। वियतनाम समाचार एजेंसी के अनुसार, सोमवार रात आठ बजे से मंगलवार सुबह 6:30 बजे तक क्षेत्र में 90 मिमी बारिश हुई। सामान्य सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार, जनवरी से मई तक प्राकृतिक आपदाओं के कारण 39 लोग मारे गए और कई लापता हुए हैं।

### ईरान में अस्पताल में लगी आग, नौ मरीजों की मौत

**तेहरान।** ईरान के उत्तरी हिस्से में स्थित एक अस्पताल में आग लग गई, जिसमें नौ मरीज़ों की मौत हो गई। सरकारी मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सरकारी टेलीविजन ने बताया कि राजधानी तेहरान से उत्तर-पश्चिम में लगभग 330 किलोमीटर (लगभग 205 मील) दूर रश्त शहर के कायम अस्पताल में स्थानीय समयानुसार कल देर रात एक बज कर करीब तीस मिनट पर आग लग गई, जिसमें छह महिलाओं और तीन पुरुषों की मौत हो गई। शहर के अग्निशमन विभाग के प्रमुख शाहराम मोमेनी ने सरकारी टीवी पर कहा कि बेसमेंट में बिजली का शॉर्ट सर्किट हुआ जिससे आग लग गई।

# दलाई लामा से मिलेंगी नैंसी पेलोसी

## अमेरिका के 6 सांसदों के डेलिगेशन के साथ दो दिवसीय भारत दौरे पर आईं

नई दिल्ली, एजेंसी



कांगड़ा हवाई अड्डे पर पहुंचीं पूर्व हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी।

अमेरिका की पूर्व हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी दो दिवसीय भारत दौरे पर दोपहर करीब साढ़े बारह बजे हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा एयरपोर्ट पर लैंड हुईं। भारत के दौरे पर वह धर्मशाला में तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा से मुलाकात करेंगी। उनके साथ अमेरिका के 6 सांसदों का प्रतिनिधिमंडल भी मौजूद है।

पेलोसी लंबे समय से तिब्बत की आजादी का समर्थन करती आई हैं। वह इससे पहले मई 2017 में भी दलाई लामा से मिलने भारत के दौरे पर आ चुकी हैं। तब चीन ने अमेरिका को तिब्बत मामले में दखल के खिलाफ चेतावनी दी थी। अमेरिका में 12 जून को तिब्बत से जुड़ा एक बिल पास किया गया था। इसमें कहा गया था कि अमेरिका दुनियाभर में तिब्बत को लेकर चीन के फैलाए गए झूठ का जवाब देगा। इस दौरान अमेरिकी अधिकारी चीन के तिब्बत को अपना हिस्सा बताने वाले दावों को भी खारिज करेंगे।

चीन और तिब्बत के बीच विवाद बरसों पुराना है। चीन कहता है कि तिब्बत तेरहवीं शताब्दी में चीन का हिस्सा रहा है इसलिए तिब्बत पर उसका हक है। तिब्बत चीन के इस दावे को खारिज करता है। 1912 में तिब्बत के धर्मगुरु और 13वें दलाई लामा ने तिब्बत को स्वतंत्र घोषित कर दिया था।

उस समय चीन ने कोई आपत्ति नहीं जताई, लेकिन करीब 40 सालों बाद चीन में कम्युनिस्ट सरकार आ गई। इस सरकार की विस्तारवादी नीतियों के चलते 1950 में चीन ने हजारों सैनिकों के साथ तिब्बत पर हमला कर दिया। करीब 8 महीनों तक तिब्बत पर चीन का कब्जा चलता रहा।

आखिरकार 1951 में तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा ने 17 बिंदुओं वाले एक समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए। इस समझौते के बाद तिब्बत आधिकारिक तौर पर चीन का हिस्सा बन गया। हालांकि दलाई लामा इस संधि को नहीं मानते हैं। उनका कहना है कि ये संधि दबाव बनाकर करवाई गई थी।

इस बीच तिब्बती लोगों में चीन के खिलाफ गुस्सा बढ़ने लगा। 1955 के बाद पूरे तिब्बत में चीन के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन होने लगे। इसी दौरान पहला विद्रोह हुआ जिसमें हजारों लोगों की जान गई। मार्च 1959 में खबर फैली कि चीन दलाई लामा को बंधक बनाने वाला है। इसके बाद हजारों की संख्या में लोग दलाई लामा के महल के बाहर जमा हो गए। आखिरकार एक सैनिक के वेश में दलाई लामा तिब्बत की राजधानी ल्हासा से भागकर भारत पहुंचे। भारत सरकार ने उन्हें शरण दी। चीन को ये बात पसंद नहीं आई। कहा जाता है कि 1962 के भारत-चीन युद्ध की एक बड़ी वजह ये भी थी।

### पेलोसी के ताइवान जाने पर 24 लड़ाकू विमानों ने किया था एस्कॉर्ट

चीन हमेशा से ही तिब्बत का साथ देने के लिए अमेरिका का विरोध करता आया है। ऐसे में नैंसी पेलोसी का यह दौरा विवाद को और बढ़ा सकता है। पेलोसी वही अमेरिकी नेता हैं, जिनके 2022 में ताइवान जाने पर चीन ने जंग की धमकी दी थी। तब नैंसी के प्लेन को अमेरिकी नेवी और एयरफोर्स के 24 एडवांस्ड फाइटर जेट्स ने एस्कॉर्ट किया था। इस दौरान चीन ने ताइवान को चारों तरफ से घेरकर युद्धाभ्यास भी किया था। नैन्सी पेलोसी ने 2008 के अपनी धर्मशाला यात्रा के दौरान कहा था कि तिब्बत में मानवाधिकारों की रक्षा के लिए अमेरिका अपने अभियानों को जारी रखेगा। उन्होंने 2019 में संसद में द तिब्बत पॉलिसी एक्ट पास कराने में मदद की थी। इस एक्ट के जरिए अमेरिका तिब्बत की पहचान को बचाने के लिए आवाज उठाता है। पेलोसी की वजह से ही अमेरिका में दलाई लामा का कद बढ़ा है।

## श्रीलंका की नौसेना ने चार भारतीय मछुआरे पकड़े

**कोलंबो।** श्रीलंका की समुद्री सीमा में मंगलवार तड़के कथित रूप से मछली पकड़ने को लेकर श्रीलंकाई नौसेना ने चार भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और उनकी नौका जब्त कर ली। इस साल ऐसी गिरफ्तारियों की संख्या बढ़कर 180 से अधिक हो गई है। श्रीलंकाई नौसेना ने कहा, भारतीयों द्वारा कथित रूप से मछली पकड़ने की हालिया घटना में मंगलवार तड़के जाफना प्रायद्वीप के उत्तरी डेल्फ्ट टापू के पास एक नौका जब्त कर ली तथा तथा चार मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# निखिल पर अमेरिका की अदालत में चलेगा मुकदमा

वाशिंगटन, एजेंसी

- सिख अलगाववादी की हत्या कराने की सुपारी देने का आरोपी है भारतीय नागरिक

अमेरिका में एक सिख अलगाववादी की सुपारी देकर हत्या कराने की साजिश में शामिल होने के आरोपी भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को अब अमेरिका की एक अदालत में मुकदमे का सामना करना पड़ेगा। अटॉर्नी जनरल मेरिक गार्लैंड ने यह जानकारी देते हुए कहा कि देश अपने नागरिकों को नुकसान पहुंचाने की कोशिशों को बर्दाश्त नहीं करेगा।

गुप्ता (53) को न्यूयॉर्क में खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश में शामिल होने के आरोप में अमेरिका सरकार के अनुरोध पर 30 जून, 2023 को चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था। उसे गत 14 जून को अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया था। गुप्ता के अटॉर्नी जेफ्री चाबरोवे के अनुसार, सोमवार को उसे मैनहट्टन संघीय अदालत में मजिस्ट्रेट न्यायाधीश जेम्स कॉट के समक्ष पहली पेशी के तहत प्रस्तुत किया गया, जहां उसने खुद को बेगुनाह बताया।

# पांच लाख अप्रवासियों को मिलेगी राहत

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन नागरिकता प्रदान करने को लेकर एक व्यापक कदम उठा रहे

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन चुनावी वर्ष में एक व्यापक कदम उठा रहे हैं। जिससे अब तक बिना किसी वैध स्थिति के देश में रह रहे लाखों अप्रवासियों को अमेरिकी नागरिकता मिलने का रास्ता साफ हो सकता है। इस कदम को महीने की शुरुआत में सीमा पर अपनायी गई आक्रामक नीति को संतुलित करने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। उनके आक्रामक रुख ने कई डेमोक्रेटिक सांसदों को नाराज कर दिया था।

अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस ने मंगलवार को घोषणा की कि बाइडन प्रशासन आने वाले महीनों में कानूनी स्थिति के बिना रह रहे अमेरिकी नागरिकों के कुछ जीवनसाथियों को स्थायी निवास और अंततः नागरिकता के लिए आवेदन करने की अनुमति देगा। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, इस कदम से पांच लाख से अधिक अप्रवासी लाभान्वित हो सकते हैं। नागरिकता प्राप्त करने के लिए, एक अप्रवासी सोमवार को पूरी हुई अवधि तक कम से कम 10 वर्षों से अमेरिका में रह रहा हो तथा उसका किसी अमेरिकी नागरिक से विवाह होना चाहिए। यदि किसी अर्हता प्राप्त अप्रवासी का आवेदन स्वीकृत हो जाता है, तो उसके पास ग्रीन कार्ड के लिए आवेदन करने के लिए तीन वर्ष का समय होगा।

# इटली के तट पर नाव हादसों में 11 की मौत, 66 लापता

रोम, एजेंसी

- व्यापारी जहाज़ ने 12 लोगों को बचाया और सहायता की

इटली के तटों के पास सोमवार को दो नाव दुर्घटनाओं में कम से कम 11 प्रवासियों की मौत हो गई, जबकि 66 अन्य लापता हैं। इटली के अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। अधिकारियों ने बताया कि इटली के तटों के पास प्रवासियों की दो नौकाओं के दुर्घटनाग्रस्त होने के कुछ घंटों बाद सोमवार को देर रात तक भूमध्य सागर में इटली के तट रक्षक द्वारा राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया।

दक्षिणी इटली में कैलाब्रिया के तट से लगभग 120 मील (193 किमी) दूर संकट में एक लकड़ी की नाव की खोज के बाद क्षेत्र में एक व्यापारी जहाज ने एसओएस कॉल किया, जिसके बाद प्रारंभिक बचाव कार्य शुरू किया गया। व्यापारी जहाज़ ने 12 लोगों को बचाया और इतालवी तट रक्षक जहाज़ के आने तक उनकी सहायता की। तट रक्षक के अनुसार, गंभीर चिकित्सा स्थितियों के कारण एक महिला की जहाज़ से उतरने के तुरंत बाद मृत्यु हो गई। तट रक्षक ने एक बयान में कहा, नौका दुर्घटना के बाद लापता लोगों की तलाश जारी है। तट रक्षक ने बताया कि कि दो इतालवी गश्ती नौकाएँ और एक एटीआर42 विमान वर्तमान में तलाश अभियान में शामिल हैं, और जल्द ही चिकित्सा टीमों के साथ एक और गश्ती जहाज़ क्षेत्र में उनके साथ शामिल हो जाएगा।

# थाईलैंड में समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने वाले विधेयक को मंजूरी

बैंकॉक, एजेंसी

थाईलैंड की नेशनल असेंबली (संसद) के उच्च सदन सीनेट ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने वाले एक विधेयक को मंगलवार को भारी बहुमत के साथ मंजूरी प्रदान कर दी। इसके साथ ही थाईलैंड दक्षिण-पूर्वी एशिया में ऐसा कानून लागू करने वाला पहला देश बन गया है।

सीनेट में विधेयक पर हुए मतदान के दौरान 152 सदस्य मौजूद थे, जिनमें से 130 सदस्यों ने विधेयक के पक्ष में मतदान किया जबकि चार सदस्यों ने इसके खिलाफ मतदान किया। सीनेट के 18 सदस्यों ने मतदान की प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लिया। अब इस विधेयक को थाईलैंड के राजा महा वजिरालोंगकोर्न की औपचारिक स्वीकृति मिलने की आवश्यकता है, जिसके बाद इसे सरकारी राजपत्र में प्रकाशित किया जाएगा। सरकारी राजपत्र 120 दिनों के भीतर एक तिथि निर्धारित करेगा, जब विधेयक कानून के रूप में लागू हो जाएगा। ताइवान और नेपाल के बाद थाईलैंड, समलैंगिक विवाह को अनुमति देने वाला एशिया का तीसरा देश बन जाएगा।

### थाईलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री थकसिन पर चलेगा मुकदमा



**बैंकॉक, एजेंसी।** थाईलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री थकसिन शिनावात्रा पर राजतंत्र को बदनाम करने के आरोप में मंगलवार को औपचारिक रूप से अभियोग दर्ज किया गया। इसके साथ ही इस तरह के बढ़ते अदालती मामलों ने थाईलैंड की राजनीति में अस्थिरता पैदा कर दी है। अटॉर्नी जनरल कार्यालय के प्रवक्ता प्रयुथ बेजरागुना ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि थकसिन ने सुबह नौ बजे से कुछ मिनट पहले अभियोजकों के समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और अभियोग प्रक्रिया पूरी की गई। थकसिन 18 वर्ष पहले सत्ता से बेदखल होने के बावजूद एक प्रभावशाली राजनीतिक हस्ती हैं। माना जा रहा है कि थकसिन एक कार में सवार होकर बैंकॉक के अपराध न्यायालय पहुंचे। हालांकि, वह संवाददाताओं से नहीं मिले।

# पाकिस्तान में ऊंट का पैर काटा, छह लोग गिरफ्तार

कराची, एजेंसी

- वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, बिलावल भुट्टो जरदारी दुबई से मंगवा रहे कृत्रिम पैर

पाकिस्तान के सिंध प्रांत में चारे की तलाश में एक खेत में घुसे ऊंट का पैर काटने के आरोप में जमींदार और उसके पांच नौकरों को गिरफ्तार किया गया है। इस घटना से स्तब्ध शीर्ष राजनेता ऊंट के लिए अब दुबई से कृत्रिम पैर की व्यवस्था कर रहे हैं।

पिछले सप्ताहांत संघर जिले के मुंड जमराव गांव में ऊंट का दाहिना पैर काटने के बाद कटे हुए पैर को हाथ में लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किये जाने के बाद रुस्तम शार और उसके पांच नौकरों को गिरफ्तार किया गया। पशु अधिकार संगठनों तथा लोगों ने इस क्रूर कृत्य के लिए कार्रवाई की मांग की। ऊंट के मालिक और किसान सूमर बेहान ने पुलिस को मामले की सूचना नहीं दी लेकिन मामला सामने आने के बाद अधिकारियों ने उनसे संपर्क किया।

सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह के निर्देश पर आश्रय स्थल का दौरा करने के बाद पशुधन सचिव काजिम जाटो ने कहा ऊंट को कराची स्थित व्यापक आपदा प्रतिक्रिया सेवा पशु आश्रय स्थल ले जाया गया। सचिव ने बताया कि सिंध सरकार ने ऊंट के इलाज का खर्च उठाने का वादा किया है और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी दुबई से ऊंट के लिए कृत्रिम पैर की व्यवस्था कर रहे हैं।

## बॉलीवुड हलचल

### 28 जून से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी शर्माजी की बेटी

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना की पत्नी ताहिरा कश्यप निर्देशित पहली फिल्म शर्माजी की बेटी 28 जून से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। शर्माजी की बेटी का प्रीमियर पिछले साल जियो मामी फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। अब इसके मेकर्स ने फिल्म के ग्लोबल प्रीमियर का ऐलान कर दिया है। इस फिल्म के साथ आयुष्मान खुराना की पत्नी ताहिरा कश्यप ने निर्देशन में अपना डेब्यू किया था। इस फिल्म में सैयामी खेर, साक्षी तंवर और दिव्या दत्त ने अहम भूमिका निभायी थी। इस फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला था। अब शर्माजी की बेटी को ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है। 28 जून को प्राइम वीडियो पर शर्माजी की बेटी स्ट्रीम होने वाली है। अप्लॉस एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत और एलिप्सिस एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन में बनीं फिल्म शर्माजी की बेटी को ताहिरा कश्यप ने लिखा और निर्देशित किया है। शर्माजी की बेटी पांच महिलाओं की लाइफ पर आधारित है। अरिस्ता मेहता, शारिब हाशमी, परवीन और वंशिका तपारिया भी इस फिल्म में नजर आएंगी।

### जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर थाईलैंड में शूटिंग करेंगे



**मुंबई, एजेंसी।** मैन ऑफ मासेस जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर थाईलैंड में देवरा के लिए मेलोडी की शूटिंग करेंगे। इस साल की सबसे प्रतीक्षित भारतीय फिल्मों में से एक, देवरा: पार्ट 1 सिनेप्रेमियों के बीच उत्साह पैदा कर रही है। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर और जान्हवी कपूर थाईलैंड के सुरम्य स्थानों में एक मधुर गीत की शूटिंग करेंगे। हाल ही में, एनटीआर जूनियर को भारी बारिश सहित चुनौतीपूर्ण मौसम की स्थिति में सैफ अली खान के साथ एक गहन एक्शन सीक्वेंस पूरा करने के बाद गोवा से लौटते हुए देखा गया था। यह एनटीआर जूनियर और जान्हवी कपूर के बीच पहली बार ऑन-स्क्रीन सहयोग है। देवरा 27 सितंबर 2024 को पांच भाषाओं में रिलीज होने वाली है। कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, देवरा दो भागों में प्रदर्शित होगी। यह फिल्म युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा निर्मित है, और नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत की गई है।

### 6 दिसंबर को रिलीज होगी अल्लू अर्जुन की पुष्पा-2

**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की आने वाली फिल्म पुष्पा : द रूल 06 दिसंबर को रिलीज होगी। अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा : द राइज ने बॉक्स-ऑफिस पर शानदार कमाई की थी। अब इस फिल्म का सीक्वल पुष्पा : द रूल बनाया जा रहा है। अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा : द रूल पहले 15 अगस्त को रिलीज होने वाली थी। कई दिनों से ऐसी खबरें आ रही थी कि फिल्म का काफी काम अब तक पूरा नहीं हुआ है। अब फिल्म की नई रिलीज डेट आ गई है। अल्लू अर्जुन ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्टर शेयर कर पुष्पा : द रूल की नयी रिलीज डेट बतायी है। पुष्पा : द रूल 06 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

## खगोल विज्ञान | एक तारे की मृत्यु का अवशेष है यह सुंदर निहारिका

# 1054 में हुई थी अद्भुत क्रैब नेबुला की उत्पत्ति

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** क्रैब नेबुला आसमान में नजर आने वाली सुंदर निहारिकाओं में निहायती खास जगह रखती है। अब इसके अतीत रहस्य छंटने शुरू हो गए हैं। यह मर चुके एक तारे का अवशेष है। इसकी उत्पत्ति 1054 में हुई थी।

क्रैब नेबुला वैज्ञानिकों व ब्रह्मांड में दिलचस्पी रखने वालों के आकर्षण के घेरे में रही है। इसके बारे में जानने को हर कोई जिज्ञासा रखता था, लेकिन अब यह कुहासा छटना शुरू हो गया है। नई जानकारी के मुताबिक इसके अतीत को समझने के लिए वैज्ञानिकों को जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप का सहारा लेना पड़ा। जिससे क्रैब नेबुला की उत्पत्ति की नई जानकारी सामने आई है। वैज्ञानिकों के अनुसार 6,500 प्रकाश वर्ष दूर स्थित क्रैब नेबुला एक सुपरनोवा का अवशेष है। सुपरनोवा विस्फोट 1054 ईसवी में हुआ था। यह भयानक विस्फोट था। जिसका प्रकाश दिन के उजाले में भी पृथ्वी से देखा गया था। अब यह गैस और धूल का एक फैलता हुआ आवरण है, और एक पल्सर द्वारा संचालित बाहर की ओर बहने वाली हवा है। क्रैब नेबुला असामान्य निहारिका है। इसकी संरचना ने सूपरनोवा विस्फोट की ऊर्जा ने खगोलविदों को यह सोचने के लिए प्रेरित किया था कि यह एक इलेक्ट्रॉन-कैप्चर सुपरनोवा था, जो एक दुर्लभ प्रकार का विस्फोट होता है। इसमें ऑक्सीजन, नियॉन और मैग्नीशियम से बना कम विकसित कोर होता है। वेब टेलीस्कोप अपनी संवेदनशील अवरक्त क्षमताओं के साथ इसके रहस्य उजागर कर रहा है। बहुत जल्द क्रैब के कुछ अन्य राज सामने आने की संभावना जताई गई है।



वेब टेलिस्कोप द्वारा ली गई क्रैब नेबुला की आकर्षक तस्वीर।

### अद्भुत है क्रैब नेबुला

**नैनीताल :** क्रैब नेबुला वास्तव में अद्भुत निहारिका है, जो केकड़े की आकृति के समान नजर आती है। अपनेआप में कई रंगों को समेटे हुए है, जो वृषव राशि मे स्थित है। तारों की मृत्यु को लेकर शोध करने वाले वैज्ञानिकों का यह प्रमुख आकर्षण है। अभी तक सैंकड़ों शोध इसपर हो चुके हैं। अंतरिक्ष दूरबीन वेब इसके भविष्य पर प्रकाश डालेगी।